रायपुर, गुरुवार, 19 मार्च 2026 कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 39 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

गुड़ी पाड़वा हिन्दू नववर्ष की बधाई

नवरात्रि में नारी शक्ति का संकल्प: शिक्षा, सामाजिक सुधार, जल संरक्षण और साइबर सुरक्षा के लिए करेंगी जागरूक

गांव-गांव पहुंचेगा जनजागरुकता संदेश

बालोद/नवप्रदेश। नवरात्रि के पावन अवसर पर जहां एक ओर देवी भक्ति का माहौल है, वहीं दूसरी ओर महिला कमाण्डो दल ने समाजहित में एक सराहनीय पहल करते हुए जनकल्याणकारी कार्यों का अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह दल पहले से ही सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने में सक्रिय रहा है और अब नवरात्रि में इसे व्यापक रूप देने जा रहा है।

सिंगापुर से मिला आमंत्रण, बढ़ा हौसला

विगत दिनों नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचीं नीतु गुजराल (सिंगापुर) महिला कमाण्डो के कार्यों से काफी प्रभावित हुईं। उन्होंने बालोद आकर महिला कमाण्डो से मुलाकात की इच्छा जताई और साथ ही सिंगापुर आने का आमंत्रण भी दिया, जिससे दल का उत्साह और बढ़ गया है।

नवरात्रि पर विशेष पृष्ठ 12 पर पढ़े...

सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण परेशानी में मिलेगी मदद

महिला कमाण्डो द्वारा नवरात्रि के दौरान अपने-अपने गांवों में विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस दौरान सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण देकर लोगों को आपदा से निपटने के लिए तैयार किया जाएगा। साथ ही सड़क सुरक्षा के तहत बाइक चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाएगा और नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाएगा।

साइबर सुरक्षा से लेकर जल संरक्षण तक पहल

महिला कमाण्डो समाज सुधार के साथ साइबर क्राइम से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करेंगी। घरों का पानी गलियों में न बहने पाए इसके लिए सोखता गड्ढा बनाने प्रेरित करेंगी। जल स्तर बनाए रखने के लिए किसानों को खेतों में तालाब निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

शिक्षा, सामाजिक सुधार और शांति का संदेश

महिला कमाण्डो द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कॉपी, पेन और पहाड़ा वितरित कर प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही घरेलू हिंसा रोकथाम, असामाजिक तत्वों पर गांधीवादी तरीके से नियंत्रण और समाज में एकता व भाईचारा बनाए रखने के प्रयास भी किए जाएंगे। उनका उद्देश्य गांव-गांव में शांति और सकारात्मक वातावरण स्थापित करना है।

बदलाव एक दिन में नहीं, लेकिन जरूर आएगा

नवरात्रि के अवसर पर जनकल्याणकारी कार्यों की शुरुआत की जा रही है, जिसे आगे भी लगातार जारी रखा जाएगा। बदलाव एक दिन में नहीं होगा, लेकिन एक दिन जरूर होगा।

– पद्मश्री शमशाद बेगम, दुर्ग

आज बेबाक

मोहब्बत और अदावत की तरह सियासत में भी सब जायज मानना भाजपाईयों ने कांग्रेस से ही सीखा है। अब वह भी नैतिकता से नाता तोड़कर खरीदफरोख्त के कारोबार में कांग्रेस को धोबी पछाड़ देने लगी है। राज्यसभा चुनाव में एनडीए ने खेला कर आईएनडीआईए को जोर का झटका जोर से देकर यह साबित कर दिया है कि जोड़ तोड़ की राजनीति में वह पीएचडी कर चुकी है। पैसा फेंको तमाशा देखो की नीति पर चलने लगी है। सियासत को तिजारत बनाने वालों पर सटीक बैठती हैं ये पंक्तियां - कैसी है विडम्बना कैसा ये संयोग, करोड़ों में बिक रहे दो कौड़ी के लोग।

गुजरात विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद/ए.। गुजरात में कई अहम स्थानों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह आए ईमेल के बाद गांधीनगर में विधानसभा को खाली करवाकर चेक किया। इसके साथ मुंद्रा पोर्ट पर सुरक्षा को अलर्ट किया गया। ईमेल में अहमदाबाद के स्कूलों में भी ब्लास्ट की धमकी दी गई है। ईमेल में कच्छ जिले के मुंद्रा पोर्ट पर खड़े एलपीजी टैंकर को मिसाइल से उड़ाने की भी धमकी दी गई है।

तंत्र-मंत्र के चक्कर में खुद का गला काटा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक शख्स ने तंत्र-मंत्र के चक्कर में चाकू से खुद का गला काट लिया। पूजा रूम में खून से लथपथ उसकी लाश देख बहू की चीखें निकल गईं। 4 महीने पहले भी उसने अपना हाथ काटा था। घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र की है। दरअसल, ग्राम जोंधरा निवासी चंदन नट (45) भीख मांगकर अपने और परिवार का गुजर-बसर करता था। रोज की तरह वो मंगलवार को भीख मांगने निकला था। शाम करीब 6 बजे वह घर लौटा। इस दौरान अपने बड़े भाई के साथ बैठकर बीड़ी पीते हुए काफी देर तक बातचीत की। भाई के जाने के बाद वह अपने घर के अंदर पूजा कमरे में चला गया।

दिल्ली-इंदौर में अग्निकांड : पालम में सुबह घर में लगी भीषण आग, इंदौर में वाहन चार्जिंग के दौरान शार्ट सर्किट, सिलेंडर हुए ब्लास्ट

दो घरों में भीषण आग, 17 जिंदा जले

नई दिल्ली। दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह जब अधिकतर लोगों की आंख भी नहीं खुली थी, वहां एक परिवार के लिए मौत की ज्वालामुखी फट चुकी थी। मेट्रो स्टेशन के पास एक पांच मंजिला इमारत में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग जान बचाने के लिए कूदने को मजबूर हो गए।

दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह जब अधिकतर लोगों की आंख भी नहीं खुली थी, वहां एक परिवार के लिए मौत की ज्वालामुखी फट चुकी थी। मेट्रो स्टेशन के पास एक पांच मंजिला इमारत में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग जान बचाने के लिए कूदने को मजबूर हो गए। वहीं मौके पर मौजूद रहे कुछ चश्मदीदों का दावा है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी को वहां पहुंचने में काफी वक्त लगा और जब आई भी तो उसकी हाईड्रोलिक मशीन ही नहीं खुली। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि मशीन ठीक होती तो संभवतः जानें बचाई जा सकती थीं।

न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में मौके पर सबसे पहले पहुंचने का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दिल्ली-इंदौर अग्निकांड पर मोदी का शोक, मृतकों के परिजनों को दो लाख, घायलों को 50 हजार मुआवजा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली और इंदौर में हुए दर्दनाक अग्निकांडों पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दोनों घटनाओं में कई लोगों की मौत हुई है, जिस पर प्रधानमंत्री ने संवेदना जताते हुए पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, प्रधानमंत्री ने इंदौर की घटना को लेकर कहा कि जान-माल के नुकसान से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इसी तरह दिल्ली के पालम इलाके में हुई आग की घटना को भी उन्होंने बेहद दुखद बताया और प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति प्रकट की। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मुआवजे की घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं, घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

इंदौर में ईवी चार्जिंग के दौरान घर जला, 8 की मौत, 4 घायल

इंदौर (नवप्रदेश) इंदौर में इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान (घर) को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। पुलिस के अनुसार, आग ने घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। अंतिम संस्कार के लिए मृतकों के शव श्मशान घाट लाए गए हैं। वहीं, बच्चे के शव को बॉक्स में रखकर लाया गया।

कोरबा में ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार, तीन युवकों की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक सवार 3 युवकों को रौंदते हुए ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने की वजह से तीनों युवक उसके नीचे दब गए। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि, ट्रक की तेज रफ्तार बना दुर्घटना का कारण बना। घटना पाली क्षेत्र के ग्राम नूनेरा की है। मिली जानकारी के मुताबिक, भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा एक लापरवाह और तेज रफ्तार ट्रक चालक की वजह से हुआ, जिसने मोटरसाइकिल सवार युवकों को कुचल दिया। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मौके पर चक्का जाम कर दिया है।

अस्पताल के सीवरेज टैंक में गिरे मजदूर, तीन की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित रामकृष्ण अस्पताल परिसर में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। परिसर में बने सीवरेज टैंक की सफाई करने उतरे तीन कर्मियों की दम घुटने से मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि जहरीली गैस की चपेट में आने से उनकी मौत हुई है। अस्पताल की घटना पर सीएम विष्णुदेव साय सख्त हुए। मंत्रालय में बैठक लेकर निर्देश दिए कि अब नगर निगम की बिना अनुमति सैप्टिक टैंक की सफाई नहीं होगी। इधर घटना के बाद से

अस्पताल परिसर में मृतक के परिजनों समेत बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और हंगामा करते हुए इस हादसे के लिए अस्पताल प्रबंधन और सफाई ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया।

'हिंदुओं को बांटने वाला यूजीसी नियम'

आवाज दबाने हिस्ट्रीशीटरों का इस्तेमाल कर रही रूलिंग पार्टी

बिलासपुर/ नवप्रदेश। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे, जहां उन्होंने राजनीतिक दलों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वे लगातार गौ रक्षा का मुद्दा उठा रहे हैं, लेकिन सरकारें इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।

उनकी आवाज को दबाने के लिए सत्तारूढ़ दल हिस्ट्रीशीटरों का सहारा ले रहे हैं। आवाज को सुनने के बजाय उसे दबाने की कोशिश की जा रही है। अविमुक्तेश्वरानंद ने यूजीसी कानून के नए नियमों को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि यूजीसी का नया कानून हिंदुओं को बांटने वाला है।

दरअसल, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एक कार्यक्रम में शामिल होने बेमेतरा गए थे। वहां से लौटते समय बिलासपुर में उन्होंने सत्तारूढ़ दलों पर निशाना साधा। अविमुक्तेश्वरानंद का कहना है कि वे लगातार गौ रक्षा की बात उठा रहे हैं, फिर भी सरकारें इस दिशा में ठोस कदम उठाने से बच रही है। योगी आदित्यनाथ को लेकर शंकराचार्य ने कहा कि उन्हें 40 दिन का समय दिया गया था, फिर भी वे खुद को साबित नहीं कर पाए। इस आधार पर उन्होंने कहा कि वे 'असली हिन्दू नहीं' हैं।

हिंदुओं के हित में काम करने की मंशा नहीं दिखती

यूजीसी के नए नियम पर शंकराचार्य ने कड़ा विरोध जताया। उन्होंने इसे 'हिंदुओं को बांटने वाला' और 'राष्ट्रद्रोह' करार दिया। शंकराचार्य ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में इस कानून का क्रियान्वयन नहीं होना चाहिए। सनातन धर्म पर टिप्पणी करते हुए अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि इसे किसी बाहरी लोगों से खतरा नहीं, बल्कि अंदर ही मौजूद 'कालनेमियों' से खतरा है। उत्तर प्रदेश की राजनीति पर उन्होंने आरोप लगाया कि वहां की नीयत केवल वोट हासिल करना है, हिंदुओं के हित में काम करने की मंशा नहीं दिखती।

युद्ध के बीच 'संकटमोचक' बना भारत

ईरान को भेजी जीवनरक्षक दवाइयां

तेहरान/ए.। मध्य पूर्व में जारी भारी युद्ध के बीच, भारत ने एक बड़ा मानवीय कदम उठाते हुए ईरान को चिकित्सा सहायता की अपनी पहली खेप भेजी है। यह सहायता ऐसे समय में पहुंची है जब ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रही जंग अपने 19वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। भारत द्वारा भेजी गई चिकित्सा आपूर्ति और दवाइयां बुधवार को राजधानी तेहरान में ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंप दी गई हैं।

ईरान ने जताया भारत का आभार: इस मदद के पहुंचने पर भारत में स्थित ईरानी दूतावास ने तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए भारत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईरान युद्ध के बीच 2.44 लाख भारतीय स्वदेश लौटे

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम एशिया की स्थिति पर विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम आर महाजन ने बताया कि इस संघर्ष में अब तक पांच भारतीय नागरिकों की मौत हुई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी से अब तक लगभग 2.44 लाख लोग क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि 28 फरवरी से अब तक लगभग 2.44 लाख लोग क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति पर विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने बताया कि इस संघर्ष में अब तक पांच भारतीय नागरिकों की मौत हुई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है।

लेबनान की राजधानी में गिरी इजरायली मिसाइल, 20 लोगों की मौत

नई दिल्ली/ए.। इजरायल ने अपने पड़ोसी देश लेबनान पर भीषण हमला किया है। बुधवार को उसने बिना किसी पूर्व सूचना के मिसाइल दाग दी, जिसमें एक बड़ी इमारत देखते ही देखते जमींदोज हो गई। इसका वीडियो भी दुनिया भर में तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना में 20 लोगों के मारे जाने की जानकारी मिली है। यही नहीं इजरायल का कहना है कि वह दक्षिणी लेबनान में हमला करने की तैयारी में था, लेकिन बेरुत में मिसाइल लॉन्च हो गई। ईरान से जारी जंग के बीच लेबनान में सक्रिय उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर हमले किए थे। 2 मार्च को हुई इस घटना के बाद लेबनान भी जंग में शामिल हो गया।

गरमा-गरम

सीएम साय सख्त: दबावपूर्वक मैनुअल स्केवेंजर्स का काम करवाने वालों पर की जाए कड़ी कार्यवाही

निगम की बिना अनुमति नहीं होगी सैप्टिक टैंक की सफाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य में जबरन दबावपूर्वक मैनुअल स्केवेंजर्स का कार्य करवाने वाले व्यक्तियों पर कड़ाई से कार्यवाही की जाए। उन्होंने सीवरेज सफाई के संबध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतर्गत केवल नगर निगम के माध्यम से अथवा पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से ही सीवरेज सफाई का कार्य करवाया जाए। साथ ही सफाई के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए, जिससे कोई भी अप्रिय घटना ना होने पाए।

मुख्यमंत्री साय ने आज अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध तथा उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में राज्य अनुश्रवण समिति की छत्तीसगढ विधानसभा स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता के दौरान ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंगलवार को रामकृष्ण अस्पताल परिसर में सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित वर्ग को हर संभव सहायता दी जाए। साथ ही घटना के जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अप्रिय घटना ना होने पाए।

अनुश्रवण समिति की सात साल में पहली बैठक: राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति के पुनर्गठन के बाद सात साल में यह पहली बैठक है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के परिपालन में गाइडलाइन अनुसार प्रदेश के समस्त जिलों में मैनुअल स्केवेंजर्स रिसर्वे करवाया गया है, जिसमें सभी जिला कलेक्टर द्वारा मैनुअल स्केवेंजर्स मुक्त का प्रमाण पत्र दिया गया है जो कि प्रदेश के लिए बहुत ही सम्मान एवं गौरव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एक वर्ष का कारावास, 50 हजार जुर्माने का प्रावधान

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि जबरन हाथ से मैला उठाने का कार्य करवाने वाले व्यक्तियों पर ऐक्ट में दंड का भी प्रावधान है, जिसमें एक वर्ष का कारावास अथवा पचास हजार तक जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में जागरूकता लाने के लिए उचित प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

15 महिलाओं की मौत पर डॉ. गुप्ता को 2 साल जेल

बिलासपुर नसबंदी कांड में 11 साल बाद फैसला, 5 आरोपी सबूत के अभाव में बरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के बहुचर्चित नसबंदी कांड मामले में करीब 11 साल 4 महीने बाद जिला कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। एडीजे कोर्ट बिलासपुर के न्यायाधीश शैलेश कुमार ने सर्जन डॉ. आरके गुप्ता को दोषी यानी गैर इरादतन हत्या के मामले में 2 साल की सजा और 25 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया है। इसके अलावा धारा 337 के तहत 6 महीन की सजा, 500 रुपए जुर्माना और एक अन्य धारा में 1 महीने की सजा भी सुनाई गई है। कोर्ट ने माना है कि, कम समय में अधिक ऑपरेशन करने और लापरवाही के कारण यह घटना हुई।

बता दें कि, नसबंदी कांड के बाद यह मामला राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहा था। घटना के बाद राहुल गांधी भी बिलासपुर पहुंचे थे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की थी। वहीं इस मामले में दवा सप्लाई से जुड़े महावर फार्मा और कविता फार्मास्यूटिकल्स के संचालकों समेत 5 आरोपी रमेश महावर, सुमित महावर, राकेश खरे, राजेश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

बागबाहरा में निकाली जाएगी 351 मीटर चुनरी यात्रा

महासमुंद/ नवप्रदेश। । छत्तीसगढ़ शिवसेना बागबाहरा द्वारा 25 मार्च को दुर्गा मंदिर से घुंचापाली चंडी माता मंदिर तक 351 मीटर चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में डीजे धुमाल में थिरकते हुए जय भवानी जय शिवाजी का जय घोष करते हुए शिव सैनिक मुख्य मार्ग से निकलकर चंडी मंदिर पहुंचेंगे। इस दौरान माता के दरबार में पूजा अर्चना कर मन्नत की चुनरी चढ़ाई जाएगी और क्षेत्र के लोगों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाएगी। इस दौरान शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। चुनरी यात्रा में बागबाहरा ब्लॉक के लगभग 60-70 गांव के लोग शामिल होंगे। साथ ही 28 मार्च को श्री राम जन्मोत्सव रायपुर में मनाई जाएगी। सभी जिले से झांकी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे, जिसकी अगुवाई प्रदेश प्रमुख धनंजय से परिहार करेंगे। इस जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव सेवक दास दीवान, जिलाध्यक्ष अजय बंजारे, जिला महासचिव इनकुमार लहरे, सिंपल दुआ, अशोक प्रधान जिला उपाध्यक्ष, बादल बंजारे विधान सभा अध्यक्ष, सरायपाली विधानसभा अध्यक्ष छबि मानिकपुरी, खल्लारी विधानसभा अध्यक्ष हरी चंद्राकर, कोमाखन मण्डल अध्यक्ष देवसरण निषाद, तुकेश साहू, जीवन लाल ध्रुव, द्वारिका रात्रे, मुकेश चौहान, प्रकाश मांझी आदि उपस्थित रहे।

अवैध खनिज उत्खनन पर सख्ती महासमुंद में 11 वाहन जब्त

महासमुंद/ नवप्रदेश। । जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 11 वाहनों को जब्त किया गया है। खनिज अधिकारी फगुलाल नागेश ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 मार्च को अवैध परिवहन के मामलों में फर्शी पत्थर से लदे 2 आईचर वाहन और चूना पत्थर से भरा 1 हाईवा वाहन पकड़ा गया। वहीं 16 मार्च को अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुरूम खनिज के अवैध उत्खनन में संलिप्त 2 जेसीबी लोडर और 6 हाईवा वाहन जब्त किए गए। इस तरह कुल 11 वाहन अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए गए। जब्त सभी वाहनों को सुरक्षा के मद्देनजर थाना तुमगांव और महासमुंद की अभिरक्षा में रखा गया है। विभाग द्वारा इन सभी मामलों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

नवरात्रि में गैस संकट, बम्लेश्वरी मंदिर में 2500 लोगों का भोजन लकड़ी पर तैयार

डोंगरगढ़/राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। नवरात्रि पर्व के दौरान जहाँ एक ओर प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति को लेकर पर्याप्त व्यवस्था होने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल उलट नजर आ रही है। माँ बम्लेश्वरी मंदिर में ड्यूटी पर तैनात लगभग 2500 पुलिसकर्मियों और ट्रस्ट से जुड़े लोगों के लिए भोजन गैस के बजाय लकड़ी पर बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, इतने बड़े स्तर पर सेवा दे रहे कर्मियों के लिए गैस जैसी आवश्यक सुविधा का अभाव कई सवाल खड़े कर रहा है। यह स्थिति तब सामने आई है जब प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर गैस सिलेंडर कहां जा रहे हैं और जरूरतमंदों तक क्यों नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ऋषि शास्त्री ने खाद्य अधिकारी, राजनांदगांव को लिखित शिकायत सौंपते हुए गैस आपूर्ति की जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इसे आवश्यक सेवाओं की अनदेखी बताते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में इस प्रकार की अव्यवस्था प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और कब तक व्यवस्था में सुधार होता है।

खाद्य लाइसेंस को आजीवन मान्यता देने के फैसले का कैट ने किया स्वागत

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। खाद्य लाइसेंस (स्नस्स्द्व) को आजीवन मान्यता देने के निर्णय का कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जिला राजनांदगांव ने स्वागत किया है। संगठन ने इसे व्यापारियों के लिए बड़ी राहत बताते हुए कहा कि यह लंबे समय से चली आ रही मांग थी। कैट पदाधिकारियों ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एफएसएसएआई के प्रगतिशील सुधारों से व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिला है, खाद्य सुरक्षा मजबूत हुई है तथा लाखों व्यापारियों को महत्वपूर्ण राहत मिली है। इस निर्णय के लिए संगठन ने सधन्यवादट्ठमोदीट्ठजी भी व्यक्त किया है।

व्यापारियों को मिलेगी बड़ी राहत- कैट पदाधिकारियों ने कहा कि अब तक खाद्य लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया में व्यापारियों को बार-बार कागजी कार्यवाही और विभागीय प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी। आजीवन मान्यता मिलने से इन जटिलताओं से मुक्ति मिलेगी और व्यापारी अपने व्यवसाय पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

व्यापार सुगमता को मिलेगा बढ़ावा- संगठन का मानना है कि इस निर्णय से व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए यह कदम विशेष रूप से लाभकारी साबित होगा, जिससे उनके कामकाज में सरलता आएगी और अनावश्यक प्रशासनिक दबाव कम होगा। कैट पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का मार्गदर्शन कर रहे बी सी भारतीया, सुनील सिंघी, अमर परवानी एवं प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व की भी सराहना की। इनकी मांग पर सरकार ने उपरोक्त निर्णय लिया।

पर्यावरण, जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

■ **रोजगार से आत्मनिर्भरता की राह पर महिलाएं, बावनकेरा में सशक्तिकरण की मिसाल**

महासमुंद/ नवप्रदेश। । ग्राम बावनकेरा में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की नई तस्वीर पेश की। ग्राम पंचायत के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने रोजगार और स्वरोजगार के जरिए अपनी बदलती पहचान की प्रेरक कहानियां साझा कीं।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं खुद को कमजोर न समझें, बल्कि अपने भीतर की ताकत पहचानकर परिवार और समाज को सशक्त बनाएं।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, सभापति धनेश गायकवाड, सरपंच गोपाल सिंह ध्रुव, उपसरपंच द्रोण चंद्राकर, पूर्व सरपंच नीलिमा चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत कम ब्याज दर पर ऋण लेकर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम संगठन दिव्या महिला समूह की महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तुलसी यादव, हिना सिन्हा, लता ध्रुव, राधिका, उर्मिला, सरस्वती, खुशबू और हेमवती यादव सहित कई महिलाओं ने योजनाओं और अपने अनुभवों पर खुलकर चर्चा की। अंत में छिनदौली की बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया। यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ।

कलेक्टर बीएस उइके ने विभागीय अफसरों को दिए आवश्यक निर्देश

शासन की योजनाओं, शिकायतों और विकास कार्यों की हुई व्यापक समीक्षा

गरियाबंद // नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर ऋचा ठाकुर सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं विभागीय गतिविधियों की जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ई-ऑफिस एवं ईएचआरएसएस की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को अधिकतम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से करें, जिससे कार्य करने में आसानी एवं पारदर्शिता हो। उन्होंने अधीनस्थ कार्यालयों तक आवश्यक सूचनाओं का समय पर भेजने को कहा। साथ ही जिन अधिकारियों, कर्मचारियो एवं की ईमेल आईडी अभी तक सक्रिय नहीं है, उन्हें तत्काल सक्रिय कराने के निर्देश दिए गए। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को ई-गवर्नेंस पोर्टल पर अनिवार्य प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए भी कहा गया, ताकि डिजिटल प्रणाली का अच्छा उपयोग किया जा सके।

नगर निकायों से संबंधित विषयों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना की प्रगति की जानकारी ली गई तथा पात्र हितग्राहियों को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका अधिनियम के तहत अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई करने तथा अनियमितताओं पर नियंत्रण सुनिश्चित करने को कहा गया।

आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सभी विभागों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

कलेक्टर ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सभी विभागों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। जन शिकायतों के निराकरण पर जोर देते हुए उन्होंने वेब पोर्टल पर लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों का समय-सीमा में पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने को कहा। ई-मॉनिटरिंग प्रणाली के माध्यम से सभी विभागों को नियमित समीक्षा करने और प्रगति अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए।

महासमुंद में 60 करोड़ लीटर पानी सहेजने की तैयारी

नरेगा से जल संरक्षण को मिलेगा मजबूती

महासमुंद/ नवप्रदेश। । जिले में जल संकट से निपटने और भूजल स्तर सुधारने की दिशा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत बड़े पैमाने पर जल संरक्षण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर ग्राम पंचायत स्तर पर मांग आधारित रोजगार उपलब्ध कराते हुए इन कार्यों को प्राथमिकता से लागू किया जा रहा है।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों में जल संरक्षण से जुड़े कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। खासतौर पर बसना विकासखंड में मिशन जल संरक्षण के तहत कंटूर ट्रेंच, जल अवशोषण खंती, गेबियन संरचना, डाइक निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कुआं निर्माण, आजीविका डबरी, तालाब निर्माण एवं गहरीकरण, डिफंक्ट बोरवेल रिचार्ज और नाला डिसिल्टिंग जैसे कुल 7,493 कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

इसी तरह बागबाहरा, महासमुंद, पिथौरा और सरायपाली जनपद पंचायतों में जल संरक्षण से जुड़े 37,640 कार्यों को मंजूरी मिली है। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने पर जिले में लगभग 60 करोड़ लीटर जल संरक्षण और संवर्धन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके अलावा जिले में 1,016 आजीविका डबरी निर्माण भी स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे करीब 23 करोड़ लीटर अतिरिक्त जल संरक्षण संभव होगा। इन डबरियों के माध्यम से हितग्राहियों को आजीविका संवर्धन से जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रशासन द्वारा सभी कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके। साथ ही इन योजनाओं के जरिए ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

आईडीबीआई बैंक ने स्कूलों को भेंट किया पंखा और ग्रीन बोर्ड

भाटापारा / नवप्रदेश। आई.डी.बी.आई. बैंक शाखा भाटापारा द्वारा सामाजिक सहभागिता के तहत अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुये विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले 27 विद्यालयों को 50 नग पंखे एवं 30 संकुलो को एक एक नग ग्रीन बोर्ड का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर आई.डी.बी.आई. बैंक के क्षेत्रिय प्रबंधक आशीष त्रिपाठी, शाखा प्रबंधक रविभूषण एवं बैंक की ओर से ढालसिंग कैवर्त्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

क्षेत्रिय प्रबंधक श्री त्रिपाठी ने बताया कि आई.डी.बी.आई. बैंक सामाजिक सहभागिता के कार्यो मे आगे रहने वाली बैंक है पूर्व मे सामाजिक सहभागिता के कार्य क्षेत्रिय अथवा केन्द्रीय स्तर पर किये जाते थे जिससे जमीनी स्तर पर पहुंच मुश्किल होती थी किन्तु वर्तमान परिपेक्ष्य मे बैंक द्वारा शाखा स्तर पर सामाजिक सहभागिता के कार्य किये जा रहे है जिससे सुदूर स्थलो पर इसका लाभ लोगों को मिल पाना संभव हुआ है।

गोड़बहाल में जल संरक्षण-पेयजल गुणवत्ता पर जागरुकता अभियान

महासमुंद/ नवप्रदेश। जल उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत विकासखंड पिथौरा के ग्राम गोड़बहाल में जल संरक्षण और पेयजल गुणवत्ता जांच को लेकर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों और जल बहनियों को एफ्टीके किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने उपस्थित ग्रामीणों को पेयजल की शुद्धता जांचने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई। साथ ही जल के उचित संचालन एवं संधारण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए जल शपथ भी ली। वहीं, जिन स्थानों पर पाइपलाइन में लीकेज की समस्या थी, वहां मौके पर मरम्मत कर उसका डेमो प्रस्तुत किया गया। इसके जरिए ग्रामीणों को जल प्रबंधन और रखरखाव के व्यावहारिक तरीके बताए गए, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही।

शिशु संरक्षण माह: बच्चों को विटामिन-ए और आयरन सिरप पिलाने का लक्ष्य

महासमुंद/ नवप्रदेश। । जिले में शिशु संरक्षण माह (मार्च-अप्रैल 2026) का शुभारंभ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बच्चों को विटामिन-ए की दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित अन्य अधिकारी एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य

बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम करना है, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी या स्वास्थ्य केंद्र लेकर अवश्य जाएं।

गरियाबंद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

गरियाबंद / नवप्रदेश। । भाजपा मंडल गरियाबंद द्वारा जिला कार्यालय में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 का प्रशिक्षण वर्ग सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस में 4 सत्र एवं द्वितीय दिवस में 3 सत्र आयोजित किए गए। सभी सत्रों में कार्यकर्ताओं को विभिन्न वक्ताओं ने संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी की विचारधारा और जनसेवा से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री आशीष शर्मा एवं चंद्रशेखर साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉण् राम कुमार साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, जिला प्रवक्ता एवं जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, नगरपालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, नगरपालिका उपाध्यक्ष आसिफ़ मेमन एवं गफ्फू मेमन, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, बलदेव सिंह जिंदल, अनूप भोसलेए जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, जिला प्रवक्ता पारस ठाकुर, आईटी सेल संभाग प्रभारी सागर मयानी, मिलेश्वरी साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा सहितकृ विष्णु मरकाम, रेणुका साहू, मधु देवांगनए पुष्पा साहू, खेमसिंह बघेलए सूरज सिन्हा, सरिता साहूए नेहा जान, प्रतिभा ह्यूमने, मंडल महामंत्री किसान कांडरा, प्रकाश यादव, गोविंद तिवारी, पुष्पक देवांगनए लेखराम साहू, भीम निषाद, विजय टैंक, डागेश्वर महाराज, टीकम साहू, वीरेंद्र साहू, एम.एल.निषाद, गौतम शर्मा, प्रकाश सोनी, गोपाल साहू, अमित साहू, अमित बखरिया, शुभम सांग, रवि चंद्राकर, मानव निर्मलकर, नमन सेन, हेमलता साहू, गायत्री पटेल, सरला उइके, प्रियंका सोनी, अर्चना उपाध्याय, परमानंद नेताम, विनोद नेताम, भूनेश्वर मांडवी, कमलेश जगत, टिकेश्वर पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सफलता की खेती: ओडिशा तक पहुंची फसल, मेहनत से पाया मुकाम

ग्राफ्टेड बैंगन से किसान कमल की आमदनी तीन गुना बढ़ी

महासमुंद /नवप्रदेश।। अगर खेती में नई सोच और आधुनिक तकनीक का साथ हो, तो किसान न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकता है बल्कि अच्छी कमाई भी कर सकता है। ऐसा ही उदाहरण पेश किया है बसना विकासखंड के ग्राम बंसुलीडीह के प्रगतिशील किसान कमल पटेल ने, जिनकी मेहनत और नवाचार आज सफ्लता की मिसाल बन गए हैं।

पहले पारंपरिक रूप से धान की खेती करने वाले कमल पटेल को सीमित उत्पादन और कम आय मिलती थी। लेकिन उन्होंने बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत ग्राफ्टेड बैंगन की खेती शुरू की। उन्होंने करीब 0.40 हेक्टेयर सिंचित भूमि में आधुनिक तकनीकों—ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग—का उपयोग किया, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ।

कमल पटेल को इस नई खेती से लगभग 50 टन तक बैंगन उत्पादन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपनी उपज को सरायपाली और ओडिशा के बाजारों में बेचा, जहां उन्हें औसतन 12 रुपये प्रति किलोग्राम का मूल्य मिला। खास बात यह है कि उनके ग्राफ्टेड बैंगन की मांग अब राज्य की सीमाओं को पार कर पड़ोसी राज्य तक पहुंच चुकी है।

अगर लागत और मुनाफे की बात करें तो प्रति एकड़ लगभग 2 लाख रुपये खर्च के बाद उन्हें करीब 3.5 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। यानी पारंपरिक खेती की तुलना में उनकी आय में कई गुना वृद्धि हुई है।

आज कमल पटेल न सिर्फ आर्थिक रूप से सशक्त हुए हैं, बल्कि गांव के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा भी बन गए हैं। वे लगातार नई तकनीकों को सीखने और अपनाने के लिए उद्यानिकी विभाग के संपर्क में रहते हैं।

संदेश साफ है अगर किसान आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग करें, तो खेती भी लाभ का बड़ा जरिया बन सकती है।

नगरी में रोजगार सृजन और ग्राम विकास को मिल रही नई गति

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी अंतर्गत वीबी-जीराम जी के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और ग्राम विकास को नई गति मिल रही है। विशेष रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जिन श्रमिकों ने 100 दिनों का रोजगार पूर्ण किया है, गांव गांव में विकास ग्राम पंचायत संबलपुर में योजना के तहत लगातार रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को अपने ही गांव में काम मिल रहा है। यहां महिला एवं पुरुष श्रमिक नियमित रूप से सुबह से कार्यस्थल पर पहुंचकर मेहनत के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है।

गांव में इन दिनों तालाब गहरीकरण जैसे कार्य तेजी से चल रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष श्रमिक जुटे हुए हैं। श्रमिकों की सक्रिय भागीदारी से न केवल रोजगार के अवसर बढ़े हैं, बल्कि ग्राम विकास के कार्यों में भी उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है।

विधानसभा सत्र : शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने आरोप को नकारते हुए जांच से किया इनकार, डॉ. महंत बोले- मंत्रीजी लगातार बात को घुमा रहे

जंबूरी में भ्रष्टाचार पर हंगामा, विपक्ष ने किया वॉकआउट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने जम्बूरी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विधानसभा की समिति से जांच कराने की मांग की. स्कूल शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने भ्रष्टाचार के आरोपों को नकारते हुए जांच से इंकार कर दिया. मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया.

कांग्रेस विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने प्रश्नकाल में उठाया बालोद जिले में जंबूरी आयोजन में अनियमितता का मामला. उन्होंने सवाल किया कि क्या कर्णिका 17.1 में शिक्षा मंत्री को पदेन करने के लिए संशोधन किया गया है? तो कब किया गया है? स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के बाद प्रथम शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा रहे छत्तीसगढ़ कैबिनेट ने उस टाइम एक प्रस्ताव पारित किया कि स्काउट-गाइड के लिए अध्यक का चुनाव किया जाए. डॉ रमन सिंह जब तक रहे तब तक वह प्रक्रिया लगातार चली, जब कांग्रेस की सरकार आई तब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया. उसके बाद मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित व्यक्ति ही अध्यक्ष रहेगा, यह नई प्रक्रिया शुरू की गई।

विधायक ने इस पर सवाल किया कि 10 तारीख को जो टेंडर निकाला, उसका टेंडर कब निकला? किसकी अध्यक्षता में निकला? आपकी नियुक्ति 13 दिसंबर 2025 को हुई और टेंडर अलग डेट पर निकला, तो आखिर किसके आदेश अनुसार टेंडर निकाला गया? मंत्री ने बताया कि जंबूरी का जो निर्णय हुआ, उस समय जो कार्यक्रम प्रशिक्षण देखते थे। जब नेशनल के आयुक्त निर्देशक जगह देखने आते थे, तब उन्होंने कलेक्टर के साथ बैठक कर ली थी। विधायक ने सवाल किया कि 10 तारीख से पहले टेंडर किसके कहने से पास हो गया? उस समय अध्यक्ष कौन था? क्योंकि 13 दिसबंर 25 की आपकी चिट्ठी है?

मंत्री ने बताया कि 13 दिसंबर 25 को राज्य शासन ने जो चिट्ठी लिखी, उसमें राज्य के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। टेंडर प्रक्रिया शासन के कलेक्टर के अंदर थी। शासन की प्रक्रिया कभी किसी के रहने, ना रहने से नहीं रुकती है। जिस दिन स्कूल शिक्षा मंत्री पदभार ग्रहण करता है, उस दिन से वह पदेन हो जाता है। राज्य कार्यकारिणी का जो परिषद है, उसके द्वारा ही अनुमति दी गई। टेंडर हमने नहीं किया। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने इस पर कहा कि पहला टेंडर 10 दिसंबर 25 तारीख को लगा था, उसे निरस्त कर दूसरा टेंडर 23 दिसंबर 25 को किया गया। साथ ही जंबूरी के आयोजन को लेकर 90 बिंदु थे, उसे 52 कर दिया गया।। 4 तारीख को टेंडर वापस खुलता है, ये कैसे पॉसिबल है?

विधायक ने इस पर दोहराया कि कि क्या टेंडर के पहले काम शुरू होने पर विधासभा की पर जांच कमेटी से इसकी कराएंगे? मंत्री ने कहा कि जांच वहां पर होता है, जहां पर कुछ घोटाला हो या गोलमाल हो।

इस पर विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि 20 दिसंबर की तारीख टेंडर प्रक्रिया की थी, बिना बीड खोले निर्माण कार्य कैसे शुरू हो जाता है? और क्या इसकी राशि डीईओ के खाते में जमा की जा सकती है? मंत्री ने इस पर कहा कि हमारे पार्ट का काम 10 तारीख से हुआ था, और डीईओ के खाते में पैसा नहीं देंगे, तो किसके खाते में पैसा डालेंगे. इस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि मंत्री जी लगातार बात को घुमा रहे हैं. इस बार भी हमे संतुष्टिजनक जवाब नहीं मिल रहा है, इसलिए सदन से बर्हिगमन करते हैं।

परीक्षा सिर पर, अब तक बच्चों को नहीं मिली किताबें, प्रश्नपत्र छपाई में भ्रष्टाचार का आरोप

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शून्यकाल में आज स्कूल शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा मुद्दा उठा। कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने

सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बालोद जिले में पांचवीं और आठवीं के बोर्ड परीक्षा के दौरान बच्चों को बेहद घटिया और पारदर्शी प्रश्न पत्र दिए जा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि पेपर हाथ में लेते ही फट जा रहा है। एक तरफ लिखा जवाब दूसरी तरफ से साफ दिखाई दे रहा है। संगीता सिन्हा ने इस शिक्षा व्यवस्था को गंभीर बताते हुए कहा कि गणित जैसे महत्वपूर्ण विषय के पेपर की गुणवत्ता भी बेहद खराब है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस एजेंसी को प्रश्न पत्र की जिम्मेदारी दी गई है, वहां बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। इस मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब तक छात्रों को पूरी किताबें भी उपलब्ध नहीं कराई गई है, जबकि परीक्षा का समय आ चुका है।

'स्कूलों में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित'

विधायक ने शिक्षकों की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार 33 हजार भर्तियों की बात करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि एक भी नई भर्ती नहीं हुई। कई स्कूलों में सिर्फ एक या दो शिक्षक हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने अपने दौरे का जिक्र करते हुए बताया कि एक स्कूल में बच्चे खुद झाड़ू लगाते मिले, जबकि शिक्षक मीटिंग में गए थे।

युक्तियुक्तकरण के साथ अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण पर घिरे शिक्षा मंत्री



विधानसभा बजट सत्र के दौरान बुधवार को स्कूलों के युक्तियुक्करण के साथ-साथ अतिथि शिक्षकों की भर्ती, वेतन और नियमितिकरण के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को न केवल विपक्ष बल्कि सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी घेरा. मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने वॉकआउट किया। सत्ता के पक्ष के विधायकों सुनील सोनी, राजेश मूणत और रोहित साहू ने स्कूलों के युक्तिकरण पर शिक्षा मंत्री को घेरा। राजेश मूणत ने कहा कि युक्तियुक्करण के बाद स्कूलों की स्थिति ख़राब है। मैंने स्वयं दरी ख़रीद कर दी। शिकायत के बाद भी परीक्षण करने अधिकारी नहीं पहुंचे। मूणत के आरोप पर मंत्री ने परीक्षण कराने की बात कही. इस पर आसंदी ने मंत्री को 30 मार्च तक सभी स्कूलों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक सुनील कुमार सोनी ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सवाल किया कि स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा कितनी शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया, एक वर्ष में जहां जहां स्कूल भवन खाली हुए है उसका उपयोग कहा हुआ है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जवाब दिया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विगत वर्ष पूरे प्रदेश में 10538 शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया हैं, जहां भी खाली भवन हैं वहां स्मार्ट स्कूल, लैब बनाया जाएगा। 10,372 शालाओं का उपयोग हुआ हैं, और 166 स्कूल का उपयोग नहीं हुआ है।

न्यूज गैलरी

धरसींवा के सरोना में 100 बिस्तर वाले नवीन अस्पताल का भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज विकासखंड धरसींवा अंतर्गत सरोना, रायपुर में 100 बिस्तर वाले नवीन अस्पताल भवन के निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अस्पताल के स्थापित होने से क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। अस्पताल के निर्माण से आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें दूरस्थ स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में लगातार नए स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक नागरिक को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि नए अस्पतालों के निर्माण एवं सुविधाओं के विस्तार से आमजन को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सकेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार होगा। इस अवसर पर विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा तथा रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नेशनल ट्राइबल गेम्स की तैयारियां जोरों पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की तैयारियां जोरों पर है। राज्य के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में आगामी 25 मार्च से 3 अप्रैल तक इसका आयोजन किया जा रहा है। सभी व्यवस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वरूप देने तीनों शहरों में युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में खेलो इंडिया नेशनल ट्रायबल गेम्स में शामिल खेलों एथलेटिक्स, तीरंदाजी, हॉकी, फुटबॉल, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती एवं दो डेमो गेम्स मलखंब एवं कबड्डी के मैदानों में सभी इंतजामों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आयोजन में भाग लेने विभिन्न राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों के आवास, परिवहन एवं भोजन संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मानकों के अनुरूप आवास व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने को कहा। श्री साव ने सभी खिलाड़ियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं, इन्जरी मैनेजमेंट, वेन्यू पर मेडिकल किट तथा पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने सभी खेल स्थलों पर स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स के इंस्टालेशन, शुभारंभ एवं समापन समारोह तथा संपूर्ण आयोजन के प्रचार-प्रसार व जन सहभागिता संबंधी गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन सक्रियता, गंभीरता तथा निष्ठा के साथ करने को कहा। उन्होंने ट्राइबल गेम्स में भागीदारी के लिए देशभर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पांच राज्यों में चुनाव, 25 लाख कर्मियों की तैनाती

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने 15 मार्च, 2026 को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के आम चुनाव तथा 6 राज्यों में उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की है। इन पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए 25 लाख से अधिक चुनाव अधिकारियों की तैनाती की गई है। इन चुनावों में 17.4 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान के पात्र हैं,यह लगभग प्रत्येक 70 मतदाताओं पर 1 चुनाव अधिकारी के बराबर है।

मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान अधिकारियों को पूर्ण निष्पक्षता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं, ताकि चुनाव हिंसा मुक्त एवं प्रलोभन मुक्त वातावरण में संपन्न हो सकें और प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय या पक्षपात के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

तैनात कर्मियों में लगभग 15 लाख मतदान कर्मी, 8.5 लाख सुरक्षा कर्मी, 40 हजार गणना कर्मी, 49 हजार माइक्रो ऑब्जर्वर, 21 हजार सेक्टर अधिकारी तथा गणना हेतु 15 हजार माइक्रो-ऑब्जर्वर सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।

क्षेत्रीय स्तर की चुनावी मशीनरी, जिसमें 2.18 लाख से अधिक बीएलओ (क्रम्ह) शामिल हैं, मतदाताओं को फोन कॉल तथा श्चष्टढ्डहृद्गह्ल ऐप पर 'बुक-ए-कॉल टू बीएलओ' सुविधा के माध्यम से सेवाएं प्रदान कर रही है। वहीं, डीईओ/आरओ स्तर पर किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए कॉल सेंटर नंबर +91 (एसटीडी कोड) 1950 उपलब्ध है।तैनात सभी कर्मी जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 28ए के तहत निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे।

आयोग द्वारा 832 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1,111 केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है, जो आम चुनाव एवं उपचुनावों के दौरान आयोग की 'आंख और कान' के रूप में कार्य करेंगे। इनमें 557 सामान्य पर्यवेक्षक, 188 पुलिस पर्यवेक्षक एवं 366 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। अधिकांश केंद्रीय पर्यवेक्षक अपने-अपने आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं।ये पर्यवेक्षक अपना संपर्क विवरण साझा करेंगे तथा प्रतिदिन निर्धारित समय पर उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों/उनके प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी चुनाव संबंधी शिकायतों एवं सुझावों को सुनेंगे।

राज्य सहकारी संघ में बैठक, सहकारी प्रशिक्षण के वार्षिक कार्यक्रम पर मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन और रूपरेखा तय करने के लिए राजधानी रायपुर स्थित संघ मुख्यालय चौबे कॉलोनी रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में शीर्ष सहकारी संस्थाएं, इफ्को, कृभको, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं विभिन्न जिलों से जिला सहकारी संघ के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी वर्ष के लिए सहकारी संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, सदस्यता विस्तार एवं सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सहकारिता को बढ़ावा देने एवं सहकारी से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने पर जोर दिया गया।

अंतरक्षेत्रीय ब्रिज स्पर्धा में रायपुर सेंट्रल विजेता और रायपुर रीजन उप विजेता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के तत्वाधान में आयोजित अंतरक्षेत्रीय ब्रिज प्रतियोगिता 2025-26 के समापन समारोह में ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आर.के.शुक्ला ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किये। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रिज प्रतियोगिता मानसिक चेतन्य और एकाग्रता का खेल है। हमारे खिलाड़ी ब्रिज प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर कंपनी का नाम रौशन कर रहे है। हमे उम्मीद है आगे भी पॉवर कंपनी के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता बनेंगे। इस अवसर पर टीम इवेन्ट में रायपुर सेंट्रल 42 अंक के साथ विजेता का खिताब अपने नाम करने में कामयाब हुये एवं रायपुर रीजन 29 अंकों के साथ उपविजेता रहे। सांत्वना पुरस्कार दुर्ग क्षेत्र को दिया गया। मास्टर पेयर में पूर्व-पश्चिम से 05 टीमों ने खेल का प्रदर्शन किया, जिसमें प्रथम स्थान पर डी.एल.साहू एवं पंकज चैधरी रहे। द्वितीय स्थान पर हरीश चैहान एवं रेखराज साहू रहे। इसी प्रकार उत्तर-दक्षिण से 04 टीमों ने इस स्पर्धा में प्रतिनिधित्व किया, जिसमें प्रथम स्थान पर प्रशांत उराव एवं हितेश महानंद रहे। द्वितीय स्थान पर दिनेश देवांगन और कृष्णा कुमार यादव की जोड़ी उपविजेता रही।

बाघ और तेंदुए के शिकार में शामिल डिप्टी रेंजर सहित 9 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वन एवं वन्यजीव संरक्षण के तहत वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाघ और तेंदुए के अवैध शिकार में शामिल एक डिप्टी रेंजर सहित कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दंतेवाड़ा और बीजापुर क्षेत्र के जंगलों में की गई। वन विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ लोग जंगल में फंदे लगाकर वन्यजीवों का शिकार कर रहे हैं। इसके बाद विभाग और राज्य उड़नदस्ता टीम ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। लगातार निगरानी और जांच के दौरान एक संगठित शिकार गिरोह का खुलासा हुआ। जांच में यह चौंकाने वाली बात सामने आई कि इस अवैध गतिविधि में वन विभाग का ही एक कर्मचारी, डिप्टी रेंजर देवी प्रसाद ओयाम भी शामिल था। डिप्टी रेंजर श्री पोयाम की मिलीभगत के कारण शिकारियों को जंगल में प्रवेश और शिकार करने में मदद मिली।

यात्रा वृत्तांत से सजीव होती है इतिहास और संस्कृति की तस्वीरः सीएम साय

मुख्यमंत्री ने 'मोदी के राज्य से लौटकर' पुस्तक का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज यहां छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित अपने कार्यालय के सभा कक्ष में युवा पत्रकार सुश्री निशा द्विवेदी की पुस्तक 'मोदी के राज्य से लौटकर' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा वृत्तांत से पाठकों के लिए इतिहास और संस्कृति की तस्वीर सजीव हो जाती है। पुस्तक में सुश्री निशा द्विवेदी ने एक पत्रकार की नजर से गुजरात यात्रा का वर्णन किया है जो बहुत सराहनीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे नेतागण और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हमारे पत्रकार साथियों के जीवन में यह एक समानता है कि दोनों ही अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा व्यस्त रहते हैं। सक्रिय पत्रकारिता के बीच यात्रा वृत्तांत जैसी रचना के लिए समय निकाल पाना जरूर कठिन रहा होगा। ये बहुत सुखद है कि सुश्री द्विवेदी ने अध्ययन भ्रमण के अनुभवों को किताब के रूप में हम सभी के सामने लेकर आई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पत्रकार बहनों से मिलना हुआ था। मुलाकात में महिला पत्रकारों के अध्ययन भ्रमण के विषय में भी चर्चा हुई। ये बहुत खुशी की बात है कि पहली बार छत्तीसगढ़ की 26 महिला पत्रकारों का दल गुजरात राज्य के भ्रमण पर गया। भ्रमण से लौटने के बाद मैंने मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार बहनों से मुलाकात की। उसी समय मैंने उन्हें यह सुझाव दिया था कि वे अपनी यात्रा के अनुभवों को जरूर लिखें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा इस वर्ष के बजट में भी हमने पत्रकारों के एक्सपोजर विजिट का प्रावधान किया है। हमारे पत्रकार साथी बड़े परिश्रम से सामाजिक सरोकार का कार्य करते हैं। हमारी सरकार हर स्तर पर पत्रकार साथियों को प्रोत्साहित कर रही है।

अभी तक पत्रकारों के विविध दल महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, राजस्थान जैसे अनेक राज्यों में हुए हैं।

मानवता की भलाई: मेडिकल की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स के लिए राजनांदगांव जिले की दंपती ने शरीर दान की घोषणा की

'नमन' इस दुनिया से जाने के बाद भी दूसरों को नई जीवन देने की चाह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारत में प्रतिदिन लगभग 63 हजार लोगों को मृत्यु होती है जबकि देहदान या अंग दान की दर बहुत कम है प्रति 10 लाख आबादी पर 0.52 के करीब हालांकि 2023 में 17000 से अधिक अंगदान जीवित और मृत मिलकर हुए, लेकिन मृत्यु की तुलना में यह काफी कम है, कुल मृत्यु में से केवल 0.0001% से कम लोग ही देह दान कर पाते हैं, जबकि हर साल लगभग 5 लाख लोगों को अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है।

ऐसे में संस्कारधानी राजनांदगांव जिले के एक छोटे से गांव - ग्राम.पोस्ट नवागांव (वर्तमान उर्दना रायगढ़) थाना -सोमनी जिला -राजनांदगांव के एक परिवार के पति-पत्नी ने जरूरतमंदों को मरणोपरांत नये जीवन देने के लिए अंग दान एवं शरीर दान करने से चिकित्सा के क्षेत्र में बच्चे अध्यन -अध्यापन कर सके इस लिए लिये हम दोनों ने यह संकल्प लिये है, जो मानव समाज के लिए एक प्रेरणा है, परिवार के श्रीमती रूखमणी साहू और पति श्री सोहन लाल साहू द्वारा मरणोपरांत शरीर दान एवं अंग दान कर लोगों क़ो जागरूक कर रहे हैं, श्री साहू जी के माध्यम से शरीर दान, अंग दान के लिए लगभग 12 से 15 लोगों को भी प्रेरित कर चुके हैं, तथा समाजिक कुप्रथा मृत्यु भोज ना कर उस पैसे का उपयोग शिक्षा स्वास्थ्य एवं दूसरों की भलाई के लिए उपयोग करना चाहते हैं, तथा श्री साहू जी द्वारा जरुरतमंदो क़ो अभी तक 14 बार रक्तदान कर लोगों नया जीवन दे चुके है,तथा जितने उम्र है उतने हीं जरुरतमंद लोगों क़ो रक्तदान कर नया जीवन देने का संकल्प है,जो इस वर्तमान परिदृश्य मे एक मिसाल है.

श्रीमती रूखमणी साहू ने सीएम साय को लिखा पत्र

अन्य राज्यों में जैसे मध्यप्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, आन्द्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, गुजरात जैसे राज्यों में शरीर दान, अंग दान करने वाले व्यक्ति को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दिया जा रहा है, परंतु हमारे छ.ग राज्य में सिर्फ अंग दाताओं के परिजनों क़ो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है, जो की समाज में जागरूकता लाने के लिए पर्याप्त नहीं है, अन्य राज्यों की तरह हमारे छ. ग. राज्य में भी शरीर दान एवं अंग करने वाले व्यक्तियों क़ो राजकीय सम्मान दे, ताकि लोगों मे निश्वार्थ भाव से शरीर दान, अंग दान के लिए आगे आये वा जागरूकता बढ़े!

सुविचार

खुश रहना अच्छा है। दूसरों को खुशी देना उससे भी अच्छा है। बगैर किसी चाहत के दूसरों को खुशी देकर खुश होना सबसे अच्छा है।

ममता बनर्जी की बौखलाहट

बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमों ममता बनर्जी की बौखलाहट अभी से बढ़ती जा रही है। चुनाव आयोग द्वारा बंगाल विधानसभा चुनाव के तारीखों का एलान करने के साथ ही चुनाव आयोग ने बंगाल के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी सहित कई अधिकारियों को हटाने का फरमान जारी करके ममता बनर्जी की टेंशन बढ़ा दी है। ये सब उनके चहिते अधिकारी थे। ममता बनर्जी इस कदर बौखलाई हुई है कि उन्होंने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है और इस बार तो उन्होंने यह विक्टिम कार्ड खेला है कि चुनाव आयोग ने एक महिला मुख्य सचिव को हटाकर बंगाल की नारी शक्ति अपमान किया है। ममता बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया है कि चुनाव के दौरान उनपर हमला किया जा सकता है। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने अपनी कार से उतरते समय खुद की असावधानी से अपना पांव घायल कर लिया था और फिर खुद पर हमला होने का आरोप लगाते हुए पूरे चुनाव प्रचार के दौरान अपने पांव में प्लास्टर लगाकर घूमी थी और उन्हें सहानुभूति वोट भी मिला था जिसकी बदौलत वे फिर से बंगाल में अपनी सरकार बनाने में कामयाब हो गई थी। इस बार भी वे खुद पर हमले की आशंका जाहिर करके इसी की भूमिका बना रही है। ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी के सभी प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिये हैं और 50 से ज्यादा वर्तमान विधायकों के नाम काट दिये हैं। वे खुद फिर से भवानीपुर से चुनाव लड़ने जा रही है। किन्तु इस बार भाजपा नेता शुभेंदू अधिकारी ने भी नंदीग्राम के अलावा भवानीपूर से भी चुनाव समर में उतरने की घोषणा करके ममता बनर्जी की परेशानर बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने नंदीग्राम से चुनाव लड़ा था और पैर में प्लास्टर बांधकर घुमने के बावजूद वे शुभेन्दू अधिकारी से चुनाव में पराजित हो गई थी। इसके बाद उन्होंने भवानीपूर से टीएमसी विधायक की सीट खाली करा कर भवानीपूर से उपचुनाव लड़ा था और उसमें विजयी हुई थी। भवानीपूर में अच्छी खासी तादात में अच्छी मुस्लिम मतदाता हैं इसलिए वे वहां से चुनाव जीत सकती हैं। किन्तु इस बार यह सीट भी उनके लिए आसान नहीं होगी क्योंकि टीएमसी से अलग हुए हुमायूं कबीर ने अपनी अलग पार्टी बना ली है और वे अस्सदुद्दीन ओवैसी की पार्टी से गठबंधन करके बंगाल की सभी मुस्लिम बहुल सीटों से अपने प्रत्याशी खड़ा करने जा रहे हैं। यदि उन्होंने भवानीपूर से किसी मुस्लिम नेता को प्रत्याशी बना दिया तो कोई बड़ी बात नहीं कि ममता बनर्जी चुनाव हार जायें। वैसे भी इस बार विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी अपनी मनमानी नहीं कर पाऐंगी और न ही टीएमसी के गुंडे चुनाव के दौरान हिंसा फैलाकर मतदान को प्रभावित कर पाएंगे। चुनाव आयोग को इस बात का अभास है कि इस बार भी ममता बनर्जी चुनाव के दौरान हिंसा फैला सकती है। इसीलिए चुनाव आयोग ने बंगाल में केन्द्रीय सुरक्षाबलों की ढाई सौ कंपनियां तैनात की है। यदि चुनाव के पूर्व या चुनाव के दौरान टीएमसी के गुंडे गड़बडी फैलाने की कोशिश करेंगे तो उनसे सख्तीपूर्वक निपटा जाएगा। ऐसी स्थिति में ममता दीदी इस बार शायद ही दादागिरी करके चुनाव जीत पाएं। बांगल में ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ जबरदस्त एंटी इंकम बेंसी देखी जा रही है और उनका सुरक्षित वोट बैंक कहे जाने वाले लाखों घुसपैठियों का नाम एसआईआर के दौरान काटा जा चुका है। कुल मिलाकर इस बार ममता बनर्जी की राह आसान नहीं लग रही है और वे शायद ही इस बार खेला कर पायें। सबसे बड़ी चुनौती तो उन्हें हूमांयू कबीर और असदुद्दीन ओवैसी देने जा रहे हैं जो निश्चित रूप से ममता बनर्जी के मुस्लिम वोट बैंक पर सेंध लगाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो ममता बनर्जी की करारी हार हो सकता है। यही वजह है कि ममता बनर्जी ने मुस्लिम वोट बैंक को अपने पाले में रखने के लिए यह चेतावनी दी है कि यदि वे सत्ता में नहीं आई तो भाजपा मुस्लिमों को खा जाएगा। उनकी इस चेतावनी का वहां के मुस्लिम मतदाताओं पर कितना प्रभाव पड़ता है और वे इस बार भी ममता बनर्जी की पार्टी के प्रति ही अपना भरोसा जताते हैं यह तो चुनाव परिणाम ही बेहतर बताएंगे। फिल्हाल बंगाल में जीत का चौका लगाना ममता बनर्जी के लिए असंभव की हद तक कठिन काम सिद्ध होंने जा रहा है।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

- जीवन के प्रति जिनकी समझ नहीं है वो कुछ न कुछ ऐसा कर्म करेंगे ही जिससे बाद में वेदना हो।
- जैसे दीपक अंधकार दूर करने के लिए है, प्यारे सद्?गुरु भी आपके भीतर वही हैं 'अंधकार में दीपक।'
- मोह को प्रेम में बदल डालो ईर्ष्या तुम्हारा पीछा नहीं कर पाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1279 मंगोलों ने चीन के सांग वंश का अंत किया। 1571 स्पेन की सैन्य टुकड़ियों ने मनीला पर कब्जा किया। 1920 अमेरिकी सीनेट ने वर्साय की संधि को खारिज किया। 1944 आजाद हिंद फौज ने पूर्वोत्तर भारत में मुख्य भूमि पर राष्ट्रध्वज फहराया। 1965 इंडोनेशिया ने सभी विदेशी तेल कंपनियों का राष्ट्रीयकरण किया। 1972 भारत और बांग्लादेश के बीच में मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किया। 1982 ब्रिटेन एवं बेटिकन में 400 वर्षों के अंतराल के बाद राजनयिक संबंध स्थापित। 1990 विश्व की आईआईएचएफ अनुमोदित पहली महिला आइस हॉकी का आयोजन। 1996 बोस्निया हर्जेगोविना की राजधानी सरायेवो का पुनः एकीकरण। 1998 अटल बिहारी वाजपेयी ने दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री का पद संभाला। 1999 यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष जैकस सांटर का अपने पद से इस्तीफ़ा। 2001 तालिबान द्वारा 100 गायों की बलि, ब्रिटेन के उच्च सदन ने संगीतकार नदीम के प्रत्यर्पण का प्रस्ताव ठुकराया। 2001 ब्रिटेन के उच्च सदन ने संगीतकार नदीम के प्रत्यर्पण का प्रस्ताव ठुकराया।

नवरात्रि: आंतरिक ऊर्जा और आध्यात्मिक उत्थान का पर्व

नवरात्रि महापर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। नवरात्रि महापर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है।

योगेश कुमार गोयल

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 19 मार्च से हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। डुप्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

प्रकृति की नन्ही दूत है चिड़िया

रमेश सर्राफ

विश्व गौरैया दिवस नन्ही घरेलू गौरैया और अन्य पक्षियों को समर्पित है। गौरैया की संख्या में हो रही तीव्र गिरावट के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इन परिचित पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए हमारे आस पास का माहौल बेहतर करना है। विश्व गौरैया दिवस 2026 एक बार फिर दुनिया को याद दिलाएगा कि आम पक्षियों को भी देखभाल और ध्यान की आवश्यकता है। कभी उपेक्षित समझी जाने वाली गौरैया अब कई कस्बों और शहरों से गायब हो रही हैं, जो इस दिन को रोजमर्रा की जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का प्रतीक बनाती है।

गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपटकर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतयात से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है। आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती हैं। पिछले कुछ सालों में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए जगह नहीं मिल पाती। कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भाग दौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके। गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है। क्योंकि यह घरों के अंदर भी घोसले बनकर रह लेती है। ये मानव और प्रकृति के लिए बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कीड़ों को खाती है जिससे कीड़े पौधों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। गौरैया एक ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है। जानकारो का कहना हैं कि यह चिड़िया शांति और सदभावना का संदेश लेकर आती है। आंकड़े बताते हैं कि विश्व भर में घर-आंगन में चहकने-फुदकनेवाली छोटी सी प्यारी चिड़िया गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसाइटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला था। वहीं आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह कमी ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में हुई है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। जबकि स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स रिपोर्ट 2023 के मुताबिक पिछले 25 सालों में गौरैया की आबादी कुल मिलाकर काफी स्थिर रही है। हालांकि भारत में हाउस स्पैरो की संख्या कम होने की आम धारणा है। गौरैया के संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर दिल्ली सरकार ने 2012 और बिहार सरकार ने 2013 से गौरैया को राजकीय पक्षी घोषित कर रखा है। कभी हमारे घर-आंगन में गिरे अनाज को खाने गौरैया फुर्र से आती थी और दाना चुगकर उड़ जाती थी। हालांकि गांवों में आज भी कई घरों में गौरैया आ रही है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे कई कारण हैं जिन पर लगातार शोध हो रहे हैं। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारणों में आहार की कमी, बढ़ता आवासीय संकट, कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवन-शैली में बदलाव, प्रदूषण और मोबाइल फोन टावर से निकलने वाले रेडिएशन को दोषी बताया जाता रहा है। गौरैया की संख्या में कमी के पीछे बेतहाशा कीटनाशक का प्रयोग को माना जा रहा है। गौरैया के प्रजनन के लिए अनुकूल आवास में कमी को भी इसकी संख्या में कमी का एक कारण माना जा रहा है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुम शब्द शब्द कह गये मैं हर्फ़ हर्फ़ पढ़ गयी तुम ख ा म ो श ा गुनगुनाते रहे मैं तेरी धड़कनें सुनती रही ना जाने कौन सा सुर था ना जाने कौन सी राग थी ना तुझे कोई ही होश था मैं भी कुछ मदहोश थी ना जाने तुम क्या कह गये ना जाने मैं क्या सुन गयी तू भी चुप ख़ामोश था मैं भी चुप ख़ामोश थी गुनगुना रही थी ख़ामोशियाँ बर्फ़िली हवाओं में भी अज़ब सा संगीत था आँख जब खुली तो ना तुम थे ना संगीत था वो तो बस एक ख़्वाब था वो तो बस एक भ्रमजाल था...

- डेज़ी जयवासल

#Oil (डीजल और पेट्रोल) संकट आने से पहले मध्य पूर्व की स्थिति सामान्य हो जाए तभी भला, अभी कच्चे तैल की कीमत 105.15.डालर प्रति बैरल ही है.... 17 दिनों से बंद होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में विश्व के अनेक देशों के जहाज फंसे हुए हैं, 28 भारतीय जहाजों के लिए मार्ग खुलने की खबर देखकर सुकुन ही मिलता है। अब विश्वगुरु सुपरपावर अमेरिका, ही इस वैश्विक समस्या का समाधान निकालने में सक्षम है। **- पोखराज शर्मा**

ज़िंदगी में हर मिलने वाला अपना नहीं होता, कुछ तुम्हें परखने आते हैं, कुछ तुम्हें तोड़ने, और कुछ तुम्हें खुद से मिलवाने सच तो ये है कि हर रिश्ता मुकम्मल होने के लिए नहीं होता, कुछ बस हमें मजबूत बनाने के लिए आते हैं। **- रेनु सिंघल**

हिम तनया प्रस्तर अंतस से निकली गंगा गीता हूँ प्रेम पगी मैं सरल सहज भारत की पावन सीता हूँ मौन निमंत्रण चैतन्य मिलन भवसागर से तरना है परम इबादत करने सागर घुलने चली पुनीता है।

- ज्योत्सना सक्सेना

सेवक लाँघा हर मर्यादा, पहुँच गया सीमा के पार। उसकी खेती अपनी कहकर,शुरु किया बम की बौछार। तेल हेतु तकरार तमाशा, कर-कर थका आज बदकार। मदद माँगता कासे लेकर, खोला नहीं किसी ने द्वार। देख फ़ज़ीहत ऐसी उसकी, सहम गया खोटा इंसान। तेल हेतु तकरार तमाशा, करता खड़ा मिथ्य मैदान। छाछ मूल में अहंकार के , जमकर डाले है ईरान। विश्व पटल का राजा बनना, लिखे नहीं किस्मत भगवान।। **- अंजली यादव**

एक श्वेत पत्र जारी कर मीडिया को सही नाम बताया जाए सरकार जी कि ये होरमुज है होमुर्ज़ है होरमुर्ज़ या होमरूज है मीडिया वाले अलग अलग लिखते है टेंशन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वालों को हो रही कहीं परीक्षा में पूछे गए प्रश्न का उत्तर स्पेलिंग के कारण गलत न हो जाये।

- संत आर थवाइत

कभी खाद की किल्लत है,कभी गैस की मारामारी। कभी रुलाती है बिजली ,कभी बना डीजल दुश्वारी। सच है लेकिन देखो तो, नहीं भरोसा करता कोई, सच से मेल नहीं खाते,हैं अलग आँकड़े सरकारी।।

- डॉ बिपिन पाण्डेय

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज दिन के आरम्भ में बनते कार्यो में रुकावट आने से अधिक भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। मध्यान तक थोड़े बहुत कार्य सफल होने से धन की आमद होगी :

वृषः व्यवसाय के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। बेरोजगार व्यक्तियों को भी रोजगार मिलने की सम्भावना अधिक है।

मिथुनः आज का दिन आपको सुख शांति प्रदान करेगा। कुछ दिनों से चल रही मानसिक खींच तान कम होने से राहत अनुभव होगी।

कर्कः आज का दिन मिश्रित फल देगा पूर्वार्ध में सेहत थोड़ी नरम रह सकती है जिसके कारण आलस्य भी रहेगा। काम बेमन से करने पड़ेंगे व्यवहार में भी रुखापन रहने से संबंधो में खटास रहेगी।

सिंहः आज के दिन आप व्यापारिक गतिविधियों की व्यस्तता के चलते परिवार के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल पाएंगे। वाणी एवं व्यवहार के बल पर कार्यो में थोड़े परिश्रम से अधिक सफलता मिल सकेगी।

कन्याः आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलु मामलो में सफलता मिलेगी। परन्तु आज कार्य क्षेत्र पर अन्य व्यक्ति आपकी कमजोरी का फायदा उठा सकता है।

तुलाः आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। थोड़ी आर्थिक परेशानियां रह सकती है परंतु मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे। जिस भी कार्य को करने की ठानेंगे उसे हानि-लाभ की परवाह किये बिना पूर्ण करके छोड़ेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन आप भावनाओ में बहकर अनुचित कदम उठा सकते है। लोगो के बहकावे में ना आये।

धनुः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। कार्य क्षेत्र पर अतिरिक्त आय के साधन बनेंगे। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन लाभ होगा।

मकरः आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज किसी अनुबंध के आगे रुकने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी। व्यवसाय के ऊपर अधिक ध्यान देने के बाद भी कार्य विलम्ब से पूर्ण होंगे लाभ के कई अवसर मिलेंगे।

कुंभः आज के दिन आप कार्य क्षेत्र से कुछ समय निकालकर मित्र परिवार के साथ मनोरंजन में व्यतीत करेंगे परन्तु आज गलतफहमियों से दूर रहना अति आवश्यक है व्यर्थ के टकराव होने की संभावना है।

मीनः आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी परन्तु इसमें व्यवधान भी आएंगे।

QUIZ TIME

1) किस राज्य ने विश्व का सबसे बड़ा ओपन-एयर थिएटर 'धनु यात्रा' आयोजित किया?

2) हाल ही में अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव फ़उन्मेषफ़ का उद्घाटन किस शहर में हुआ?

3) उत्तर प्रदेश के किस जिले में पूर्वांचल का पहला यार्न प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जा रहा है?

4) कैसावा का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है?

5) कश्मीर के हस्त-गुंथित कालीन का स्थानीय नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ओडिशा (2) पटना (3) मिर्जापुर (4) आइवरीकोस्ट (5) काल बाफ्त

पहेली

शब्द सामर्थ्य -346

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 345 का हल

संक्षिप्त खबरें

48 निजी अस्पतालों को नोटिस 5 अस्पतालों का लायसेंस निरस्त

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में संचालित 124 निजी अस्पतालों के निरीक्षण के बाद निरीक्षण टीम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुरूप 48 अस्पतालों में कमी पाई गई। सभी 48 अस्पतालों को छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 के तहत स्पष्टीकरण 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी किया गया है। इनमें से पांच अस्पतालों का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत के निर्देश पर नर्सिंग होम अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत तथा आयुष्मान योजना के अंतर्गत एम्पेनल्ड दुर्ग जिले के सभी निजी अस्पतालों का भौतिक निरीक्षण करने चार टीमों का गठन किया गया था। निर्धारित चेक लिस्ट अनुसार निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने प्रत्येक टीम में स्थानीय नगरीय निकाय, जिला आयुष कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि व अन्य सदस्य शामिल थे।

तेज रफ्तार कार ने 4 बाइकों को मारी टक्कर, युवक की मौत, दो गंभीर

दुर्ग/नवप्रदेश। बोरी थाना क्षेत्र के लिटिया-सेमरिया चौकी इलाके में सेवती गांव के पास हर्री स्थित एक राइस मिल के सामने तेज रफ्तार कार ने चार बाइकों को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार युवक अपने काम से लौट रहे थे। इसमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। हादसे में जगमोहन यादव उर्फ जग्गू (16 साल) समेत कई युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को संभाला और अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की। घटना के समय सरकारी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची, जिसके कारण घायलों को प्राइवेट एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने सभी घायलों का इलाज शुरू किया, लेकिन जगमोहन यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई।

भिलाई में केनाल रोड के विरोध में चक्काजाम

भिलाई/नवप्रदेश। नंदिनी रोड से कोहका तक प्रस्तावित केनाल रोड को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध तेज हो गया है। प्रशासन की ओर से सड़क निर्माण के लिए जिस जगह तक रोड बनना है, वहां मार्किंग कर दी गई है। कई घरों का बड़ा हिस्सा इस निर्माण में आने के कारण लोग परेशान हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में स्थानीय लोग परदेशी चौक, रामनगर में एकत्रित हुए और विरोध जताया। कुछ देर के लिए चक्काजाम कर यातायात को बाधित किया गया। लोगों ने मांग करते हुए कहा कि सड़क की चौड़ाई 30 फीट से घटाकर 15 फीट कर दी जाए। इलाके में पहले से ही सामने रोड मौजूद है, ऐसे में बगल में इतनी चौड़ी नई सड़क बनाने की जरूरत नहीं है।

अफीम बेचते हुए एक गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। कुम्हारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अफीम बेचने के आरोप में 70 वर्षीय बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से अवैध रूप से अफीम की बिक्री कर रहा था। आरोपी के पास से 403 ग्राम अफीम, 14 लाख 46 हजार रुपए नकद और दो मोबाइल बरामद किए गए है। कुल जब्ती की कीमत करीब 16 लाख रुपए आंकी गई। पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम खारुन ग्रीन कॉलोनी गेट नंबर-02 पहुंची। घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा गया।

साइंस कॉलेज में पार्किंग की जगह को लेकर आंदोलन

दुर्ग/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज में छात्रों की पार्किंग समस्या को लेकर एनएसयूआई ने सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया है। कॉलेज में वाहनों की बढ़ती संख्या और पार्किंग की कमी को देखते हुए आंदोलन किया जा रहा है। छात्रों का कहना है कि कॉलेज में पढ़ने वाले हजारों छात्रों के लिए पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, जिससे रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है।

599 नग सिलेंडर और 2841 किग्रा एलपीजी जब्त

दुर्ग/नवप्रदेश। घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति और वितरण को निर्बाध रूप से बनाये रखने के लिए जिले में निरंतर छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है। जांच के क्रम में ग्राम पंचायत रसमड़ा के बोरई इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में स्थित पापुशा गैसेस प्रा लि की आकस्मिक जांच जिला खाद्य कार्यालय के अधिकारियों द्वारा की गई। सेंटर में कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड द्वारा 2 विभिन्न ब्रांडों गो गैस और गैस प्वाइंट के नाम से गैस सिलेंडरों की सप्लाई उपभोक्ताओं को डीलर के माध्यम से की जाती है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली से भिन्न समानांतर विपणन प्रणाली के रूप में पापुशा गैसेस प्रा.लि. और कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड द्वारा कार्य किया जाना पाया गया।

खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया ने बताया कि फर्म की जांच में कुल 599 गैस सिलेंडर पाए गए। गैस सिलेंडरों में रिफिलिंग के लिए 3 बुलेट भी मिले। इसमें 2841 किग्रा एलपीजी भंडारित पाया गया। जांच के समय फर्म में विभिन्न सिलेंडरों में पेंटिंग का काम किया जा रहा था। सिलेंडरों के नेट वेट, टेयर वेट और सिलेंडरों की एक्सपायरी डेट अंकित की जा रही थी।

इन कार्यो से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया। फर्म के द्वारा प्रस्तुत स्टाक पंजी और भौतिक सत्यापन में अंतर पाया गया। फर्म के मैनेजर ने बताया कि अतुल रबर को डीलर के रूप में उनके द्वारा सप्लाई की जाती है, डीलर के वैधता या करार किये जाने आदि के संबंध में कोई भी दस्तावेज नही दिया गया। फर्म का समानांतर विपणनकर्ता के रूप में कार्य करना पाया गया। फर्म द्वारा इस संबंध में कोई जानकारी नही दी गई और न ही रेटिंग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया।

फर्म द्वारा कलेक्टर दुर्ग को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जा रही है। इस प्रकार पापुशा गैस प्रा. लि. रसमड़ा और कान्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 की विभिन्न कंडिकाओं जैसे- एलपीजी के विक्रय का अप्राधिकृत कारोबार करने, द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस उपस्करों के कब्जा, कार्यस्थल पर स्टाक और कीमत को प्रदर्शित नही करने, रजिस्टर का सही लेखा नही रखने, रेटिंग प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही करना आदि का उल्लंघन पाये जाने पर 599 नग गैस सिलेंडर तथा 2841 किग्रा एलपीजी जप्त किया गया।

उरला में बनेगा 129 करोड़ का ट्रीटमेंट प्लांट

शिवनाथ नदी को प्रदूषण से बचाने निगम की बड़ी पहल

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी को प्रदूषण से बचाने नगर निगम द्वारा बड़ी पहल की जा रही है। शंकर नाला और पुलगांव नाला के गंदे पानी का शुद्धिकरण कर नदी में छोड़ने के लिए उरला क्षेत्र में अत्याधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण किया जाएगा। आज महापौर अलका बाघमार ने प्रस्तावित निर्माण स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा एसटीपी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, लोक कर्म विभाग प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद रेशमा सोनकर, सरस निर्मलकर, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी, उपअभियंता मोहित मरकाम मौजूद रहे। उन्होंने शंकर नाला के अंतिम छोर, उरला अटल आवास के पीछे शिवनाथ नदी और नाला संगम स्थल का जायजा लिया।

लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इस प्रोजेक्ट को लेकर उन्होंने अधिकारियों को भूमि की सुरक्षा, सीमांकन व अन्य प्रारंभिक व्यवस्थाएं जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसटीपी प्लांट के लिये राज्य शासन की स्वीकृति मिलने पर चेन्नई की एक कंपनी को लगभग 129 करोड़ रुपए की लागत से कार्य का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है।

रूंगटा पब्लिक स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक दीक्षांत समारोह आयोजित

भिलाई/नवप्रदेश। संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट भिलाई द्वारा संचालित रुंगटा पब्लिक स्कूल में 14 मार्च को प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि संजय रुंगटा का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर सोनू पाटनी ने स्वागत भाषण दिया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का अभिनंदन किया। एकल गीत की सुंदर प्रस्तुति के साथ एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर यूकेजी के विद्यार्थियों को सैश और प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यूकेजी के विद्यार्थियों के साथ ग्रुप फोटो लिया गया। समारोह के दौरान अंतरशालेय विभिन्न प्रतियोगिताओं में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या दीप्ति सिंग ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और अच्छे संस्कारों का महत्व बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेवानिवृत्ति के 6 माह बाद भी जीपीएफ का भुगतान नहीं, शिक्षिका ने लगाई गुहार

- भिलाई की सुंदर विहार कॉलोनी में सीवरेज समस्या से लोग परेशान, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान व निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे।

जनदर्शन के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अनेक आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर प्रकरणों की जानकारी ली और तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। चंदखुरी ग्राम के वार्ड क्रमांक 6 और 7 के निवासियों ने हर घर नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन कार्य न होने पर नाराजगी जताई। अमृत मिशन योजना के तहत गांव के कई वार्डों में पाइप-लाइन बिछाकर घर-घर कनेक्शन दिए जा रहे हैं, लेकिन उनके वार्ड को अब तक इस योजना से वंचित रखा गया है। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जिससे उन्हें आस-पास के वार्डों से पानी लाना पड़ता है। कलेक्टर ने पीएचई विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

सेवानिवृत्ति शिक्षिका ने छह माह बाद भी जीपीएफ का भुगतान न होने की शिकायत की। धमधा विकासखंड से 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त होने के बाद भी उच्च श्रेणी शिक्षिका को उनकी सामान्य भविष्य निधि की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। कई बार संबंधित विभागों को लिखित व मौखिक आवेदन देने के बावजूद कार्यवाही नहीं हुई है। शिक्षिका का कहना है कि महालेखाकार रायपुर से स्वीकृति मिलने के बावजूद भुगतान लंबित है। उन्हें अपने पति के इलाज के लिए ब्याज पर पैसा उधार लेना पड़ रहा है। उनके पति की बायपास सर्जरी हो चुकी है और वर्तमान में रायपुर के अस्पताल में इलाज जारी है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को परीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

इंदिरा मार्केट के कुएं में कचरा फेंकने पर जुर्माना

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए लगातार सख्ती बरती जा रही है। इंदिरा मार्केट स्थित कुएं का सौंदर्यीकरण करने के बाद यहां कचरा फेंकने के मामले को गंभीरता से लिया गया है। कुआं चौक के आसपास के दुकानदारों ने शिकायत की थी कि बंद कुएं में लगातार कचरा डाला जा रहा है। इससे गंदगी फैलने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं।

शिकायत मिलते ही नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग दुर्गेश गुप्ता ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर टीम भेजकर कुएं की सफाई कराई। भविष्य में कुएं में कचरा डालने की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुएं को ढंक दिया गया है, लेकिन उसमें लगी जाली का एक हिस्सा खुला होने के कारण लोग कचरा डाल रहे हैं। आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने आसपास के दुकानदारों और ठेला-खोमचा संचालकों से शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

हिन्दू नववर्ष पर सेक्टर 9 चौक पर होगा विशाल ध्वजारोहण

■ **भव्य महाआरती के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा का भी आयोजन**

भिलाई नगर/नवप्रदेश। विक्रम संवत हिंदू नववर्ष 2083 के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा 19 मार्च को शाम 4 बजे सेक्टर-9 चौक में विशाल ध्वजारोहण, सामूहिक हनुमान चालीसा, भव्य महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति ने तैयारियाँ पूरी कर ली हैं और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बताया कि हिंदू नववर्ष का यह पर्व सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवंत करने का अवसर है। ध्वजारोहण, सामूहिक हनुमान चालीसा और महाआरती के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और धर्मप्रेमी बंधुओं को एकजुट कर उत्साह, ऊर्जा और आस्था के साथ नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। समिति का उद्देश्य है कि आयोजन के माध्यम से समाज में एकता और धार्मिक आस्था का संदेश दिया जाए।

पाण्डेय ने कहा कि हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर का बदलाव नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिकता का उत्सव है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे इस आयोजन में शामिल होकर अपनी ऊर्जा और उत्साह से वातावरण को और अधिक भव्य बनाएँ।

नवरात्रि आज से, सतरूपा शीतला मंदिर में जलेंगे आस्था और श्रद्धा के ज्योत

दुर्ग। सिविल लाइन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध मां सतरूपा शीतला मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। नवरात्र के पहले दिन 19 मार्च को शुभ मुहूर्त पर सुबह 11.36 बजे कलश स्थापना व ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे। नवरात्रि पर इस वर्ष मंदिर में 1601 की संख्या में ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे। यह मनोकामना ज्योत देश व विदेश के श्रद्धालुओं के नाम प्रज्जवलित होंगे।

नवरात्रि पर्व पर सतरूपा शीतला सेवा समिति द्वारा 9 दिनों तक (19 मार्च से 27 मार्च तक) धार्मिक कार्यक्रम के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मां सतरूपा शीतला और ज्योत के दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर में जुटते है। सतरूपा शीतला सेवासमिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व के पहले दिन 19 मार्च को शुभ मुहुर्त पर सुबह 11.36 बजे कलश स्थापना व ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं अज्जू (AJJU) आ. हरीशचंद्र (HARISCHANDRA), उम्र 23 वर्ष, वर्तमान निवासी कातुबोर्ड दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. स्थायी निवासी ग्राम हसदा, पोस्ट हिरी, तहसील धमधा जिला दुर्ग छ.ग. का हूं, मेरा जन्म दिनांक 12/10/2003 को हुआ है मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम अज्जू साहू (AJJU SAHU) आ. हरीश्चंद्र साहू (HARISHCHANDRA SAHU) दर्ज है, मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड क्रमांक 7172 4101 5719 में मेरा नाम अर्जुन साहु (ARJUN SAHU) आ. हरीचंद साहू (HARICHAND SAHU) दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है, मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम अज्जू (AJJU) पिता हरीशचंद्र (HARISCHANDRA) दर्ज है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम अज्जू (AJJU) आ. हरीशचंद्र (HARISCHANDRA) है। मेरे कक्षा 10वी के अंकसूची में मेरा नाम AJJU आ. HARISCHANDRA दर्ज है मेरे पिता के मतदाता परीचय पत्र में मेरे पिता का नाम हरीशचंद्र साहू (HARISCHANDRA SAHU) दर्ज है जो कि सत्य व सही है। अज्जू (AJJ) आ. हरीशचंद्र (HARISCHANDRA) व अर्जुन साहू (ARJUN SAHU) आ. हरीचंद साहू (HARICHAND SAHU) दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है अर्थात मेरा नाम है।

अतः इस प्रकाशन के बाद से मुझे अज्जू (AJJU) आ. हरीशचंद्र (HARISCHANDRA) के नाम से जाना व पहचाना जावे तथा यही नाम समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित हो।

आजू साहू
निवासी -कातुबोर्ड दुर्ग

नाम परिवर्तन सूचना

मैं प्रमोद कुमार (PRAMOD KUMAR) आ. पुनाराम मनहर (PUNARAM MANHAR) उम्र 41 वर्ष, निवासी मं.नं. 414, ग्राम व पोस्ट कुरूद भिलाई, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं, मेरा नाम प्रमोद कुमार (PRAMOD KUMAR) आ. पुनाराम मनहरे (PUNARAM MANHARE) दर्ज है, मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे पिता के नाम के साथ उपजाति मनहरे (MANHARE) दर्ज है तथा मेरे पिता के राजस्व रिकार्ड में मेरे पिता के नाम के साथ उपजाति मनहर (MANHAR) है जो कि सत्य व सही, वास्तविक नाम प्रमोद कुमार (PRAMOD KUMAR) व मेरे पिता का नाम पुनाराम मनहर (PUNARAM MANHAR) है। मेरे पिता श्री पुनाराम मनहर आ. श्री कुवंर लाल के नाम से मौजा ग्राम नवागांव, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. बोरी, तह. बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. में कृषि भूमि स्थित है जिसमें मेरे पिता का नाम पुनाराम मनहर आ. श्री कुवंर लाल दर्ज है जो कि सत्य व सही है। पुनाराम मनहर (PUNARAM MANHAR) व पुनाराम मनहरे (PUNARAM MANHARE) दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है अर्थात मेरे पुत्र का नाम है।

अतः इस प्रकाशन के बाद से मुझे प्रमोद कुमार (PRAMOD KUMAR) आ. पुनाराम मनहर (PUNARAM MANHAR) के नाम से जाना व पहचाना जावे तथा यही नाम समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित हो।

प्रमोद कुमार
मो. नं.-9561680745

न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 2
मामले की श्रेणी: राजस्व

सदर्भः जिला राजनांदगाँव तहसील-राजनांदगांव प.ह.न.-00062 अंजोरा ग्राम के नामातरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202526420511600024

ईश्तहार

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00062 के अंतर्गत ग्राम अंजोरा के वर्तमान भूमिस्वामी शेर सिंह निषाद पिता/पति-तीरथ राम निषाद पता-धौलापुर चौक अंजोरा थनौद जिला दुर्ग. घनश्याम सिंह निषाद पिता/पति-तीरथ निषाद पता-कृष्णानगर सुपेला भिलाई तह और जिला दुर्ग, भीखम सिंह निषाद पिता/पति-तीरथ निषाद पता-धौलापुर चौक अंजोरा थनौद जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 147/3 (0.1850), 154/1(0.5090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शेर सिंह निषाद पिता/पति-तीरथ राम निषाद पता-धौलापारा जोरा थनौद जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/04/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 2 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/03/2026 को जारी किया जाता है।

सील
नायब तहसीलदार
Pyarelal Nag
राजनांदगांव

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

रा.प्र.क. 202603100400/2//अ-02/2025-26

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री / श्रीमती बिसेलाल व अन्य 01 पिता/पति परदेशी साहू निवासी शक्ति नगर दुर्ग द्वारा नीचे वर्णित 'अनुसूची में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 यथा संशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है।

'अनुसूची'

ग्राम का नाम, प.ह.नं. 16 जहां आवेदित भूमि स्थित है	आवेदित भूमि का खसरा नंबर	रकबा हे. / वर्गमीटर में	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. सिकोला तहसील व जिला दुर्ग	194/22	0.0220	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन/पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक) 8.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला दुर्ग

समक्षः श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मै अंजना कंवर पिता उमेश चंद्र कंवर, उम्र 25 वर्ष निवासी 30 ब्लाक, शिवानंद नगर, कुम्हारी, पोस्ट डब्ल्यू आर एस कालोनी, जिला-दुर्ग (छ0ग0) की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँः- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है । यह कि, मेरे जन्म प्रमाण पत्र मे मेरा नाम अंजना प्रार्थना कंवर दर्ज है एवं मेरे माता का नाम एडलीना दर्ज है । यह कि, मेरे आधार कार्ड मे अंजना कंवर दर्ज है एवं मेरे माता के आधार कार्ड मे उनका नाम एडलिना कंवर दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है । यह कि, मै अपने जन्म प्रमाण पत्र मे अपना नाम अंजना कंवर दर्ज कराना चाहती हूँ एवं मेरे जन्म प्रमाण पत्र मे माता का नाम एडलिना कंवर दर्ज कराना चाहता हूँ जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है । अतः नाम की भिन्नता के संबंध मे पेपर प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD202526430103900152

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी रोहणी देवांगन पिता/पति-स्व. रामदीन देवांगन पता-बनियापारा, दुर्ग, उर्मिला बाई पिता/पति-स्व. रामदीन देवांगन पता-बनियापारा, दुर्ग, दर्शादा देवांगन पिता/पति-स्व. रामदीन देवांगन पता-बनियापारा, दुर्ग, मनोहर देवांगन पिता/पति-स्व. रामदीन देवांगन पता-बनियापारा, दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 973/1(0.0150) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दशोदा देवांगन पिता/पति-स्व. रामदीन देवांगन पता-बनियापारा, दुर्ग, रोहणी देवांगन पिता/पति-स्व. रामदीन देवांगन पता-बनियापारा, दुर्ग, उर्मिला बाईपिता/पति-स्व. रामदीन देवांगन पता-बनियापारा, दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/04/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालयतहसीलदारदुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/03/2026 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदारः
Prafull Kumar Gupta
तहसीलदार, दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

-:: ईश्तहार ::-

(रा0प्र0क0/202603101000080/अ-6. अ/वर्ष 2025-26)

इस न्यायालय का रा.प्र.क्रं. 202603101000080/अ-6 (अ) वर्ष 2025 26 आवेदिका/आवेदक श्रीमती सिमरन कौर पति स्व. राजेश कुमार वर्मा एवं अन्य 04 निवासी राम नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग ग्राम कोहका प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 9059/6, 9150, 9160 रकबा 0.053, 0.030, हे. आवेदकगण के नाम पर शमिलात खातें में दर्ज है। उक्त भूमि में आवेदक कमांक 02 के पति श्यामलाल वर्मा के स्थान 0.0205, पर त्रुटिवश श्यामलाल चौधरी दर्ज हो गया है एवं आवेदिका कं. 01 के पति राजेश कुमार वर्मा पिता पिता श्यामलाल वर्मा की मृत्यु दिनांक 21.11.2020 को हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने एवं श्यामलाल चौधरी के स्थान पर श्यामलाल वर्मा सुधार किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06/04/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202602/0330002031/6 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / शवेदिका एक साकविता/पत्ति निर्भीम जाकर निवासी वैजनाथ पारा मुकुन्द करन गौजा भर्नाद प.ह. नं 025 रा.नि. मंडल कंपेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. रकबा 397 10170? हे निर्भय सोकर के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक...4/12/05 -को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 18/03/2026 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/2/326 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

सील
न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान् अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

//शपथपत्र//

मैं शपथकर्ता जिनेश कुमार (JINESH KUMAR) पिता भागवत प्रसाद देवांगन, उम्र 40 वर्ष, निवासी- मकान नं. 95, गणेश चौक. रिलायंस टावर, पोस्ट-सुरडुंग, जे.सी.डब्ल्यू, वार्ड-04, ग्राम जरवाय, जामुल, तह. भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :- 1. यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करता हूं। 2. यह कि, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड कमांक-4530 2243 4774 में मेरा नाम जिनेश कुमार (JINESH KUMAR) अंकित है। इसी प्रकार मेरे पुत्री के आधार कार्ड कमांक-3899 3982 1860 में उसका नाम प्रांशी देवांगन (PRANSHI DEWANGAN) अंकित है। 3. यह कि, मेरी पुत्री प्रांशी देवांगन (PRANSHI DEWANGAN) जिसकी जन्मतिथि 26/12/2019 है जो कि कक्षा पहली में Shiva Public Higher Sec. School, Bhilai-3 में अध्यनरत है जिसके दाखिल पंजी व शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अंकसूची में उसका नाम PRANSHI DEWANGAN पिता JINESH DEWANGAN अंकित है। 4. यह कि, मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम प्रांशी देवांगन (PRANSHI DEWANGAN) पिता जिनेश कुमार (JINESH KUMAR) अंकित है। है. यह कि, मेरे पुत्री का सही व वास्तविक नाम प्रांशी देवांगन (PRANSHI DEWANGAN) पिता जिनेश कुमार (JINESH KUMAR) को शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे पुत्री के शालेय रिकार्ड, अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत् आउनुक स दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि कंडिका 1 से 5 तक में दिये गये कथन स मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही है जिसे मुकाम भिलाई-3 में आज दिनांक र सत्यापित कर दिया हूँ।

पहचानकर्ता
सील
अनुविभागीय दण्डाधिकारी
20 भिलाई-3, जिला-दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क. 40 अ-20(3)/ वर्ष 2025-26
202603103800007

आवेदक अमरचंद पिता स्व. गोपीलाल जा. गांधी, निवासी पोलसाय पारा दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 60 बी, भूखण्ड क. 20 का टुकड़ा, रकबा 907 वर्गफीट भूमि श्रीमती पार्वती बाई पति स्व. गोपीलाल जा. गांधी के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा पंजीकृत वसीयतानामा दिनांक 06.08.2021 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामांतरण दर्ज करने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.03.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.:- 20260310080002/अ-6 (अ)/ वर्ष 2025-26
ग्राम- दारगांव / प.ह.नं.- 23
जारी दिनांक- 10/03/2026
आगामी पेशी दिनांक- 25/03/2026

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरोज बाई पिता सुखदास, उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम राहुद, तहसील गुण्डरदेही, जिला-बालोद छ.ग. द्वारा आवेदन किया गया है कि ग्राम दारगांव, प.ह.नं. 23 में स्थित खसरा नंबर 2044/2 रकबा 0.17 हे. भूमि भू-अभिलेख ऑनलाईन रिकार्ड पर आवेदिका का नाम सरोज बाई पिता सुखदास का नाम दर्ज है, जो सहीं है। किन्तु उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका क्र./पी 4063608 में आवेदिका का नाम सरोजनी बाई पिता सुखदास का नाम त्रुटि वश दर्ज है। अतः आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ खाते की नकल व नामांतरण पंजी एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका क्र./पी 4063608 में सुधार करतें हुये आवेदिका/भूमिस्वामी सरोजनी बाई पिता सुखदास के स्थान पर सरोज बाई पिता सुखदास दर्ज करानें की निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 25/03/2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नवागांव में कर्मा जयंती महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न

■ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माँ कर्मा की 1010वीं जयंती के अवसर पर ग्राम नवागांव (कण्डेल) में मां कर्मा जयंती महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। ग्रामीण साहू समाज नवागांव के तत्वावधान में संत माता कर्मा सामुदायिक भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों, मातृशक्तियों एवं युवाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर ग्राम भ्रमण किए। तदुपरांत मां कर्मा की भव्य आरती हुई। इसके पश्चात अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। अपने

प्रेरणादायी उद्बोधन में रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि माँ कर्मा साहू समाज की आस्था, शक्ति और एकता की प्रतीक हैं, उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, समाज की उन्नति शिक्षा, संस्कार और संगठन से ही संभव है, हमें अपने बच्चों को शिक्षित और संस्कारित बनाकर समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। साहू ने ग्रामीण साहू समाज की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में एकजुटता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप जिला साहू संघ धमतरी अध्यक्ष कह्यगणेश राम साहू, जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य नीलेंद्री देवांगन साहू, जिला साहू संघ धमतरी उपाध्यक्ष लालजी साहू, अध्यक्ष, साहू समाज परिक्षेत्र छुरा टेकराम साहू, किशन लाल साहू, ग्राम पंचायत सरपंच लखन लाल ध्रुव आदि उपस्थित रही।

माता कर्मा का जीवन हमें समाज सेवा की प्रेरणा देता है: द्वारिकाधीश

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम बकमा में साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। इस दौरान उन्होंने मां कर्मा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। अतिथि के रूप में संजू साहू, मिलन साहू, देवेश साहू, पुखराज साहू, देवनाथ साहू, अंजोर ठाकुर, शहजान पाशा, रमेश साहू उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक यादव ने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि भक्ति और समर्पण की प्रतीक भक्त माता कर्मा का जीवन हमें समाज सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने भक्त माता कर्मा को नमन करते हुए माता कर्मा के बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

न्यूज गैलरी

चैत्र नवरात्र में सिरपुर में जलेगी आस्था की अखंड ज्योत, अष्टमी पर भंडारा

महासमुंद/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर सिरपुर स्थित जय चंडी दाई मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मनोकामना पूर्ति के लिए अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

गंधेश्वरनाथ महादेव ट्रस्ट, सिरपुर द्वारा तेल ज्योत के लिए 651 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। ट्रस्ट के दाऊलाल चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 मार्च को अभिजीत मुहूर्त प्रातः 11:36 बजे से दोपहर 12:24 बजे तक कलश स्थापना एवं विधिवत पूजन किया जाएगा।

नवरात्र के दौरान 23 मार्च को पंचमी, 25 मार्च को सप्तमी तथा 26 मार्च को अष्टमी मनाई जाएगी। अष्टमी के दिन ट्रस्ट समिति की ओर से भंडारे का विशेष आयोजन रखा गया है। इसके अलावा पूरे नवरात्र पर्व के दौरान प्रतिदिन मां चंडी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई है, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में नवरात्र के दौरान धार्मिक माहौल रहेगा और दूर-दराज से भक्तजन मां चंडी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

स्वयंसेवकों ने श्रमदान से किया नाले की सफाई

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर की जीवनरेखा माने जाने वाले सितली नाला को पुनर्जीवित करने के लिए चल रहे 'अविरल सितली, निर्मल सितली' अभियान के तहत मंगलवार को एक प्रेरणादायक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महासमुंद के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नाले की सफाई के लिए श्रमदान किया। स्वयंसेवकों ने एनीकट व आसपास के क्षेत्रों में जमा कचरा, झाड़ियाँ और मलबा हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता भी फैलाई गई। समिति ने नागरिकों से अपील की कि श्मशान घाट के पीछे राख और अन्य सामग्री को सीधे नाले में प्रवाहित न करें। केवल सांकेतिक रूप से एक मुट्ठी राख बहाएं और शेष को खेतों में खाद के रूप में उपयोग करें। समिति ने बताया कि इससे न केवल नाले का प्रदूषण कम होगा, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी। अभियान से जुड़े सदस्यों ने शहरवासियों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा सितली नाला हमारी साझा धरोहर है। इसे स्वच्छ और अविरल बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, पर्यावरण प्रेमी और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस जनअभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

इंटरस्टेट मूवमेंट पर पुलिस की नजर: लाखों के आभूषण पकड़ाएं

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने टेमरी नाका पर वाहन चेकिंग के दौरान ओडिशा की ओर से आ रही एक सफेद मारुति सेलेरियो कार (क्रमांक सीजी 04 पीवाई 7882) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की बीच सीट में रखे तीन बैगों में 10 प्लास्टिक डिब्बों में पैक कुल 41 पैकेट चांदी के फैंसी आभूषण बरामद किए गए, जिनका कुल वजन 21.089 किलोग्राम और अनुमानित कीमत 54 लाख 60 हजार रुपये है। वाहन में सवार व्यक्तियों ने अपना नाम टिकेश कुमार साहू (38) निवासी बाना, थाना उरला, जिला रायपुर एवं विरेन्द्र प्रधान (50) निवासी मठपारा, थाना टिकरापारा, जिला रायपुर बताया। पूछताछ में उन्होंने आभूषणों को ओडिशा से रायपुर ले जाना बताया, लेकिन वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर पुलिस ने धारा 94 बीएनएस के तहत नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगे, किन्तु संतोषजनक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर गवाहों की उपस्थिति में आभूषण एवं वाहन जब्त कर लिया गया।

मोंगरा में आयोजित श्रीराम कथा में शामिल हुए तुषार

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम मोंगरा में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार ने कहा कि रामायण मुख्य रूप से सात कांडों (बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, युद्धकांड और उत्तरकांड) में विभाजित है। महर्षि वाल्मीकि को 'आदिकवि' कहा जाता है। वे पहले एक साधारण शिकारी थे जिनका नाम रत्नाकर था। जब वे महर्षि नारद के संपर्क में आए, तो आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया और गहन तपस्या की। उनके अंदर परिवर्तन इतना गहरा था कि वे वाल्मीकि (वल्मीक-दीमक का टीला) कहलाए क्योंकि वे ध्यानस्थ स्थिति में इतने समय तक बैठे रहे कि उनके चारों ओर दीमकों का टीला बन गया।

ईडी ने भारतमाला परियोजना में 23.35 करोड़ की चल अचल संपत्ति की कुर्क

अभनपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर आंचलिक कार्यालय ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर-विशाखापत्तनम राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना से संबंधित भूमि अधिग्रहण मुआवजे में धोखाधड़ी के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 23.35 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है।

छत्तीसगढ़ के आर्थिक अपराध विभाग/भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो ?द्वारा भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरु की। इसके बाद, उक्त एफआईआर में हरमीत सिंह खानुजा और अन्य के खिलाफमाननीय विशेष न्यायालय (पीसी एक्ट), रायपुर के समक्ष आरोप पत्र दायर किया गया।

फर्जी भूमि अभिलेखों के जरिए करोड़ों का घोटाला उजागर

ईडी की जांच में आगे पता चला कि हरमीत सिंह खनुजा ने खेमराज कोशले, पुनुरम देशलहरे और कुंदन बघेल सहित अपने सहयोगियों के साथ मिलकर भूस्वामियों को हलफनामे, आवेदन पत्र और राजस्व कागजात जैसे विभिन्न दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित किया और कुछ सरकारी अधिकारियों की सहायता से भूमि अभिलेखों का फर्जी विभाजन करवाया। इस प्रकार के हेरफेर किए गए अभिलेखों के आधार पर, वैध हक से कहीं अधिक मुआवजे की राशि वितरित की गई।

जांच से पता चला कि रायपुर-विशाखापत्तनम राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के संबंध में धोखाधड़ी से अधिक और अयोग्य मुआवजा प्राप्त करने के लिए भूमि दलालों, निजी व्यक्तियों और कुछ सरकारी कर्मचारियों ?द्वारा एक आपराधिक साजिश रची गई थी। इस साजिश को आगे बढ़ाने के लिए, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 30.01.2020 को जारी अधिसूचना के बाद राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी और पिछली तिथि डालकर भूमि पार्सल का धोखाधड़ी से उपविभाजन किया गया, जिससे अधिग्रहित भूमि के लिए देय मुआवजे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया।

आगे की जांच में पता चला कि भूस्वामियों के नाम पर कई बैंक खाते खोले गए थे और इन खातों में मुआवजे की राशि जमा की गई थी। इसके बाद, भूस्वामियों से प्राप्त पूर्व - हस्ताक्षरित खाली चेक और बैंकिंग दस्तावेजों का उपयोग करके, मुआवजे की राशि का एक बड़ा हिस्सा हरमीत सिंह खनुजा, उनके रिश्तेदारों, सहयोगियों और उनके नियंत्रण वाली संस्थाओं के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि भूस्वामियों को केवल पात्र मुआवजा या उससे थोड़ी अधिक राशि ही मिली।

चावल घोटाले के आरोपियों के खिलाफ दर्ज हो एफआईआर : पंकज साहू

महासमुंद/नवप्रदेश। नागरिक कल्याण समिति के सदस्य व पूर्व पार्षद पंकज साहू ने शहर के तीन राशन दुकानों में हुए चावल घोटाले के आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर तत्काल चावल गबन की राशि वसूली करने की मांग शासन-प्रशासन से की है। साहू ने बताया कि शहर में महिला स्व-सहायता समितियों द्वारा संचालित 3 राशन दुकानों में बड़ी मात्रा में चावल घोटाला की पुष्टि जांच में हुई है। पूर्व में संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण संचालनालय नया रायपुर छग तथा कलेक्टर महासमुंद, खाद्य अधिकारी महासमुंद को पत्र प्रेषित कर इन राशन दुकानों में हुए

भ्रष्टाचार, चावल की अनियमितता की उचित जांच कर सख्त कार्रवाई, गबन की गई चावल की वसूली तथा अनियमितता में लिप्त लोगों के विरूद्ध एफआईआर की मांग थी कि उत्कल महिला बचत एवं साख समिति महासमुंद दुकान आईडी क्रमांक 581001017 व मां महामाया प्राथमिक उपभोक्ता भंडार समिति आईडी क्रमांक 581001013 तथा गौरा गौरी खाद्य सुरक्षा पोषण उपभोक्ता सह. समिति आई.डी. क्रमांक 581001021 के संचालकों द्वारा 1 करोड़ की पीडीएस चावल की अनियमितता करते हुए राशि के गबन के बाद तीनों दुकानों की भौतिक जांच की और शिकायत सही पाया।

'घोटाले की चावल की हो वसूली'

पूर्व पार्षद पंकज साहू ने लगभग एक करोड़ रु. के चावल घोटाले में प्रशासन द्वारा की गई निलंबन की कार्रवाई को नाकाफी बताते हुए गरीबों के हक का लाखों का चावल डकारने वाले भ्रष्टाचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होनें कहा है कि लिप्त लोगों के विरूद्ध थाने में अपराध दर्ज कर घोटाले की चावल की राशि वसूल कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार का कृत्य करने से पहले ऐसे भ्रष्टाचारियों पर लगाम लगे।

बाइक से एमपी ले जा रहा था 7 किलो गांजा, 2 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं सिंघोड़ा पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी करते हुए एक आरोपी और एक विधि से संघर्षरत बालक सहित कुल दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से एक बिना नंबर की चञ्रू मोटरसाइकिल में गांजा लेकर दो व्यक्ति आ रहे हैं। सूचना के आधार पर एनएच-53 स्थित

रेहटीखोल में नाकाबंदी कर जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें सीट के बीच रखे बैग से 7 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पारस लोधी (18) निवासी जबलपुर (मध्यप्रदेश) बताया। उसने बताया कि गांजा ओडिशा से जबलपुर ले जाया जा रहा था। मामले में एक अन्य नाबालिग भी शामिल पाया गया है, जिसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 लाख 50 हजार रुपये मूल्य का गांजा, 75 हजार रुपये कीमत की बिना नंबर केटीएम मोटरसाइकिल तथा 5 हजार रुपये का मोबाइल फोन जब्त किया है। कुल जब्त संपत्ति की कीमत 4 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है।

साहू समाज की यात्रा समावेशी विकास पर आधारित : सोनबरसा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अभनपुर परिक्षेत्र साहू समाज के द्वारा साहू समाज को और अधिक संगठित एवं पल्लवित करने के उद्देश्य से भक्तिन करमा माता की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन अलग-अलग दिनांक एवं तिथि के माध्यम से अभनपुर के 139 गांव में शोभा यात्रा निकाली जा रही है। जिसका एकमात्र उद्देश्य साहू समाज की एकता एवं अखंडता को बनाए रखना एवं समावेशी विकास पर ध्यान देने हेतु विविध प्रयास अभनपुर परिक्षेत्र साहू समाज के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष,

तमाम पदाधिकारी गण, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सभी पदाधिकारी, माता एवं बहनों का भरपूर सहयोग है।इस भव्य शोभायात्रा से विगत दिनों में ग्राम सिवनी अभनपुर में शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सेवा नियुक्त प्राचार्य एस आर सोनबरसा जी ने उद्बोधन में साहू समाज के गौरव एवं ऐतिहासिक भव्य यात्रा के बारे में बताएं की भक्त करमा माता की सेवा, भक्ति एवं कर्तव्य से न केवल साहू समाज का अपितु पूरे देश मानव समाज पर व्यापक दिखाई देता है एवं फैली हुई साहू समाज की विशालता से विभिन्न क्षेत्रों के बारे में वर्णन किया। साथ ही साथ साहू समाज की प्रदेश एवं परिक्षेत्र इकाई के आधार पर विभिन्न कार्यक्रम महिला एवं युवा विकास भी सामाजिक सहभागिता के माध्यम से भवन निर्माण हुआ।

नगर पंचायत में वाटर एटीएम बदहाल, लाखों की योजना फेल

■ गर्मी में भी नहीं मिल रहा पानी

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर पंचायत क्षेत्र में आम जनता और राहगीरों को सस्ता व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाया गया वाटर एटीएम आज बदहाली का शिकार हो चुका है। लाखों रुपये खर्च कर लगाई गई यह मशीन शुरू से ही अधिकतर समय बंद पड़ी रही है, जिससे इसका लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, जब से यह वाटर एटीएम लगाया गया है, तब से यह शायद ही कभी नियमित रूप से चालू रहा हो। अधिकतर समय मशीन खराब ही रहती है और जिम्मेदारों द्वारा इसकी मरम्मत या मेंटेनेंस पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया। नतीजतन, यह योजना कागजों तक सीमित होकर रह गई है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और तापमान लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में लोगों को ठंडे और स्वच्छ पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। बावजूद इसके, नगर पंचायत की ओर से अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को मजबूरी में बाजार से महंगा पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।इस पूरे मामले में एक बड़ी खामी वाटर एटीएम की लोकेशन को लेकर भी सामने आ रही है। जिस स्थान पर इसे लगाया गया है, वहां लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रहती है। यदि इसे मुख्य मार्ग या चौपाटी जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थापित किया जाता, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खाने-पीने के लिए आते हैं और बाहरी यात्री भी रुकते हैं, तो इसका लाभ कहीं अधिक लोगों को मिल सकता था।

स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि इस मशीन के रखरखाव के लिए किसी प्रकार की ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। न तो नियमित जांच होती है और न ही खराब होने पर तुरंत सुधार किया जाता है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरती गई है।

50 पत्रकारों की 4 दिवसीय जगन्नाथ पुरी यात्रा संपन्न

धमधा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ, जिला इकाई दुर्ग के 50 पत्रकार साथियों की 4 दिवसीय तीर्थ यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यह यात्रा जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर एवं कोणार्क के पवित्र एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन एवं भ्रमण के साथ पूर्ण हुई। इसी में धमधा संघ के सभी साथी अध्यक्ष निकेत ताम्रकार के नेतृत्व में सम्मिलित हुए। यात्रा के दौरान सभी पत्रकारों ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही भुवनेश्वर के प्रमुख मंदिरों एवं कोणार्क सूर्य मंदिर का अवलोकन कर ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को नजदीक से देखा।

मृत्युंजय और खिलेश ने किया कमाल, धौराभाठा स्कूल बना पूरे क्षेत्र की प्रेरणा!

सरकारी स्कूल के बच्चों ने किया कमाल, नवोदय में चयन से बढ़ा मान!

■ भिनोदा और गगोरी के बच्चों ने बढ़ाया गौरव

■ नवोदय में चयन से जश्न का माहौल!

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़) नवप्रदेश। जहां एक ओर अक्सर शासकीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए जाते हैं, वहीं शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण से एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। ग्राम पंचायत भिनोदा और गगोरी के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का

जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने से पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है।

भिनोदा निवासी मृत्युंजय लहरे एवं गगोरी निवासी खिलेश कुमार मनहर ने अपनी लगन, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के दम पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि दोनों ही छात्र अपने-अपने गांव के पहले ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंने नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाकर इतिहास रच दिया है। उनके इस चयन से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव, विद्यालय और क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। इस सफलता के पीछे विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत, मार्गदर्शन और बच्चों के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से झलकता है। सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षकों ने जिस तरह से बच्चों को तैयार किया, वह काबिले तारीफहै। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि निष्ठा और लगन के साथ कार्य किया जाए, तो सरकारी स्कूल भी उत्कृष्ट परिणाम दे सकते हैं और बड़े-बड़े निजी विद्यालयों को चुनौती दे सकते हैं।

मृत्युंजय और खिलेश की इस उपलब्धि ने क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों में भी नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। अब गांव के बच्चे भी बड़े सपने देखने लगे हैं और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा विद्यालय परिवार और शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

निस्संदेह, यह उपलब्धि केवल दो विद्यार्थियों की सफलता नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। धौराभाठा विद्यालय ने यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची मेहनत, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। यह सफलता आने वाले समय में क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करेगी।

गायत्री शक्तिपीठ नवापारा में गीत संगीत प्रशिक्षण का शुभारम्भ

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गायत्री शक्तिपीठ नवापारा में दिनांक 17 मार्च से शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में कर्मकांड, डफली और गीत संगीत का प्रशिक्षण की शुरुआत वैदिक मंत्रोचार देव स्थापना कर दीप प्रज्जवलित और गुरु पूजन के साथ शुभारम्भ हुआ। इसमें अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण में लगातार गायत्री यज्ञ, सभी तरह के धार्मिक संस्कार, ढपली और संगीत का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, गायत्री परिवार के विभिन्न शाखाओं एवं केंद्रों के माध्यम से समाज में यज्ञ, संस्कारों का प्रचार-प्रसार करना है।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के साझा प्रयासों से अब बाल श्रम, बाल विवाह मुक्त बनेगा कबीरधाम

■ **बाल श्रम मुक्ति के लिए जागरुकता रथ रवाना**

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले को बाल श्रम ,बाल विवाह के अभिशाप से मुक्त करने और बच्चों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर से 'बाल श्रम मुक्ति जागरूकता रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी ने श्बाल विवाह मुक्ति रथश् को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह अभियान 'एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन' कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के 'पैन इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन कैंपेन फॉर एराडिकेशन ऑफचाइल्ड एंड एडोलसेंट लेबर' के अंतर्गत चलाया जा रहे अभियान का समर्थन करता है, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले में बाल श्रम पर पूर्णतः रोक लगाना है। कृषक सहयोग संस्थान बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जमीन पर काम कर रहे 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है।

बच्चे देश का भविष्य , कलेक्टर

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा बच्चे देश

का भविष्य हैं और उनका स्थान कारखानों या दुकानों में नहीं, बल्कि स्कूलों में है। बाल श्रम न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह एक बच्चे के मौलिक अधिकारों का हनन भी है। कबीरधाम जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए शासन और प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस जागरूकता रथ का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक यह संदेश पहुँचाना है कि बच्चों से मजदूरी कराना उनके बचपन को छीनना है। मैं जिले के सभी नागरिकों, व्यापारियों और नियोक्ताओं से अपील करता हूँ कि वे इस मुहिम में सहभागी बनें और यदि कहीं भी बाल श्रम की सूचना मिले, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने इस अवसर पर बाल श्रम के खिलाफ तैयार किए गए विशेष जागरूकता पोस्टरों का विमोचन भी किया और संस्था के प्रयासों की सराहना की।

जागरुकता रथ का उद्देश्य और कार्ययोजना

कार्यक्रम के दौरान बाल श्रम मुक्ति रथ यात्रा के संयोजक श्री आशु चंद्रवंशी ने बताया कि इस रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य जिले के विभिन्न क्षेत्रों और शहरी बस्तियों में जाकर लोगों को बाल श्रम कानून के प्रति जागरूक करना है। रथ में लगे लाउडस्पीकर, पोस्टरों और वितरण किए जाने वाले पर्चों के माध्यम से शासन के कड़े निर्देशों की जानकारी दी जाएगी।इसके साथ ही 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराने पर होने वाली सजा और जुर्माने के प्रावधानों के बारे में लोगों को बताया जाएगा।संकटग्रस्त और श्रम में लगे बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में प्रशासन की मदद करना है। यह रथ जिले के विभिन्न हाट-बाजारों, बस स्टैंडों और संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर जन-संवाद स्थापित करेगा।इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंचल यादव, बाल संरक्षण अधिकारी क्रांति साहू, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन से खेमलाल खटर्जी, जिला समन्वयक ललित सिन्हा उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही, 3.60 लाख लगाया जुर्माना

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले की सडक़ो पर दुर्घटनाएं रोकने मे जूटी जिला पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालो के खिलाफ लगातार जारी कार्यवाही एवं अभियान के तहत 27 वाहनचालको को जांच के दौरान शराब के नशे मे वाहन चलाते पकड़ा । 27 शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर न्यायालय द्वारा इन वाहन चालको पर तीन लाख 60 हजार रू का अर्थदंड लगाया गया है । जिला पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर वाहन जांच अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वाले वाहन चालकों पर मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन करने परिवहन विभाग को जानकारी भेजी है । यातायात नियमों का पालन कराने जन जागरूकता कार्यक्रम से नियमों की जानकारी दे रही जिला पुलिस नियमों के उलंघनकर्ताओ पर मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही कर रही है ।

आयुष्मान कार्ड निर्माण में शत-प्रतिशत हितग्राहियों को जोड़ने के निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन , निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समग्र शिक्षा अंतर्गत अप्रारंभ कार्यों की स्थिति की समीक्षा में संबंधित अधिकारियों को कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आयुष्मान, आभा एवं वय वंदन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर सभी पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने जल संरक्षण के तहत जल शक्ति अभियान अंतर्गत कैच द रेन अभियान की प्रगति, पीएम सूर्यघर योजना में सोलर इंस्टॉलेशन की संख्या बढ़ाने तथा धान उठाव की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पीएम श्री स्कूल योजना के उद्देश्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति के बाद कलेक्टर ने गुणवत्ता युक्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में विभागीय योजनाओं की रैंकिंग में सुधार लाने हेतु अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा। मुख्यमंत्री जनदर्शन, जन शिकायत, कलेक्टर जनदर्शन एवं पीजी पोर्टल में प्राप्त आवेदनों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

30वां भोरमदेव महोत्सव एक दिन रहास, चर्चा का विषय बना

कवर्धा/नवप्रदेश। मैकल पहाड़ी श्रृंखलाओं से घिरे सुरम्य एवं ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर में 30वें भोरमदेव महोत्सव का आयोजन किया गया। पहले जहां यह महोत्सव 3 दिनों का होता था वहीं एक दिन का रहा जबकि विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर का यह महोत्सव में बड़े शहरों के भी कलाकार शामिल होते थे । लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ जो आम चर्चा का विषय बना रहा । महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान के साथ दीप प्रज्ज्वलन एवं मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोरमदेव की पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण सदस्य भगत पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बालका रामकिनकर वर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री नन्द श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, डॉ. वीरेन्द्र साहू, श्रीमती गंगा लोकचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष श्री गणेश, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हिंदू नव वर्ष पर भव्य मोटरसाइकिल शोभायात्रा आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर आज दिनांक 19 मार्च गुरुवार को शहर में भव्य मोटरसाइकिल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेतृत्व में सर्व सनातन समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन होगा। शोभायात्रा संध्या 4:00 बजे महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी श्रद्धालु मोटरसाइकिलों के साथ शामिल होंगे। भगवा ध्वजों और जयघोष के साथ यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः महावीर चौक पहुंचेगी। आयोजकों के अनुसार इस शोभायात्रा का उद्देश्य हिंदू नव वर्ष के प्रति समाज में उत्साह जागृत करना तथा सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना है। रैली के दौरान ÷जय श्री राम÷ और नववर्ष की शुभकामनाओं के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहेगा। इस आयोजन की खास बात यह है कि बड़ी संख्या में महिलाएं भी भगवा ध्वज लेकर भजनों की धुन पर शामिल होंगी, जिससे शोभायात्रा और अधिक आकर्षक व भव्य बनेगी। विश्व हिंदू परिषद के समरसता प्रमुख बाबाजी बौद्ध ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाएं और नववर्ष का स्वागत हर्षोल्लास के साथ करें। साथ ही संगठनों ने नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने-अपने घरों के सामने रंगोली सजाएं और दीप प्रज्वलित कर हिंदू नव वर्ष का स्वागत करें।

आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के दिए निर्देश, रेसलरों पर होगी कार्यवाही

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षित यातायात पर दिया जोर

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम , यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं परचर्चा की गई। कलेक्टर ने सडक़ों पर निर्धारित गति सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा प्रमुख स्थानों पर आकस्मिक चेकिंग अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चंद्रवाल ने आवारा पशुओं के कारण होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए गौठान योजना को प्रभावी बनाने तथा शहर में गौधाम योजना प्रारंभ करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले शासकीय अधिकारी कर्मचारियों पर भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बाइकरो पर कार्यवाही, पालको को नोटिस

बैठक में सडक़ों पर रेस ड्राइविंग करने वाले युवाओं , किशोरों को उनके पालकों के साथ बुलाकर समझाइश देने तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने सडक़ सुरक्षा के लिए व्यवहार परिवर्तन, जनभागीदारी एवं विभागों के समन्वित प्रयासों को आवश्यक बताते हुए सभी संबंधित विभागों को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

एनकॉर्ड की जिला स्तरीय बैठक,

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से गठित नार्को कोऑर्डिनेशन जिला स्तरीय समिति की बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में नशे के विरुद्ध ठोस, समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में नशा उन्मूलन हेतु जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने , पुलिस, राजस्व एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के संयुक्त निरीक्षण दल का गठन कर मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अवैध रूप से अफीम एवं गांजा जैसी फसलों की खेती पर रोक लगाने के लिए सतत निरीक्षण एवं सख्त कार्रवाई करने, भारत माता वाहिनी दल को अधिक सक्रिय करने , डिजिटल एवं ऑनलाइन माध्यमों से संचालित नशे के अवैध कारोबार पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए ।

डॉ. रमन सिंह, सांसद एवं महापौर ने दी हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह,सांसद संतोष पाण्डे तथा महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिको को हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा कि नवरात्रि का त्योहार हमे माता की पूजा अर्चना व उपासना का संदेश देती है तथा गुडीपडवा त्योहार हमारी संस्कृति एवं विरासत पर जोर देते हुये सामाजिक सद्भावना तथा अखंडता को बनाये रखने में महती भूमिका निभाती है। उन्होंनें कहा कि चैत्र नवरात्रि में नव दिनों तक माता की अराधना व पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही हिन्दू नव वर्ष का भी शुभारंभ होता है। हिन्दू नव वर्ष के कलेण्डर के आधार पर ही हम हिन्दू लोग धार्मिक त्योहार एवं व्रत मनाते है। उन्होंने इस पावन पर्व पर नागरिकों के मंगलमय जीवन की कामना की है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह, सांसद पाण्डे तथा महापौर यादव ने इस पावन प्रसंग पर बताया कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को सृष्टि की निर्मिति हुई, इसलिए इस दिन हिन्दू नववर्ष मनाया जाता है। इस दिन को संवत्सरारंभ, गुडी पडवा, विक्रम संवत् वर्षारंभ, युगादी, वर्ष प्रतिपदा, वसंत ऋतु प्रारंभ दिन आदि नामों से भी जाना जाता है। यह दिन महाराष्ट्र में 'गुडीपडवा' के नाम से भी मनाया जाता है।

निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा,नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्व सावन वर्मा,सुनील साहू,राजेश जैन रानू, बिना ध्रुव,शैंकी बग्गा,आलोक श्रोती,राजा माखीजा, वर्षा शरद सिन्हा, केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू,सहित अपील समिति के सदस्यों श्रुती लोकेश जैन, संतोष कुमार साहू, मोहनी बाई एवं सेवक राम उइके, वरिष्ठ सभापति खेमीन यादव, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल तथा पार्षदो ने नागरिकों को गुडीपडवा व हिन्दू नव वर्ष, चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर वासियों को शुभकामनाएं दी।

गर्मी में बढ़ रहा रेड आई का खतरा रहें सतर्क: डॉ. मुकेश

■ **नेत्र सहायक अधिकारी ने दी जरूरी सावधानियां लक्षण दिखते ही कराएं उपचार**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गर्मी का मौसम अपने साथ जहां तेज धूप और लू लेकर आता है वहीं यह आंखों से जुड़ी समस्याओं को भी बढ़ा देता है। विशेष रूप से कंजंक्टिवाइटिस जिसे आम भाषा में रेड आई या आई फ्लू कहा जाता है इन दिनों तेजी से फैलने वाली बीमारी बन जाती है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी डॉ. मुकेश साहू ने लोगों को इस बीमारी के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि समय पर पहचान और सही सावधानी से इस संक्रमण से बचा जा सकता है। यह आंख की पारदर्शी झिल्ली कंजंक्टिवा में सूजन होने की स्थिति है जिसमें आंखें लाल हो जाती हैं जलन होती है और स्राव डिस्चार्ज निकलता है। यह समस्या सामान्यतः 1 से 2 सप्ताह तक रह सकती है। डॉ. साहू के अनुसार इसके मुख्य कारण हैं वायरल संक्रमण

सबसे आम, अक्सर सर्दी-जुकाम के साथ बैक्टीरियल संक्रमण जैसे स्टैफिलोकोकस या स्ट्रेप्टोकोकस एलर्जी धूल, परागकण, पालतू जानवर या कॉन्टैक्ट लेंस जलन पैदा करने वाले तत्व धूल, धुआं, रसायन, गर्म हवा। अगर ये संकेत दिखें तो तुरंत सतर्क हो जाएं आंखों में लालिमा एक या दोनों खुजली, जलन या किरकिरापन पानी जैसा या गाढ़ा पीला/हरा स्राव सुबह पलकों पर पपड़ी जमना पलकों में सूजन और रोशनी से परेशानी। वायरल संक्रमण अक्सर अपने आप ठीक हो जाता है लेकिन डॉक्टर की सलाह जरूरी बैक्टीरियल संक्रमण एंटीबायोटिक आई ड्रॉप या मलहम सभी मामलों में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक केंद्र या जिला अस्पताल में उपचार उपलब्ध है।

वनविभाग के बजट चर्चा में शामिल हुईं विधायक यशोदा विभागीय मदों के खर्च और राशि बंदरबाट के जांच की मांग

■ **अवैध कटाई रोकने, रोजगार मूलक कार्यो को बढ़ावा देने का दिया प्रस्ताव**

खैरागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा मे जारी सत्र मे वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मांग एवं चर्चा मे शामिल हुई खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने खैरागढ़ जिले मे वनविभाग में व्याप्त शिकायतों समस्याओ और मांगो को प्रभावी ढंग से रखा । जिले की वनव्यवस्था पर वनमंत्री का ध्यान खींचते विधायक वर्मा ने वनविभाग खैरागढ़ मे कैंपा मद और विभागीय मदो से लगातार भारी भरकम राशि खर्च करने के बाद भी वनो के संरक्षण और संवर्धन की कार्यवाही नही होने की ओर ध्यान दिलाते कहा कि क्षेत्र के जंगलो मे अवैध कटाई लगातार जारी है वनभूमि पर लगातार अतिक्रमण करने जंगल उजाडऩे का काम जारी है । इलाके के मुरूमखदान, निजामडीह, हाथी झोला,गेरूखदान, बकरकटटा सहित साल्हेवारा इलाके के जंगल अवैध कटाई के चलते समतल मैदान बन गए है । रिकार्ड मे 50 पेड़ो के समूह को काटा जाना बताकर 5 सौ से अधिक पेड़ो की अवैध कटाई हो रही है । विधायक ने कहा कि विभाग के कुछ कर्मचारियो की मिलीभगत से इसको अंजाम दिए जाने की जानकारी है । जिस पर कार्यवाही जरूरी है । विधायक ने कहा कि संयुक्त वनप्रबंधन समितियो को मिलने वाली राशि का फर्जी प्रमाणक बनाकर बंदरबाट किया जा रहा है । लाभांश की राशि का उपयोग क्षेत्र की जगह डीएफ्ओ कार्यालयों के निर्माण और खरीदी कार्यो मे नियम विरूद्ध किया गया है । शासन की लचर व्यवस्था और भ्रष्ट तंत्र के चलते खेल लगातार जारी है । जिले के बचे वनक्षेत्रों मे वन्य प्राणियो को बचाने का प्रयास नही हो पाया है

। छोटी प्रजाति के खरगोश, लोमड़ी बिल्ली ही बचे है जिनकी संख्या दिनोदिन कम हो रही है । वनो की कटाई से भौगोलिक परिवर्तन हो रहा है । बिगड़े वनो के सूधार के लिए बेहतर राशि बजट मे स्वीकृत की गई है । लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते राशि खर्च नही की जा सकी ।

मुनारा की निर्माण वनक्षेत्रो मे हो वनविभाग बजट परिचर्चा मे विधायक यशोदा वर्मा ने प्रमुख मांगो को रखते भूलाटोला नर्सरी मे स्थापित मुनारा को वन क्षेत्रो मे किए जाने,व्यय की गई राशि के बंदरबाट की जांच कराने, मैदानी अमलो के निर्धारित मुख्यालयो पर नही रहने से वनो की अवैध कटाई पर लगाम लगाने कर्मचारियो को निर्धारित क्षेत्रो मे रखकर अतिक्रमण, कटाई, अवैध शिकार पर लगाम लगाने, सबसे बेहतर गुणवत्ता वाले जिले के वन क्षेत्रो मे तेंदुपत्ता और अन्य लघु उपज को बढ़ावा देने, वनमंडल की खराब दशा को सुधारे जाने,वनसंरक्षण और अवैध कटाई पर नियंत्रण करने, वनवासियो एवं ग्रामीणो की आजिविका से जुड़े वनोपज का समर्थन मूल्य निर्धारित करने विशेष प्रावधान करने, वन्य जीव संरक्षण, जंगली जानवरो से फसलो को बचाने, रोकथाम के उपाय किए जाने , जिले के वनक्षेत्रो मे पर्यटन की संभावनो को बढ़ाकर इको टूरिज्म , रोजगार और वनविकास को बढ़ावा दिए जाने, वनसडक़ो और आधारभूत सुविधाओ का विकास तथा क्षेत्र मे वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किए जाने की मांग की।

नवरात्रि: डोंगरगढ़ में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान, भारी वाहनों का प्रवेश शहर में प्रतिबंधित

डोंगरगढ़ में आवागमन के लिए ट्रैफिक एडवायजरी जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दिनांक 19.03.2026 से 27.03.2026 तक चैत्र नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु प्रदेश व प्रदेश के बाहर से लाखों श्रद्धालु पैदल व अन्य साधन से पहुंचते है। जो राजनांदगांव शहर के पाताल भैरवी एवं शीतला मंदिर से दर्शन करते डोंगरगढ़ पहुंचते है। नवरात्रि पर्व के दौरान पैदल यात्री मार्ग एवं वाहनों का मार्ग निर्धारण किया गया है। आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए सुगम यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा ट्रैफिक्र एडवायजरी *(दिनांक 19.03.2026 से 27.03.2026 तक के लिये)* जारी किया गया है। जो निम्नानुसार है। कलेक्टर महोदय के आदेश

अनुसार नवरात्रि पर्व के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश राजनांदगांव शहर में प्रतिबंधित रहेगा। बालोद की ओर से आने वाले भारी वाहनों को मोहारा बायपास से, खैरागढ़ की ओर से आने वाले भारी वाहनों को गठुला से एवं राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर एवं सीआईटी बायपास से डायवर्सन कर भारी वाहनों का प्रवेश नवरात्रि पर्व समाप्ति तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नवरात्रि पर्व के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में अंजोरा से ठाकुरटोला टोल प्लाजा की तरफ बायी ओर रायपुर- नागपुर मार्ग पर एवं ठाकुरटोला टोल प्लाजा से रामदरबार की ओर दाहिने तरफ पदयात्रियों के लिए आरक्षित किया गया है एवं वाहनों के आवागमन के लिए वन-वे कर सभी वाहनों को एक ही तरफ अंजोरा से ठाकुर टोला टोल प्लाजा तक दाहिने तरफ और ठाकुर टोला टोल प्लाजा से सीआईटी चौक तक बाई और विपरीत दिशा में चलाया जायेगा।* पदयात्री हेतु राजनांदगांव शहर के गौरी नगर, टांकापारा मार्ग, वेसलियन स्कूल, पुराना रेस्ट हाऊस रोड़, बल्देव बाग रोड, बीएनसी मिल, संगम चौक तुलसीपुर, बख्तावर चाल गली, अंडरब्रिज रेल्वे क्रासिंग मोतीपुर, नवागांव, लिटिया, सुकुल दैहान, मुसरा, बेलगांव, अछोली कट से अंडर ब्रिज बधिया टोला होते हुए छीरपानी पार्किंग डोंगरगढ़ मार्ग निर्धारित किया गया है।

राजनांदगांव की ओर से आने वाले सभी छोटे वाहन कार, मोटर सायकल के दर्शनार्थी तुमड़ीबोड़ से मुरमुंदा, मुरमुंदा से बधियाटोला, या गुरुद्वारा पार्किंग नंबर 1 या बधियाटोला से क्षीरपानी पहुंचकर क्षीरपानी पार्किंग नंबर 02 में अपने वाहन पार्किंग करेंगें एवं वापस जाने के लिए मुरमुंदा एवं मुरमुंदा से उरईडबरी नेशनल हाईवे में निकल जायेगें।

नागपुर की तरफसे छोटे वाहन में आने वाले दर्शनार्थी चिचोला से लालबहादुर नगर, गाजमर्रा से गौशाला पार्किंग नंबर 6 एवं 7 में वाहन पार्किंग करेंगे

खैंरागढ़ तरफ से आने वाले दर्शनार्थी अग्रसेन तिराहा पार्किंग नंबर 4 में या नगर पालिका पार्किंग नंबर 03 में वाहन पार्किंग करेंगें एवं उसी मार्ग से वापस जायेगें।

बोरतलाव की ओर से आने वाले दर्शनार्थी गौशाला पार्किंग में वाहन पार्किंग करेंगें एवं उसी मार्ग से वापस जायेगें।

गुरूद्वारा एवं क्षीरपानी पार्किंग के दर्शनार्थी वापस मुरमुंदा आयेगें और मुरमुंदा से उरईडबरी नेशनल हाईवे में निकलेगें। रायपुर जाने वाले दर्शनार्थी बांये एवं नागपुर की ओर जाने वाले दर्शनार्थी दाहिने तरफ जायेगें।

हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

खैरागढ़ । तुरकारीपारा स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर मे हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर समिति की आवश्यक बैठक कर महोत्सव को धुमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया । हनुमान चालीसा के साथ प्रारंभ हुए बैठक में वीर हनुमान सेवा समिति द्वारा लगातार 16 वे के हनुमान जन्मोत्सव के दौरान सुबह हवन पूजन दोपहर विशाल भंडारा शाम को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध आखाड़ा ,धुमाल,डीजे,बग्गी में राम लक्ष्मण हनुमान के रूप में विराजमान होकर आर्च के साथ हनुमान जी की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकालने की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया । शोभायात्रा मे शहर भर के श्रद्धालु शामिल होंगें ।

न्यूज गैलरी

बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा 22 मार्च को

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पूरे जिले को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर द्वारा जिले में 11 हजार 939 ऐसे लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य दिया गया है। जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक है और जो अभी तक पढ़ना-लिखना नहीं जानते। इन सभी शिक्षार्थियों का पंजीयन उल्लास पोर्टल में किया गया है और उन्हें साक्षरता केंद्रों में पढ़ाई कराई गई है। अब उनकी परीक्षा के लिए महापरीक्षा अभियान आयोजित किया जा रहा है। असाक्षरता विकसित समाज के लिए एक अभिशाप है। उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा रविवार 22 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए अधिकारी नियुक्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बीएस उइके ने विभिन्न विकासखंडों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशों के एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के प्रावधानों के तहत जिले के विकासखंडों में निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें विकासखंड गरियाबंद, छुरा, मैनपुर और देवभोग के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदारों को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं इन कार्यों के लिए अपर कलेक्टर को अपीलीय प्राधिकारी बनाया गया है। पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत किया जा रहा है।

चार प्रकरणों में 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने आरबीसी 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से चार मृतक के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील राजिम के वार्ड नंबर 05 निवासी 03 वर्षीय मांशू धीवर की 13 मई 2025 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन गोपी धीवर को 4 लाख रुपये की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार तहसील छुरा अंतर्गत ग्राम भरूवामुड़ा निवासी 03 वर्षीय मिनाक्षी की 27 जुलाई 2024 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन दयालाल मरकाम को, ग्राम चरौदा की 36 वर्षीय रूकसाना बेगम की 22 जुलाई 2025 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन महमूद खान को और ग्राम रसेला के निवासी 32 वर्षीय अरूण कुमार का 5 फरवरी 2025 को तालाब में गिरकर डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन योगिता यादव को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

एनएसएस का 7 दिवसीय शिविर शुरू

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पदमपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर जनपद सदस्य हनीफ अली, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष राकेश चौबे, सरपंच उषा नेताम, उपसरपंच उमेंद्र नेताम, ग्राम पटेल लगनूराम नेताम, पूर्व सरपंच विनोद नेताम, सेवक राम मरकाम, जाहिद खान, रमती मरकाम, सोनबाई, सुरेंद्र मरकाम, गैलेद्री सेन, नाजमा खान, तेजराम साहू, धनेश देवांगन, शोभित नेताम, महेश देवांगन एवं लुकेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सात दिवसीय इस शिविर के दौरान स्वयंसेवक ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाने, शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने, सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करने तथा विभिन्न बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण विकास में सक्रिय योगदान देंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव को स्वच्छ, जागरूक और शिक्षित बनाना है।

संगीत संध्या, रक्तदान शिविर व आनंदमेला का हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेट्रीचन्ड्र (सिंधीयत दिवस)के अवसर पर आयोजित पाँच दिवसीय आयोजन के अन्तर्गत 17 मार्च को कोतमा के सुप्रसिद्ध गायक पंकज मोटवानी का रंगारंग संगीतमय प्रोग्राम रखा गया।पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के महासचिव राजेश छाबड़िया व पूज्य बिरादरी पंचायत के सचिव महेश चंदानी ने बताया कि कार्यक्रम में पंकज मोटवानी के गीतों पर समाज के पुरूष व महिलाओं नें सुंदर नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर इंदरलाल थारानी,भीषम गुरयानी,कैलाश बालानी,जगदीश लालवानी,नंदू तनवानी महेश चंदानी,राजेश छा छाबड़िया,सुरेश खत्री,नितिन भोजवानी,विक्की छाबड़िया उपस्थित रहे।18 मार्च को सुबह 10 बजे आशिर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

डॉ. नायक को सौंपी गजल किताब

भाटापारा/नवप्रदेश। अंचल के सुप्रसिद्ध साहित्यकार चोवा राम वर्मा 'बादल' ने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित अपनी छत्तीसगढ़ी गजल संग्रह गड़े काँटा पाँव के को उनके निज निवास में एक मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय संरक्षक माननीय डॉ कृष्ण कुमार नायक को भेंट किया। डॉ नायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ी साहित्य में इस कृति को अमूल्य योगदान बताते हुए कुर्मी समाज की ओर से उन्हें बधाई एवं शुभकामना दी है।

अभनपुर में पूर्व पार्षद ने फर्जी वंशावली बनाकर हड़पी जमीन

■ परिजन और रिश्तेदारों के नाम कराया नामांतरण, आरोपी गिरफ्तार

अभनपुर/नवप्रदेश। अभनपुर इलाके में फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपी ने फर्जी वंशावली बनाकर अपने आप को जमीन का वारिस बना लिया और करीब 1.60 हेक्टेयर जमीन हड़प ली। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पूर्व पार्षद है आरोपी

बताया जा रहा है कि आरोपी मनोरंजन मंडल माना नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 08 का पूर्व में पार्षद था। उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी वंशावली पर स्वयं हस्ताक्षर और सील लगाई तथा गवाहों के रूप में बानोश्री दास और वृंदावन साहा के हस्ताक्षर भी कराए। इसी आधार पर उसने संबंधित जमीन का पहले अपने नाम नामांतरण कराया।

परिजनों के नाम पर भी कराया नामांतरण : इसके बाद आरोपी ने अपने परिजनों और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर भी उक्त जमीन के हिस्से का नामांतरण करवा दिया, जबकि सभी को यह जानकारी थी कि उक्त भूमि उनके पारिवारिक स्वामित्व की नहीं है। आरोप है कि सभी ने मिलकर सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर जमीन का अवैध लाभ अर्जित किया।

इस पूरे मामले की शिकायत माना कैंप निवासी सरित बरई ने अभनपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

फर्जी तरीके से तैयार की वंशावली

अभनपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पचेड़ा स्थित खसरा नंबर 70, रकबा 1.60 हेक्टेयर भूमि वर्ष 2023-24 के राजस्व अभिलेखों में विष्णु प्रसाद मंडल पिता परस मंडल, निवासी माना कैंप रायपुर के नाम दर्ज थी। आरोप है कि मनोरंजन मंडल ने स्वयं को उक्त जमीन का वारिस साबित करने के लिए फर्जी तरीके से वंशावली तैयार की। इसमें उसने विष्णु प्रसाद मंडल की मृत्यु दिनांक 16 मार्च 1997 दर्शाते हुए स्वयं को उनका पुत्र बताया, जबकि वास्तविकता में उसके पिता का नाम विष्णुपद मंडल है।

बारिश और ओलावृष्टि से 'कश्मीर' जैसा नजारा, नगरी क्षेत्र में मौसम हुआ सुहाना

बदला मौसम का मिजाज, गिरे ओले

नगरी/नवप्रदेश। नगरी अंचल में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। अचानक हो रहे इस परिवर्तन का असर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में साफ देखा जा रहा है, जहां कभी तेज धूप तो कभी बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है।

बीते चार दिनों में मौसम ने कई बार करवट बदली। सोमवार को दोपहर के समय तेज बारिश हुई, जबकि मंगलवार को दोपहर से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। शाम होते-होते बादलों की गरज-चमक के साथ कई स्थानों पर तेज बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई।

करैहा, गटासिली, बोरई, जैतपुरी सहित आसपास के गांवों में ओलावृष्टि के बाद ऐसा अद्भुत दृश्य देखने को मिला, मानो किसी पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी हुई हो। खेतों, सड़कों और पेड़ों की शाखाओं पर जमे ओलों की सफेद परत ने पूरे इलाके को एक अलग ही रूप दे दिया। यह नजारा इतना मनमोहक था कि स्थानीय लोग इसे 'कश्मीर' जैसा दृश्य बताने लगे।

बुधवार को भी दोपहर से मौसम ने करवट ली और शाम होते-होते तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के चलते सड़कों के किनारे पानी भर गया और जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

मंगलवार सुबह ठंडी हवाओं के बीच जब सूर्य की किरणें ओलों से ढकी सफेद परत पर पड़ीं, तो पूरा क्षेत्र चमक उठा। हल्की धुंध और ठंडक ने वातावरण को और भी आकर्षक बना दिया, जिससे यह दृश्य किसी पर्यटन स्थल जैसा प्रतीत हुआ।

स्थानीय लोग अब मौसम के स्थिर होने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि जनजीवन और खेती-किसानी सामान्य हो सके।

ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को नुकसान

हालांकि इस अचानक मौसम परिवर्तन ने जहां लोगों को प्राकृतिक सौंदर्य का अनोखा अनुभव कराया, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

प्रवीण बने कसडोल श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष

कसडोल /नवप्रदेश। आज 18 मार्च बुधवार को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल इकाई का शांतिपूर्ण रूप से श्रमजीवी पत्रकार सदन कसडोल में निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष पद के इस निर्वाचन में पत्रकार सुनील तिवारी एवं प्रवीण ढ़ोमने उम्मीदवार रहे।जहां इस 30 सदस्य वाले श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल में पत्रकार सुनील तिवारी को 12 वोट प्राप्त हुए तो वही प्रवीण ढ़ोमने को 18 वोट प्राप्त हुए इस तरह 6 वोटों की अंतर से पत्रकार प्रवीण ढ़ोमने विजयी होते हुए छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

अध्यक्ष निर्वाचित होने पर प्रवीण ढ़ोमने को सभी पत्रकारों ने बधाई एवं शुभकामनाएं ज्ञापित की।वही नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण ढ़ोमने ने सभी पत्रकारों का आत्मीय आभार व्यक्त किया।इस निर्वाचन अवसर पर जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल,पूर्व अध्यक्ष साहेब लाल साहू, प्रदेश सचिव दिनेश मिश्रा, संरक्षक देवेंद्र साहू,सचिव सुनील तिवारी,प्रवीण दोमने गुनीराम साहू,भानु प्रताप साहू,युवराज यादव,जीवन लाल रात्रे,शिव प्रसाद ठाकुर,विकास अग्रवाल,जयप्रकाश साहू,केशव साहू, भूपेंद्र साहू, विजय साहू, शिव यादव, अमीरदास मानिकपुरी, हेमंत बघेल, पुरुषोत्तम कैवर्त,एम एल वर्मा, अशोक टंडन, संतोष कश्यप, तकिम कुरैशी, संतोष थवाईत, ब्यास नारायण श्रीवाश, सोमेश्वर कमलवंशी, डेविड साय, महेश शर्मा, ओमप्रकाश पांडे एवं मोतीलाल बंजारे मौजूद रहे।

फिल्टर प्लांट के पंपों व उपकरणों की होगी मरम्मत

पीआईसी बैठक में 33 प्रस्तावों पर मुहर, शहरवासियों को सुचारू जल आपूर्ति पर जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका सभाकक्ष में बुधवार को नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक आयोजित हुई, जिसमें शहर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े 33 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई।

बैठक में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए बेलसोंडा फिल्टर प्लांट के मोटर पंप, संयंत्र और उपकरणों की मरम्मत को प्राथमिकता दी गई, ताकि नागरिकों को गर्मी के दौरान सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

इसके अलावा बैठक में जाति व निवास प्रमाण पत्र आवेदनों के निराकरण, 15वें वित्त आयोग की शेष राशि से बिजली बिल भुगतान, वार्डों में चबूतरा निर्माण व पानी टंकी स्थापना, एबीसी सेंटर के संचालन हेतु सामग्री क्रय, भूमि/भवन नामांतरण प्रकरणों के निपटारे सहित विभिन्न मरम्मत और निर्माण कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए।

अवैध प्लॉटिंग पर सख्त प्रहार, विधायक अंबिका मरकाम ने विस में उठाया मुद्दा

■ जनहित में बुलंद आवाज, प्रशासन सक्रिय—जांच के लिए विशेष टीम गठित

नगरी/नवप्रदेश। जिले में बढ़ती अवैध प्लॉटिंग की समस्या को लेकर सिहावा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने विधानसभा में जोरदार तरीके से मुद्दा उठाया। उन्होंने तथ्यपूर्ण प्रस्तुति के साथ शासन और प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता बताई। विधायक मरकाम ने सदन में कहा कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिना वैधानिक अनुमति के बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। कृषि भूमि को नियमों की अनदेखी कर प्लॉट में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे भू-राजस्व नियमों का उल्लंघन हो रहा है और शासन को राजस्व की भारी हानि उठानी पड़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इन अवैध प्लॉटों में सड़क, नाली, पेयजल और विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण आम नागरिकों को भविष्य में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे मामलों में लोगों की मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ रही है। विधायक ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दोषी व्यक्तियों के साथ-साथ लापरवाह अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने भू-राजस्व एवं नगर नियोजन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की।

समाधान योजना शिविर में उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत

कुरूद /नवप्रदेश। कुरूद संभाग के अंतर्गत कुरूद में समाधान योजना से सम्बन्धित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजीव सिंह, कार्यपालन अभियंता अमित कुमार , सहायक अभियंता एल एल ध्रुव, एस के कोसरे, सीमा ठाकुर, के एस चंद्रवंशी, कनिष्ठ अभियंता गण एवं सम्माननीय उपभोक्तागण उपस्थित हुए । कार्यक्रम में मुख्य अभियंता द्वारा योजना से सम्बन्धित उपभोक्ताओं को बकाया राशि में मूलधन तथा अधिभार राशि में मिलने वाली राहत के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 33 उपभोक्ता उपस्थित रहे जिनमें से 10 उपभोक्ताओं की 1,21,920 रुपए की बकाया राशि के विरुद्ध 82950 रूपये की राहत की जानकारी दी गई ।तथा मुख्य अभियंता द्वारा सभी को सम्मानित किया गया ।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य-महिला बाल विकास की बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

■ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, कुपोषण उन्मूलन, मातृ-शिशु सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उइके की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ एवं सीजीएमएससी की संयुक्त बैठक लेकर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एस. नवरत्न, सिविल सर्जन यशवंत कुमार ध्रुव, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय सहित सभी बीएमओ, सीडीपीओ, बीपीएम, पर्यवेक्षक, नोडल अधिकारी एवं दोनों विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

कलेक्टर श्री उइके ने जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं, अधोसंरचना को मजबूत करने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने, एएनसी पंजीयन, एनआरसी में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को भर्ती करने, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण करने तथा चिन्हांकित बच्चों के उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहकर स्वास्थ्य सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का नियमित आकलन करें। उन्होंने अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने और किसी भी लाभार्थी को उपचार से वंचित न रहने देने के निर्देश दिए।

पेज 1 का शेष...

दो घरों में भीषण आग...

दावा करते हुए एक शख्स ने कहा, 'करीब 6.45 पर मेरा बेटा कॉलेज जाने के लिए बाहर निकला तो उसने देखा कि आग लगी हुई है। तब वहां कोई नहीं था। उसने मुझे फोन करके बताया कि आग लगी है। मैं तुरंत मदद के लिए दौड़ा और अपने पिता से कहा कि वह फायर ब्रिगेड को फोन करें। उन्होंने 6.50 पर कॉल कर दिया था। मैं जब आया तो आग फैल चुकी थी। मैंने आवाज लगाई को जो भी सदस्य हैं वे ऊपर चढ़ें। लोग हमें छज्जे पर नजर आ रहे थे। एक की आवाज आई कि हम छज्जे पर हैं। हमने ऊपर जाने को कहा। हम बगल वाली इमारत से ऊपर गए वहां घुसने की कोशिश की लेकिन धुएं की वजह से नहीं जा सके।'

बहुत धुआं था, निकल नहीं सका परिवारः चश्मदीद

एक अन्य चश्मदीद ने कहा कि हाइड्रोलिक मशीन काम करती तो माल नहीं पर बचा सकते थे लेकिन जानें तो बचाई जा सकती थीं। उन्होंने कहा, 'लोग बालकनी से चिल्लाते रहे।' मौके पर मौजूद एक शख्स ने कहा, 'एक बच्चे को तो ऊपर से फेंका जो बहुत छोटा था। कुछ लोग कूदे। पूरा परिवार साथ रहता था। नीचे शोरूम था। ऊपर दो फ्लोर में एक बड़ा परिवार रहता था। आग नीचे लगी थी, वे भागकर नीचे नहीं आ पाए क्योंकि धुआं बहुत हो गया था।'

युद्ध के बीच 'संकटमोचक'...

सरकार और नागरिकों का शुक्रिया अदा किया। दूतावास ने बयान जारी करते हुए कहा- भारत के सम्मानित लोगों की ओर से चिकित्सा सहायता की पहली खेप ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को पहुंचा दी गई है। हम भारत के दयालु लोगों को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं।

घायलों के इलाज में मिलेगी मदद

यह दवाइयां और चिकित्सा उपकरण ऐसे समय में भेजे गए हैं जब युद्ध और लगातार हो रहे हमलों के कारण प्रभावित इलाकों में घायलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वहां के अस्पतालों और आपातकालीन टीमों पर भारी दबाव है, जिन्हें इस खेप से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

पिछले करीब तीन हफ्तों से ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। मिसाइल और हवाई हमलों के कारण इस क्षेत्र में भारी जान-माल का नुकसान हो रहा है। हाल ही में ईरान के शीर्ष अधिकारियों के मारे जाने के बाद यह संघर्ष और भी हिंसक हो गया है, जिसका सबसे बुरा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है।

निगम की बिना अनुमति...

का क्षण है। उन्होंने कहा कि हाथ से मैला उठाने की प्रथा मानवीय मूल्यों एवं संविधान द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों के विपरीत है। समाज में हर व्यक्ति को पूरे सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। वर्ष 2018 में आयोजित पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर 2023 के आदेश के अनुसरण में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से प्राप्त मैनुअल स्कैवेंजर्स के पुनसर्वेक्षण रिपोर्ट पर राज्य स्तरीय सर्वेक्षण समिति द्वारा चर्चा की गई एवं अनुमोदन किया गया। बैठक में केबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, विधायक पुन्नूलाल मोहले, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, मुख्य सचिव विकासशील, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसव राजू सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

15 महिलाओं की मौत...

खरे और मनीष खरे को कोर्ट ने सबूत के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

2014 में हुआ था नसबंदी कांड

यह मामला नवंबर 2014 का है, जब सकरी क्षेत्र के नेमिचंद्र जैन अस्पताल समेत पेंडारी और पेंड्रा में सरकारी नसबंदी शिविर लगाए गए थे। इन शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाओं की नसबंदी की गई थी। ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने से 100 से अधिक महिलाओं को सिम्स, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। इनमें से 15 महिलाओं की मौत हो गई थी, जिससे पूरे प्रदेश और देश में हड़कंप मच गया था।

सिम्स का 'लाइफलाइन अपग्रेड', 20 बेड का अत्याधुनिक कैजुअल्टी वार्ड शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स चिकित्सालय ने आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ा और ठोस कदम उठाते हुए अपने कैजुअल्टी वार्ड को पूरी तरह नए और अत्याधुनिक स्वरूप में शुरू कर दिया है। करीब दो दशक पुराने ढांचे को आधुनिक तकनीक, बेहतर संसाधनों और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के साथ पुनर्जीवित किया गया है। नए कैजुअल्टी वार्ड में 20 बेड की हाई-टेक सुविधा तैयार की गई है, जो गंभीर और आपातकालीन मरीजों के इलाज में तेजी और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर वार्ड का शुभारंभ किया। लगभग 20 वर्ष पुराने कैजुअल्टी वार्ड को उसके मूल संसाधनों और पहचान के साथ नए कलेवर में पुनः स्थापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल प्रशासन और वरिष्ठ चिकित्सकों ने वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. लखन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. भूपेंद्र कश्यप, नोडल अधिकारी इसके अलावा वरिष्ठ चिकित्सक, इंजीनियरिंग टीम और नर्सिंग स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही।

रिनोवेशन से 'रिस्पॉन्स टाइम' पर फोकस

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी अस्पताल की आपातकालीन सेवा की गुणवत्ता इस बात से तय होती है कि मरीज को कितनी जल्दी प्राथमिक उपचार मिल पाता है। सिम्स के इस अपग्रेड में इसी 'गोल्डन ऑवर' को केंद्र में रखते हुए पूरी व्यवस्था को री-डिजाइन किया गया है। साफ-सुथरा और संक्रमण-नियंत्रित वातावरण आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता इन सभी तत्वों को एकीकृत कर कैजुअल्टी वार्ड को नई कार्यक्षमता दी गई है। पूजा-अर्चना के साथ नई शुरुआत, 20 साल की विरासत को मिला नया जीवन। इस नव-निर्माण की शुरुआत केवल तकनीकी उन्नयन तक सीमित नहीं रही, बल्कि संस्थान की परंपरा और भावनात्मक जुड़ाव को भी संजोया गया।

फ्रंटलाइन टीम की भूमिका, ग्राउंड लेवल पर बदलाव

नई व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने में मेडिकल और नॉन-मेडिकल स्टाफ की बड़ी भूमिका सामने आई। साथ ही पुष्पलता शर्मा, सोमनाथ चंद्राकर, वर्षा बेक, चंचल सहित समस्त स्टाफ ने इस प्रोजेक्ट को जमीन पर उतारने में सक्रिय सहयोग दिया। अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने बताया कि नई कैजुअल्टी सुविधा मरीजों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार देने में मदद करेगी। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने स्पष्ट किया कि सिम्स प्रशासन लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने के लिए काम कर रहा है और भविष्य में भी सुविधाओं का विस्तार जारी रहेगा। बिलासपुर और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में मरीज सिम्स पर निर्भर रहते हैं। देशभर में सरकारी मेडिकल संस्थानों में आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। सिम्स का यह अपग्रेड उसी राष्ट्रीय प्रवृत्ति के अनुरूप माना जा रहा है, जहां इन्फ्रास्ट्रक्चर + टेक्नोलॉजी + मैनेजमेंट का संयोजन प्राथमिकता बन चुका है।

न्यूज गैलरी

दुष्कर्म का फरार आरोपी तीन साल बाद गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। 03 वर्ष से फरार दुष्कर्म के आरोपी को बेलगहना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 4 जुलाई 2023 को प्रार्थिया पीड़िता चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि फरवरी 2023 से 19 जून 2023 के मध्य आरोपी रामबली पटेल निवासी करहीकछार के द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी बेलगहना थाना कोटा में अपराध क्र.571/2023 धारा 376 (2) (ढ) भा. द. वि. अपराध धारा सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना दिनांक के उपरान्त आरोपी रामबली पटेल फरार हो गया था। दौरान विवेचना के बेलगहना पुलिस द्वारा आरोपी रामबली पटेल पिता रामलोचन पटेल उम्र 36 वर्श निवासी करहीकछार की लगातार पतासाजी की जा रही थी, किन्तु आरोपी के पास मोबाईल न होने से आरोपी के संबंध जानकारी नहीं मिलने के कारण आरोपी का पता नहीं चल पा रहा था, दिनांक 18.03.2026 बीट पेट्रोलिंग कर रहे प्रधान प्रफुल सिंह आरक्षक धीरज जायसवाल को मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी रामबली पटेल अपने घर आया है और पुनः हैदराबाद भागने की फिराक में है, मुखबिर से मिली सूचना पर बेलगहना पुलिस द्वारा तत्काल वरिश्ठ अधिकारी उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नुपुर उपाध्याय से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर टीम गठित कर तड़के आरोपी के घर दबिस देकर आरोपी पकड़ा गया। आरोपी रामबली पटेल हिसरात में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी रामबली पटेल पिता रामलोचन पटेल उम्र 36 वर्श निवासी करहीकछार चौकी बेलगहना के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

आजीविका रोके जाने के मामले में कलेक्टर दुर्ग समेत प्रतिवादी अधिकारियों को नोटिस

हाईकोर्ट ने तहसीलदार का आदेश किया स्थगित, अफसरों को नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। कुम्हार का परम्परागत काम करने वाले याचिकाकर्ता को नायब तहसीलदार ने अपने एक आदेश से रोक दिया आजीविका रोके जाने के मामले में सुनवाई कर हाईकोर्ट ने नायब तहसीलदार के आदेश पर स्थगन प्रदान किया है। साथ ही कलेक्टर दुर्ग समेत प्रतिवादी अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब माँगा है।

कुमोद प्रजापति पिता हिरालाल प्रजापति जाति कुम्हार निवासी ग्राम कौही तहसील पाटन जिला दुर्ग ने उच्च न्यायलय में नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग के द्वारा दिए स्थगन आदेश 26 फरवरी 2026 के विरुद्ध उच्च न्यायलय में अपने अधिवक्ता नसीमुद्दीन अंसारी एवं खेमचंद प्रजापति के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायलय ने नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग के आदेश को स्तगित करते हुए याचिकाकर्ता के पक्ष में स्थगन प्रदान किया है। याचिकाकर्ता कुम्हार जाति के होने के कारण अपनी परिवार के सदस्य के साथ मिलकर कई पीढियां से की जा रही मिट्टी के बर्तन कवेलू, इंट सुराही मटका इत्यादि बनाने का कार्य करते चले आ रहा था लेकिन गाँव के हेमलाल सोनकर पिता कृष्ण कुमार सोनकर उपसरपंच एवं मोहन लाल देवांगन हेडमास्टर पूर्व माध्यमिक शाला कौही पाटन दुर्ग ने झूठी शिकायत कर दी। इससे याचिकाकर्ता के पीढ़ी दर पीढ़ी चल रहे इस काम पर नायब तहसीलदार ने रोक लगा दी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने उच्च न्यायलय को बताया कि नायब तहसीलदार पाटन दुर्ग की कार्यवाही विधि विरुद्ध है क्योंकि बिना नोटिस दिए, याचिकाकर्ता को बिना सुनवाई का मौका दिए सीधा स्थगन दिया था। जबकि 22 अगस्त 2015 को माटीकला बोर्ड अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष मांग करने पर यह आदेश दिया गया कि कुम्हार जाति द्वारा पारिवारिक पेशा इंट मिट्टी के बर्तन बनाये जाने के लिए उन्हें किसी भी प्रकार की दस लाख तक रोयल्टी से मुक्त रखा गया है। सार्वजानिक स्थान से सभी दिशाओं से 50 मीटर तक निर्माण नहीं किया जायेगा,50 मीटर को छोड़कर निर्माण के अनुमति दी गई है। हाईकोर्ट ने भी इस पर खनिज विभाग के अधिकारी एवं नायब तहसीलदार पाटन पर नाराजगी व्यक्त की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद उच्च न्यायलय ने कलेक्टर दुर्ग ,तहसीलदार, पाटन खनिज विभाग, उप सरपंच एवं अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई तक जवाब माँगा है। पाटन तहसील के नायब तहसीलदार के स्थगन पर याचिकाकर्ता के पक्ष में रोक लगा दी है।

आदेश का पालन नहीं

याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने बताया कि, 26 सितंबर 2006 को अवर सचिव ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कुम्हारों के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित की जाये भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 237 के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में कुम्हारों के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित की जाये लेकिन आज तक अवर सचिव के आदेश का पालन नहीं किया गया।

स्कूल जाते समय बस की टक्कर से छात्र की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय स्कूली छात्र की मौत हो गई। यह हादसा सुबह लगभग 8:30 बजे उस समय हुआ, जब बच्चा साइकिल से स्कूल जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 7 साधीपारा निवासी जयवंत पटेल 12 वर्ष, पिता राम किशोर पटेल, रतनपुर स्थित भेड़िमुड़ा क्रमांक 2 स्कूल में कक्षा सातवीं का छात्र था। रोज की तरह वह सुबह अपने घर से साइकिल पर सवार होकर स्कूल के लिए निकला था। जैसे ही वह साधीपारा पेट्रोल पंप के पास मुख्य मार्ग को पार कर रहा था, तभी रतनपुर से पाली की ओर जा रही विर्क सुपर बस क्रमांक सीजी12एक्स0440 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी। वहीं, साइकिल सवार मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया।

हिंदू नववर्ष पर आज निकलेगी विशाल शोभायात्रा, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल

सीपत/नवप्रदेश। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर सीपत क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और एकता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (रामनवमी) के अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। यह भव्य शोभायात्रा सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर बिटकुला से प्रारंभ होगी। यात्रा मड़ई, खम्हरिया, लुतरा, धनियां, हिन्डाडीह, गुड़ी एवं सीपत सहित विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी और अंत में कौड़िया शैलेश्वर महादेव मंदिर में इसका समापन होगा।।शोभायात्रा के दौरान भगवा ध्वज, धार्मिक झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा एवं भक्ति संगीत के साथ क्षेत्र का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो जाएगा। आयोजन का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश प्रसारित करना है। इस आयोजन का नेतृत्व सम्राट विक्रमादित्य समिति सीपत के तत्वाधान में किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष वैभव तंबोली ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

हिंदू नववर्ष के इस पावन अवसर पर आयोजित यह शोभायात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनेगी।

चैत्र नवरात्रि में सोंठी बनेगा आस्था का महाकुंभ

सीपत/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर बिलासपुर जिले के सीपत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोंठी इस वर्ष आस्था, भक्ति और भव्यता का केंद्र बनने जा रहा है। यहां आज 19 मार्च से 27 मार्च तक भव्य देवी भागवत महापुराण का आयोजन किया जाएगा।

नाम परिवर्तन की सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नंद कुमार यादव आ. स्व.पंछा राम यादव, निवासी ग्राम अरसनारा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) का हूं मैं अपना पुराना नाम चुम्मन लाल आ.पंछा राम को बदलकर नया नाम नंद कुमार यादव आ. स्व.पंछा राम यादव रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य के समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम नंद कुमार यादव आ. स्व.पंछा राम यादव के नाम से जाना एवं पहचाना जावे ।
दिनांक ....

शपथकर्ता
नंद कुमार यादव

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ईश्वरी राम सागरवंशी पिता बिसराम जोबापार मोरिद वार्ड 35 भिलाई चरौदा बीएम वाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। यह शपथ करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में मेरा नाम ईश्वरी राम सागरवंशी अंकित है, तथा सर्विस रिकार्ड एवं आवश्यक दस्तावेजों पर ईश्वरी राम अंकित है, अतः ईश्वरी राम सागरवंशी एवं ईश्वरी राम दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है। अतः आज से मुझे ईश्वरी राम सागरवंशी के नाम से समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में जानी व पहचानी जाए।

शपथकर्ता
ईश्वरी राम सागरवंशी

नाम परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती महेश्वरी पति मनीष कुमार साहू, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम पुरई, पोष्ट पुरई, थाना-उतई, तह. व जिला- दुर्ग (छ0ग0) की हूं। मेरी (1) पुत्री साधना साहू की जन्मतिथि 14.03.2020 (2) पुत्री जया साहू की जन्मतिथि 17.06.2022 एवं (3) पुत्र खेमराज साहू की जन्मतिथि 25.06.2024 है जो मेरे पुत्र एवं पुत्रीगण के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम त्रुटिपूर्ण वर्षा साहू दर्ज किया गया है उसे सुधार कर महेश्वरी पति मनीष कुमार साहू अंकित करवाना चाहती हूं। जो कि मेरे आधार कार्ड एवं परिचय पत्र में दर्ज है।

यह कि, मेरे पुत्र एवं पुत्रीगण के जन्म प्रमाण पत्र में आगे भविष्य में मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड सहित संपूर्ण अंकसूची, शैक्षणिक अभिलेखों में सहीं वास्तविक व परिवर्तित /संशोधित नाम महेश्वरी पति मनीष कुमार साहू दर्ज करवाना चाहती हूं ।
दुर्ग
दिनांक 17.03.2026

आवेदिका
महेश्वरी
श्रीमती महेश्वरी पति मनीष कुमार साहू, निवासी- ग्राम पुरई, पोष्ट-पुरई, थाना-उतई, तह. व जिला-दुर्ग (छ0ग0)
मोबाईल नंबर-7024650038

सूचना

मैं लक्ष्मी निर्मलकर आत्मजा स्व.श्री कन्हैया लाल निर्मलकर, उम्र 40 वर्ष, सुभाष नगर वार्ड न. 41 केलाबाड़ी दुर्ग (छ.ग.) की निवासी यह सूचित करती हूँ कि, मेरा बी.एस.सी. नर्सिंग रजिस्ट्रेशन का मूल प्रमाण पत्र जो कि छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर द्वारा 2021 में जारी किया गया था जिसका रोल नंबर 17510924 था। जो कि 2 जनवरी 2026 के बाद नहीं मिल रहा है। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना पद्मनाभपुर में दे दी गई है। यदि किसी सज्जन को यह प्रमाण पत्र मिले तो कृपया नीचे लिखे पते पर पहुँचाने की कृपा करें।

पता
लक्ष्मी निर्मलकर, सुपुत्री स्व. श्री कन्हैया लाल निर्मलकर, सुभाष नगर, वार्ड 41, केलाबाड़ी, दुर्ग (छ. ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID - rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **19151** दिनांक **13.03.2026**
वार्ड का नाम- **50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446O0417B** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **DR. IQBAL PARVEJ ANSARI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **A. R. ANSARI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **NIRANJAN SINGH MEHTA** पिता /पति श्री/श्रीमती **S/O LT. SHRI MADHAV SINGH MEHTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
जोन क्रमांक - 07

निविदा आमंत्रण सूचना
प्रथम निविदा

क्रमांक 72/जोन क्र. 07/ न.पा.नि/2026 **रायपुर दिनांक 17/03/2026**

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीकृत टेकेदारों से कम/अधिक प्रतिशत दर में **PWD** में प्रभावशील (भवन/सड़क) (**SOR 01-01-2015**) **PHE** मे प्रभावशील (**SOR 01.06.2020**) Electrical & Mechanical में प्रभावशील (**SOR 01.06.2020**)आज दिनांक तक संशोधित दर अनुसार निर्धारित विहित प्रपत्र में पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पध्दती से नियमानुसार सीलबंद निविदाएं जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 07, नगर पालिक निगम, रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी. आर. आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से मान्य होगा एवं **मूल एफ.डी. आर. एवं शपथ पत्र** के साथ एक छायाप्रति भी संलग्न करें। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

01. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - दिनांक 02/04/2026 संध्या 5.30 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 07/04/2026 संध्या 5.00 बजे तक।
03. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 07/04/2026 संध्या 5.30 बजे के बाद।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	कार्य विवरण	निविदा फार्म	अगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1	पार्षद निधि मद से संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 अंतर्गत कलिंग नगर एफ.सी.आई. गोडाउन के पास चबुतरा निर्माण कार्य।	A/B/C	**250000**	3000	750	लो.नि.वि. में एकल पध्दती में 'डी' श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म	60 दिन
2	पार्षद निधि मद से संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 अंतर्गत रामनगर पुलिस चौकी के पास चबुतरा निर्माण कार्य।	A/B/C	**150000**	2000	300		60 दिन
3	संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर कबीर चौक रामनगर के सामने पेवर लगाने व मरम्मत कार्य।	A/B/C	**200000**	2000	300		60 दिन
4	शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड क्रमांक 37 अंतर्गत खपरा भट्ठी अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा के पास स्वागत द्वार निर्माण कार्य।	A/B/C	**150000**	2000	300		60 दिन
5	शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड क्रमांक 37 अंतर्गत शा. प्रा. शाला में शौचालय निर्माण कार्य।	A/B/C	**500000**	5000	750		60 दिन
6	शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत ढीमर पारा एवं ज्योती नगर के विभिन्न गलियों में सी.सी. रोड नाली एवं पेंच मरम्मत कार्य।	A/B/C	**250000**	3000	750		60 दिन

नियम एवं शर्ते - (भाग 1)
01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्अनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रीयकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर./शपथ पत्र/एवं समस्त दस्तावेज, **दुसरे लिफाफे** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनों लिफाफो को तीसरे लिफाफे** में सील बंद कर निविदा रजिस्टर्ण्ड / स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयत होना अनिवार्य है। 04 GST 05. GST RI. last 3month 6. ITR last 3 years 7. Bank Solvency Certificate 08. Pan card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

नियम एवं शर्ते - (भाग 2)
1 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Reg. तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा ।
2 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा ।
3 निविदा फार्म कार्यलय से उपलव्य होगी। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी ।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 07, नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

नाम परिवर्तन

मैं **देवेन्द्र कुमार** (DEVENDRA KUMAR) **पिता श्यामलाल,** उम्र 22 वर्ष, निवासी म.नं. 214, वार्ड नं. 12, ग्राम निकुम, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं व मेरा जन्मतिथि 22/04/2004 है। मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड क्रमांक 5645 9536 3919 में नाम **देवद्र कुमार** (DEVDRA KUMAR) **त्रुटिवश** दर्ज है। तथा **देवेन्द्र कुमार** (DEVENDRA KUMAR) एवं **देवद्र कुमार** (DEVDRA KUMAR) दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है तथा मेरा सही व वास्तविक नाम **देवेन्द्र कुमार** (DEVENDRA KUMAR) है तथा इसी नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता है।

अतः इस प्रकाशन के बाद से मुझे देवेन्द्र कुमार (DEVENDRA KUMAR) के नाम से जाना व पहचाना जावे तथा यही नाम समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित हो।

देवेन्द्र कुमार
मो. नं.-8349695268

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **29564** दिनांक **18.03.2026**
वार्ड का नाम- **21 - शहीद भगत सिंह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **21** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR813G0667D** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **ANANT KUMAR SONI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **FULCHAND SONI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **1. SMT RINKY MEENA W/O MAHENDRA SINGH MEENA (ST)** पिता /पति श्री/श्रीमती **2. MAHENDRA SINGH MEENA (ST)** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, देवकर
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक मुकेश कुमार अग्रवाल पिता रामचन्द्र अग्रवाल जाति बनिका निवासी वार्ड नम्बर 13, मकान नंबर 92 कचहरी पारा बैकुठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) के द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया गया है, कि ग्राम लालपुर प.ह.न. 12 तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित वाद भूमि ख.न. 830, 831, 832, 833, 337/1, 837/2, 838, 839, 840/1, 840/2, 841/1 कुल ख.न. 11 कुल रकबा 3.96 हे. भूमि जो वर्तमान में बालाजी फार्म्स पार्टनर नितेश कुमार अग्रवाल पिता गजानंद अग्रवाल जाति अग्रवाल पता-मोहबा बाजार रायपुर के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के द्वारा उक्त वाद भूमि पर वर्तमान भूमि स्वामी बालाजी फार्म्स पार्टनर नितेश कुमार अग्रवाल पिता गजानंद अग्रवाल के द्वारा त्याग पत्र के माध्यम से फर्म हट गये है। आवेदक के द्वारा उक्त आवेदन के माध्यम से वर्तमान पार्टनर का नाम विलोपित कर नये पार्टनर मुकेश कुमार अग्रवाल पिता रामचन्द्र अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल पति मनीष अग्रवाल एवं पुष्पा देवी लोहिया पति श्री श्याम सुंदर लोहिया का नाम दर्ज करने के लिये आवेदन प्रत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ समुदाय को कोई उजर दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/03/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं / अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उजर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक -09/03/2026
नियत दिनांक - 24/03/2026

मुहर
तहसीलदार
देवकर

PUBLIC WORKS DEPARTMENT
Sector- 19, North Block, Naya Raipur (C.G.)
E-Procurement Tender Notice
E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No.1064/TC/EinC/PWD/2025-26 **Dated 12.03.2026**

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of **Bijapur** for construction & maintenance of Road with estimated cost amounting **Rs 763.39 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 12.03.2026 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 23.03.2026

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-252607249/8

आंगनबाड़ी केंद्रों में 'न्योता भोज' कार्यक्रम, पोषण-शिक्षा और जनभागीदारी का राज्यव्यापी अभियान

■ प्रदेशभर में 9,763 न्योता भोज आयोजित, 1.83 लाख से अधिक बच्चे हुए लाभान्वित

रायपुर/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित 'न्योता भोज' कार्यक्रम प्रदेश में पोषण, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप शुरू की गई इस पहल के तहत अब समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।

राज्य स्तर पर जनवरी से फरवरी 2026 तक कुल 9,763 न्योता भोज आयोजनों के माध्यम से 1,83,927 बच्चों को लाभान्वित किया गया है, जो इस योजना की व्यापक सफलता को दर्शाता है।

जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो बिलासपुर जिले में सर्वाधिक 884 आयोजन हुए, जिनमें 18,703 बच्चे लाभान्वित हुए। वहीं कोरबा में 720 आयोजनों के माध्यम से 13,944 बच्चों, रायगढ़ में 690 आयोजनों से 9,835 बच्चों तथा कांकेर में 636 आयोजनों से 7,915 बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

इसी प्रकार धमतरी में 606 आयोजन कर 11,228 बच्चों, महासमुंद में 415 आयोजनों के माध्यम से 7,302 बच्चों तथा जांजगीर-चांपा में 439 आयोजनों से 10,518 बच्चों को लाभ पहुंचाया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के नागरिक, जनप्रतिनिधि, दानदाता एवं पालक अपने विशेष अवसरों-जैसे जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य पारिवारिक खुशियों-पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के साथ भोजन साझा कर रहे हैं। इससे बच्चों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार मिल रहा है, साथ ही समाज में उनके प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता भी बढ़ रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले अधिकांश बच्चे ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से होते हैं। ऐसे में 'न्योता भोज' जैसे प्रयास उनके शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

यह पहल न केवल कुपोषण को कम करने की दिशा में कारगर साबित हो रही है, बल्कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रति बच्चों और अभिभावकों का आकर्षण भी बढ़ा रहा है। शासन ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने सामाजिक एवं पारिवारिक अवसरों को आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ साझा कर इस अभियान को और मजबूत बनाएं।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने शुक्ला का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों के मध्य क्षेत्रीय विकास, आपसी समन्वय एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही दोनों राज्यों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करने पर भी सहमति व्यक्त की गई। उपमुख्यमंत्री शुक्ला ने बताया कि अब रीवा-रायपुर से सीधे हवाई मार्ग से जुड़ गया है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के साझा प्रयासों से दोनों राज्यों के लोगों को हवाई सेवा की बड़ी सौगात मिली है। उपमुख्यमंत्री शुक्ला ने इस दिशा में मुख्यमंत्री साय के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया और आगे भी दोनों राज्यों के साझा हितों को आगे बढ़ाने की बात कही। उल्लेखनीय है रायपुर और रीवा के मध्य हवाई सेवा प्रारंभ हो गई है। इससे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के लोगों की यात्रा आसान होगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की कार्यकारिणी घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव द्वारा केंद्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की सहमति से घोषित कर दी गई है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों जिला से लोगों को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। इसमें सभी कैबिनेट मंत्रियों के अलावा वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी स्थान दिया गया है। यह सूची प्रदेश के पदाधिकारियों के नियुक्ति के पश्चात जारी की गई है। ज्ञात रहे इसमें अशोक बजाज, अखिलेश सोनी सहित प्रवक्ताओं की नियुक्ति के पश्चात जारी की गई है। जारी विज्ञप्ति में अध्यक्ष ने कहा कि मुझे प्रदेश स्थाई आमंत्रित सदस्य की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान करने के लिये केंद्रीय नेतृत्व, सम्माननीय प्रदेश अध्यक्ष, सम्माननीय क्षेत्रीय एवं प्रांतीय संगठन मंत्री, सम्माननीय रायपुर जिला अध्यक्ष, समस्त सम्माननीय वरिष्ठ नेतागण का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार विष्णुदेव साय, सु सरोज पाण्डेय, सु लता उसेण्डी, अरूण साव, विजय शर्मा, तोखन साहू, रमेश बैस, देवेन्द्र प्रताप सिंह, लक्ष्मी वर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, चिन्तामणि महाराज, भोजराज नाग, महेश कश्यप, राधेश्याम राठिया, कमलेश जांगड़े, रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्यामबिहारी जायसवाल, ओ.पी. चौधरी, टंक राम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, गजेन्द्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहले, प्रेमप्रकाश पांडेय, नारायण चंदेल, विक्रम उसेण्डी, शिवरतन शर्मा, सुनील सोनी, गोमती साय, मोतीलाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, उद्देश्वरी पैंकरा, रायमुनी भगत, शकुंतला सिंह पोर्ते, भावना बोहरा रणविजय सिंह जूदेव, डॉ. सुभाऊ कश्यप, छगन लाल मुंदड़ा, डॉ. विमल चोपड़ा, कमलचंद्र भंजदेव, चन्नी वर्मा, डॉ. अजय राव, विकांत सिंह, ब्रजेश बिचपुरिया, ठाकुर शशि पवार, राजेश साहू, ओमप्रकाश जोशी, पवन साहू, रमेश पटेल, मदन साहू, निवास मुदलियार, शैलेष पाठक, गुलाब चंदेल, सुभाष जालान, कन्हैया सिंह राठौर, घम्मन साहू, उमेश अग्रवाल, कृष्णबिहारी जायसवाल, श्वेता शर्मा, प्रभा दुबे, उषा टावरी, राजीव पांडेय सहित अन्य लोगों को शामिल किया गया है। आर. शर्मा

रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा बैठक 30 मार्च को

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार नगर निगम सचिवालय द्वारा दिनांक 30 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे रायपुर नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित नगर निगम सामान्य सभा सभागार में रायपुर नगर पालिक निगम सामान्य सभा की बैठक आहूत की गयी है. सामान्य सभा की बैठक में सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के सभापतित्व में एमआईसी के संकल्प अनुसार निर्धारित 17 एजेंडों पर एजेंडावार चर्चा और विचार - विमर्श किया जायेगा. प्रारंभ में सामान्य सभा की विगत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की जाएगी. प्रश्नकाल के लिए एक घण्टे की अवधि नियमानुसार निर्धारित है। रायपुर महापौर मीनल चौबे द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया जायेगा और महापौर का नगर निगम बजट पर अभिभाषण होगा।

नगरीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 195 करोड़ जारी

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 194 करोड़ 93 लाख रुपए जारी किए हैं। इस राशि से राज्य के 139 नगरीय निकायों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। 15वें वित्त आयोग के तहत 116 करोड़ 96 लाख रुपए टाइड ग्रांट के रूप में प्राप्त हुए हैं, जिनका उपयोग मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कार्यों में किया जाएगा। इससे शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति व्यवस्था में भी सुधार होगा। भारत सरकार द्वारा 77 करोड़ 97 लाख रुपए का अनटाइड ग्रांट भी जारी किया गया है।

बदल जाएगा सिस्टम, व्यापम के कर्मी अब होंगे कर्मचारी चयन मंडल के अधीन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में व्यावसायिक परीक्षा मंडल यानी व्यापम की जगह अब कर्मचारी चयन मंडल लेगा। इसके माध्यम से राज्य में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की नियुक्तियां की जाएंगी। प्रदेश सरकार ने इस बदलाव के लिए 'छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल विधेयक, 2026' बनाया है। इसके पारित होने के बाद कानून बनेगा और लागू होगा। इसके गठन पर सरकार को हर साल 30 करोड़ रुपयों का वित्तीय भार आएगा। यह बदलाव दरअसल इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि परीक्षाओं के लिए बनेगा एकीकृत सिस्टम।

वर्तमान में अभ्यर्थियों को अलग-अलग विभागों के समान पदों के लिए अलग-अलग आवेदन करना पड़ता था, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता था और भर्ती प्रक्रिया में भी देर होती थी। नए विधेयक के अनुसार, अब राज्य सरकार के समस्त विभागों, वैधानिक निकायों, मण्डलों और प्राधिकरणों में सीधी भर्ती के लिए एक ही 'संयुक्त चयन प्रक्रिया अपनाई जा सकेगी।

मंडल की परीक्षा में नहीं चलेगी नकल

विधेयक में परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं। मण्डल को परीक्षा प्रक्रिया में लगे सभी कार्मिकों पर पूर्ण पर्यवेक्षण और नियंत्रण का अधिकार होगा। यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधनों (नकल) का प्रयोग करता है या परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न करता है, तो मण्डल उसके विरुद्ध दंडात्मक विनियम बनाने के लिए अधिकृत होगा।

खजाने पर 30 करोड़ रुपए का भार

इस नई व्यवस्था और मण्डल के सुचारू संचालन के लिए राज्य सरकार पर प्रतिवर्ष लगभग 30 करोड़ रुपये का अनुमानित वित्तीय भार आने की संभावना जताई गई है। विधेयक में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो भर्ती प्रक्रियाएं पहले से विज्ञापित हो चुकी हैं, वे पुरानी पद्धति से ही पूर्ण की जाएंगी।

पुराने नियम कब तक रहेंगे लागू

मंडल बनने के बाद कामकाज ठप न हो, इसके लिए एक विशेष व्यवस्था की गई है जब तक नया मण्डल अपने स्वयं के नए विनियम नहीं बना लेता, तब तक व्यापम में पहले से चल रहे विनियम ही प्रभावी रहेंगे। यदि व्यापम ने पहले से ही कोई विज्ञापन जारी कर दिया है, तो वह प्रक्रिया पुराने नियमों के अनुसार ही जारी रहेगी और पूरी की जाएगी। नया मण्डल अब परीक्षा प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मचारियों पर समग्र पर्यवेक्षण, निर्देशन और नियंत्रण रखेगा।

अर्बन नक्सलियों पर चार्जशीट

■ रायपुर-बीजापुर और नारायणपुर से पकड़े गए थे 9 नक्सल सहयोगी

रायपुर/नवप्रदेश।शहर में रहकर नक्सलियों का सहयोग करने के मामले में भाकपा (माओवादी) अर्बन नेटवर्क के गिरफ्तार किए गए 9 आरोपियों के विरुद्ध राज्य अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) ने मंगलवार को विशेष न्यायालय बिलासपुर में चार्जशीट पेश की है। इस चार्जशीट में आरोप लगाए गए है कि, सभी आरोपी शहर में रहकर नक्सलियों के लिए काम किया करते थे। गोपनीय सूचनाओं के साथ वे नक्सलियों तक उनकी जरूरत की सामग्री पहुंचाते थे। इन आरोपियों को राजधानी रायपुर

निर्धारित कोडवर्ड का करते थे उपयोग

जांच में यह भी पाया गया है कि निर्धारित कोडवर्ड का उपयोग करके सभी आरोपी समय-समय पर रायपुर, सिमगा, नवापारा राजिम, बिलासपुर आदि जगह पर मिलते थे तथा विधि विरुद्ध वस्तुओं एवं संदेशों का आदान प्रदान करते थे।

डीडीनगर क्षेत्र से दंपती की गिरफ्तारी के बाद नेटवर्क का खुलासा

रायपुर पुलिस ने 23 सितंबर 2025 को डीडी नगर थाना क्षेत्र में माओवादियों के शहरी नेटवर्क को संचालित करने वाले दो आरोपी डीवीसी जग्गू कुरसम एवं एसीएम कमला कुरसम को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद इस मामले में अन्य आरोपी रामा इयाम, धनसिंग गावड़े, संदेव पोडियामी, गिरधर नाग, सुकारो कोरसा एवं शंकर कोरसा को गिरफ्तार किया था। इस मामले की जांच में यह पाया गया है कि माओवादी संगठन के शीर्ष नेताओं के कहने पर माओवादी संगठन का सदस्य आकाश उर्फ पवन उर्फ पुरूकर भुआर्य रायपुर आकर एक मकान किराये से लिया था तथा स्वयं को मजदूर बताने के लिए मजदूरी करने लगा। बाद में संगठन के डीवीसी जग्गू कुरसम और उसकी पत्नी कमला कुरसम को रायपुर लाकर एक किराये के मकान में रुकवाया।

हजार रुपए के बकाया बिल पर बिजली कट करने पर अगले आदेश तक रोक

■ बिजली नियामक आयोग की सख्ती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा हजार रुपए तक के बकाया बिल पर बिजली कट करने के मामले में बिजली नियामक आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने आयोग के नोटिस के जवाब में मंगलवार को अपना पक्ष रखा कंपनी के पक्ष से आयोग संतुष्ट नहीं है। आयोग ने अब अगले आदेश तक फिलहाल किसी भी उपभोक्ता की बिजली कट करने पर रोक लगा दी है। इस मामले में आयोग का फैसला जल्द आएगा।

बिजली कनेक्शन कट करने के मामले में पॉवर कंपनी का तर्क है कि बिल भुगतान की अंतिम तिथि के 15 दिनों के बाद कनेक्शन कट करने का एक्ट में प्रावधान है, लेकिन आयोग के पास जो शिकायतें आई हैं उसमें तो अंतिम तिथि के पहले भी कई कनेक्शन कट कर दिए गए हैं। इसी के साथ अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद बिना 15 दिनों का इंतजार किए ही कभी भी कनेक्शन कट कर दिए गए हैं। इस मामले को लेकर आयोग भारी खफा है।

लगाई है रोक-बिजली नियामक आयोग के सचिव एसपी शुक्ला ने बताया कि, अभी किसी भी उपभोक्ता के कम बकाया होने पर कनेक्शन कट करने पर अगले आदेश तक रोक लगाई गई है।

रसूखदारों पर मेहरबानी

आयोग में इस बात की भी शिकायत आई है कि एक तरफ पॉवर कंपनी कम बकाया होने पर भी लगातार आम उपभोक्ताओं के कनेक्शन कट कर रही है।

संघर्षों को मात देकर गृहिणी से सफल उद्यमी बनीं लीलावती

रायपुर/नवप्रदेश।मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम खड़गवां की निवासी लीलावती आज आत्मनिर्भरता और संघर्ष से सफलता की एक प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं। कभी एक साधारण गृहिणी के रूप में सीमित संसाधनों में जीवन यापन करने वाली लीलावती ने अपने दृढ़ संकल्प, मेहनत और सही मार्गदर्शन के बल पर खुद को एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित किया है।संघर्षों से भरा था प्रारंभिक जीवन-लीलावती का शुरुआती जीवन आर्थिक चुनौतियों से भरा रहा। उनके पति श्री गजराज सिंह नेटी पेंटिंग का

कार्य करते थे, जिनकी मासिक आय 30 से 40 हजार रुपए के बीच थी। सीमित आय में परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन होता था, जिससे उन्हें कई बार आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ता था। लेकिन विपरीत परिस्थितियों में भी लीलावती ने हार नहीं मानी।बिहान योजना बनी बदलाव का आधार-लीलावती के जीवन में सकारात्मक मोड़ तब आया, जब गांव में सीआरपी दीदी के माध्यम से स्व-सहायता समूह का गठन हुआ। उनके मार्गदर्शन में लीलावती 'गुलाबी स्व सहायता समूह' से जुड़ीं, जो कल्पना महिला संकुल संगठन बरदर के अंतर्गत कार्यरत है। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बैंक लिंकेज के माध्यम से 40 हजार रुपए की पहली आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जिसने उनके लिए आत्मनिर्भरता की राह खोल दी।बकरी पालन से शुरू हुआ सफ़र-प्राप्त राशि का उपयोग करते हुए लीलावती ने चार बकरियों से अपने व्यवसाय की शुरुआत की।

नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में देर रात तक नियमों की अनदेखी कर संचालन करने वाले बारों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर नियम उल्लंघन के मामले में तीन प्रतिष्ठित बारों के लाइसेंस अस्थायी रूप से निलंबित कर दिए गए हैं। इस कार्रवाई से साफ संकेत मिला है कि, प्रशासन अब किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं करेगा।

जिला जनसंपर्क कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, एफएल. 2(क) श्रेणी के रेस्टोरेंट बार रास्ता, एफएल. 3 श्रेणी के ग्रैंड इंपीरिया और एफएल. 4(क) श्रेणी के क्लब मिथ्या के लाइसेंस 3 दिनों के लिए निलंबित किए गए हैं। यह आदेश 17 मार्च 2026 को जारी किया गया।

24 जनवरी और 1 फरवरी को किया गया था निरीक्षण

बताया गया है कि, रायपुर पुलिस कमिश्नर ने 24 जनवरी और 1 फरवरी 2026 को आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। जिसमें ये सभी बार निर्धारित समय सीमा रात्रि 12 बजे के बाद भी संचालित पाए गए थे। इसके बाद आबकारी विभाग की जांच में भी इन प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं सामने आई और लाइसेंस शर्तों के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया।

पूरा हुआ मनीषा का सपना मिला सुरक्षित आशियाना

रायपुर/नवप्रदेश। एक सुरक्षित और पक्का घर हर परिवार के जीवन में स्थिरता, सम्मान और सुकून लेकर आता है। जब वर्षों का सपना हकीकत बनता है, तो वह केवल एक मकान नहीं बल्कि खुशियों और आत्मविश्वास की नई शुरुआत भी होता है। ऐसा ही सुखद बदलाव कोरबा नगर निगम के बुधवारी बाजार की मनीषा शुक्ला के जीवन में आया, जब प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के माध्यम से उनका पक्के घर का सपना साकार हुआ। मनीषा शुक्ला एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। उनके पति विपिन कुमार शुक्ला और वे लंबे समय से अपने परिवार के लिए एक पक्का मकान बनवाने का विचार कर रहे थे, लेकिन सीमित आय के कारण एक साथ बड़ी राशि जुटा पाना उनके लिए आसान नहीं था। वे जिस पुराने घर में रहते थे, वह पुराना हो चुका था।

नशे में धुत रेलवे पुलिस जवान का वीडियो वायरल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां छत्तीसगढ़ रेलवे पुलिस (जीआरपी) का एक जवान कथित तौर पर नशे की हालत में नजर आया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई है।बताया जा रहा है कि यह मामला रायपुर रेलवे स्टेशन के बाहर का है। वायरल वीडियो में पुलिसकर्मी की हालत सामान्य नहीं दिख रही है और वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नशे में होने के दौरान उसने यात्रियों से बहस शुरू कर दी, जिससे मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

मौसमः रायपुर जिले में तापमान बढ़ने के बाद लिया गया फैसला

बदला स्कूलों का समय, दो पालियों में लगेंगी कक्षाएं

रायपुर/नवप्रदेश। भीषण गर्मी के अब जनजीवन के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बड़ा फैसला लिया है। इसी कड़ी में रायपुर जिले के स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के सभी शासकीय और निजी स्कूल अब सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होंगे। बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है ताकि छोटे बच्चों को दोपहर की तेज धूप और लू से बचाया जा सके।

सेहत पर असर न पड़े इसलिए लिया गया निर्णय

वहीं, स्कूलों का संचालन अब दो पालियों में किया जाएगा। हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों की कक्षाएं दोपहर 11:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक लगेंगी।गौरतलब है कि, प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी के चलते इसी तरह स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है, ताकि विद्यार्थियों की सेहत पर किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव न पड़े। प्रशासन ने सभी स्कूल प्रबंधन से आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

मौसम का मिजाज बदला-कई स्थानों पर हुई हल्की बारिश और ओलावृष्टि

रायपुर/नवप्रदेश। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर पर अक्ष के साथ 80 डिग्री पूर्व और 22 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ तेज अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले 4 दिनों में चार डिग्री के आसपास गिरावट संभावित है। ओला वृष्टि मुख्यतः सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिले संभावित हैं। प्रदेश के गरियाबंद तथा अन्य स्थानों पर भी वर्षा होने के साथ ही ओलावृष्टि हुई है, जिसके कारण मौसम बदल गया है। इधर लोगों में स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ा है। चिकित्सों के पास लोगों के ईलाज के लिए भीड़ बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार विदर्भ छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है, जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी राहत तो मिली है, लेकिन उमसभरी गर्मी से लोग बेचैन हैं।

अस्पतालों में इच्छामृत्यु कमेटी बनाना हो सकता है जरूरी

AIIMS तैयार कर रहा राष्ट्रीय स्तर के प्रोटोकॉल

हरीश राणा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एम्स अब 'निष्क्रिय इच्छामृत्यु' के लिए राष्ट्रीय स्तर का प्रोटोकॉल तैयार कर रहा है। आने वाले समय में देश भर के बड़े अस्पतालों में अंगदान के लिए गठित कमेटी की तर्ज पर 'पैसिव यूथेनेशिया कमेटी' भी बनाई जा सकती है। लंबे समय तक कोमा और जीवन रक्षक उपकरणों पर निर्भर रहने वाले मरीजों पर जब इलाज असर करना बंद कर देता है तो जीवन अधिक पीड़ादायक बन जाता है। 13 साल से मरणासन्न पड़े गाजियाबाद के हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट ने 'निष्क्रिय इच्छामृत्यु' का आदेश देकर उनकी पीड़ा का निवारण करने के साथ ही एक नजीर पेश की है। इस नजीर से हरीश के अलावा उसके जैसे अन्य मरीजों और उनके परिजनों की पीड़ा को हरने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एम्स अब 'निष्क्रिय इच्छामृत्यु' के लिए राष्ट्रीय स्तर का प्रोटोकॉल तैयार कर रहा है। आने वाले समय में देश भर के बड़े अस्पतालों में अंगदान के लिए गठित कमेटी की तर्ज पर 'पैसिव यूथेनेशिया कमेटी' भी बनाई जा सकती है। यह कमेटी तय करेगी कि यदि मरीज का बच पाना संभव नहीं है तो कब और किस तरह परिवार की सहमति से सक्रिय इलाज बंद किए जा सकते हैं।

■ सभी अस्पतालों में अंगदान के लिए होती है कमेटी

एम्स के एक विशेषज्ञ ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही यह इच्छामृत्यु प्रोटोकॉल तैयार करने की पहल की गई है। इसे कोर्ट को सौंपा भी जाएगा। अंगदान के लिए सभी अस्पतालों में एक कमेटी होती है। अंगदान ब्रेनडेड व्यक्ति से कराया जाता है। आईसीयू में भर्ती मरीज का मस्तिष्क जब पूरी तरह काम करना बंद कर देता है तो उसे ब्रेन डेड घोषित करने के लिए एक कमेटी होती है। कमेटी द्वारा ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद अंगदान की प्रक्रिया शुरू होती है।

■ अंतिम सांस तक सपोर्टिव इलाज

प्रोटोकॉल में यह प्रावधान होगा कि जीवन रक्षक उपकरणों को हटाने या बंद करने के बाद जब तक पीड़ित का जीवन होगा तब तक उसे पैलिएटिव केयर के जरिये सपोर्टिव इलाज जारी रखा जाएगा, लेकिन कोई सक्रिय इलाज नहीं होगा। मरीज की मानसिक, आर्थिक व सामाजिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर उसकी देखभाल का मूल्यांकन किया जाएगा।

■ कोमा से निकलने की दर 11 प्रतिशत

एम्स ट्रॉमा सेंटर द्वारा 1525 हादसा पीड़ितों पर किए गए अध्ययन के अनुसार, मस्तिष्क चोट वाले 11 प्रतिशत मरीज इलाज के बाद कोमा से बाहर निकल पाते हैं। उनका वेंटिलेटर सपोर्ट हट जाता है। वे खुद से सांस लेते हैं लेकिन वे कोमा में होते हैं। इसमें से 15-16 प्रतिशत मरीजों को छह माह में होश आ जाता है। लेकिन करीब 31 प्रतिशत मरीज लंबे समय तक कोमा में रहते हैं, उन्हें होश न आने की संभावना क्षीण होती है।

पैलिएटिव केयर की जरूरत

एडवांस स्टेज वाले कई कैंसर मरीजों को इलाज या जीवन रक्षक उपकरणों का खास फायदा नहीं होता है। ऐसे में उन्हें सिर्फपैलिएटिव केयर की जरूरत होती है।

यूथेनेसिया अर्थात 'इच्छामृत्यु' या 'दया मृत्यु' एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें लाइलाज बीमारी, असहनीय दर्द या 'पर्मानेंट वेजिटेटिव स्टेट' (ब्रेन डेड जैसी स्थिति) से गुजर रहे किसी व्यक्ति को, उसकी सहमति या परिवार की इच्छा पर, जानबूझकर चिकित्सा सहायता से मृत्यु दी जाती है, ताकि उसे पीड़ा से मुक्ति मिल सके।

न्यूज गैलरी

पलानीस्वामी-उदयकुमार ने एआईएडीएमके को खत्म कर दिया

चेन्नई। तमिलनाडु में अगले महीने 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने हैं। इससे पहले राज्य की सियासत में गर्माहत सातवें आसमान पर पहुंच गया है। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी तेज हो गई है। इसी बीच तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और हाल ही में सत्तारूढ़ डीएमके में शामिल हुए ओ पन्नीरसेल्वम ने एआईएडीएमके के नेता पलानीस्वामी और आर बी उदयकुमार पर जमकर निशाना साधा। साथ ही दोनों नेताओं को 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन का जिम्मेदार भी बताया। उन्होंने कहा कि इन दोनों की वजह से 2024 के लोकसभा चुनाव में एआईएडीएमके को बहुत बड़ा नुकसान हुआ। पन्नीरसेल्वम ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उदयकुमार ने उन्हें पलानीस्वामी की आलोचना न करने की चेतावनी दी थी। लेकिन पन्नीरसेल्वम ने जवाब दिया कि मुझे पता है कि आपने पलानीस्वामी के तहत अपनी उन्नति के लिए कैसे काम किया।

टीनशेड गिरने से बालक समेत तीन की मौत, तीन घायल

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में बड़ा हादसा हुआ है। थाना कुरावली इलाके के गांव जटपुरा में मंगलवार रात हुए हादसे में एक आठ वर्षीय बालक समेत परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। तीन घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसा टीनशेड़ के गिरने की वजह से हुआ। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली। कुरावली थाना इलाके के गांव आटपुरा में बृजेश सिंह जाटव मंगलवार रात को परिवार सहित टीनशेड के नीचे सो रहे थे। रात को मकान की कच्ची दीवार पर रखी टीनशेड सो रहे लोगों पर गिर गई। हादसे में परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल सीएचसी कुरावली लाए गए। वहां चिकित्सक ने 40 साल की रूबी, आठ साल का दिलीप पुत्र बृजेश, 13 साल की देवी पुत्री बृजेश को मृत घोषित कर दिया। घायल बृजेश, 15 वर्षीय गुड़िया, पांच वर्षीय पल्लवी का उपचार चल रहा है।

फ्लाइट में एक ही पीएनआर पर साथ-साथ मिलेगी सीट

नई दिल्ली (वार्ता)। एक ही पीएनआर पर बुक कराये गये टिकट पर अब यात्रियों को फ्लाइट में एक साथ सीट देना अनिवार्य कर दिया गया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सभी विमान सेवा कंपनियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि कम से कम 60 प्रतिशत सीटों का आवंटन बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के करना अनिवार्य होगा। साथ ही एक ही पीएनआर पर बुक कराये गये टिकट के लिए यात्रियों को एक साथ सीट देनी होगी, जहां तक संभव हो उन्हें अगल-बगल की सीट प्रदान करने के लिए कहा गया है। आमतौर पर ऐसी बहुत सारी घटनाएं सामने आयी हैं जिनमें एक ही परिवार के लोगों को एक ही पीएनआर पर बुक कराये गये टिकट पर काफी दूर-दूर बैठने के लिए सीट आवंटित की जाती थी जिससे लोगों को परेशानी होती थी।

पागलों को परमाणु हथियार नहीं दे सकते, और लंबा चलेगा ईरान युद्ध

■ कुछ और स्थायी करना होगा, ताकि किसी और राष्ट्रपति को इस परेशानी से न गुजरना पड़े'

वाशिंगटन/ए.। वाइट हाउस में ट्रंप ने कहा, 'हम दोबारा कभी वैसी समस्या नहीं चाहते। पागल लोगों के साथ तो बिल्कुल नहीं। हम पागल लोगों के नियंत्रण में परमाणु हथियार नहीं रहने दे सकते।' उन्होंने कहा, 'युद्ध बहुत अच्छे से आगे बढ़ रहा है। हम बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं।'

अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध अभी और लंबा चल सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसे संकेत दिए हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं बताया कि युद्ध कब तक चलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान मुद्दे का स्थायी समाधान निकालने की बात कह रहे हैं। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की शुरुआत की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने कहा, 'हम आज भी निकल सकते हैं और जो भी नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई में 10 साल लग जाएंगे।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है कि हमें कुछ और स्थायी करना होगा, ताकि किसी और राष्ट्रपति को इस परेशानी से न गुजरना पड़े।' उन्होंने कहा कि मकसद यह सुनिश्चित करना था कि ईरान कभी परमाणु खतरा न बने।

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को झटका

ट्रंप प्रशासन की महत्वपूर्ण संस्था 'नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर' (NCTC) के प्रमुख जोसेफकेंट ने ईरान पर हमले के विरोध में मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। ईरान के साथ चल रहे युद्ध के विरोध में इस्तीफा देने वाले वे ट्रंप प्रशासन के सबसे वरिष्ठ अधिकारी बन गए हैं। केंट ने सोशल मीडिया पर अपना त्याग पत्र साझा किया, जिसमें उन्होंने युद्ध के औचित्य पर गंभीर सवाल उठाए। केंट ने कहा कि अमेरिका पर ईरान की ओर से ऐसा कोई 'आसन्न खतरा' नहीं था जिसके लिए युद्ध शुरू किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह युद्ध इज़रायल और उसके शक्तिशाली लॉबी समूह के दबाव में शुरू किया गया है। केंट ने लिखा, 'मैं अपनी अंतरात्मा की आवाज पर ईरान में चल रहे इस युद्ध का समर्थन नहीं कर सकता।' इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब 28 फरवरी 2026 को शुरू हुआ 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' तीसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुका है।

'हम अभी निकलने के लिए तैयार नहीं , हम भविष्य में लौटेंगे'

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बगैर ईरान पहले ही परमाणु ताकत बन जाता। उन्होंने कहा, 'वे (परमाणु हथियार हासिल करने से) सिर्फ दो हफ्ते दूर थे, तब कोई बातचीत काम नहीं आती। वे बहुत खुशी-खुशी इसका इस्तेमाल कर लेते।' उन्होंने कहा, 'हम अभी निकलने के लिए तैयार नहीं है, लेकिन हम भविष्य में लौटेंगे।'

ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए

वाइट हाउस में उन्होंने कहा, 'हम दोबारा कभी वैसी समस्या नहीं चाहते। पागल लोगों के साथ तो बिल्कुल नहीं। हम पागल लोगों के नियंत्रण में परमाणु हथियार नहीं रहने दे सकते।' उन्होंने कहा, 'युद्ध बहुत अच्छे से आगे बढ़ रहा है। हम बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं।' उन्होंने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

पाक की मदद को आगे आया रूस, सस्ते तेल की पेशकश

नई दिल्ली/ए.। रूस ने पाकिस्तान को सस्ते तेल की पेशकश की है। यह खबर ऐसे समय में आई है जब मध्य पूर्व में जारी जंग के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित हो रही है और पाकिस्तान में ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। पाकिस्तान में रूस के राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा है कि उनका देश पाकिस्तान को रियायती दरों पर तेल की आपूर्ति करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने पाकिस्तान से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है। मंगलवार को इस्लामाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, खोरेव ने स्पष्ट किया कि यदि इस्लामाबाद इस मामले पर औपचारिक रूप से उनके देश से संपर्क करता है, तो रूस पाकिस्तान को सस्ता तेल बेचेगा। हालांकि, राजदूत ने यह भी बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई औपचारिक संपर्क नहीं किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा क्षेत्र दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बना हुआ है और इस क्षेत्र में कोई भी प्रगति इस्लामाबाद द्वारा की जाने वाली पहल और बातचीत पर निर्भर करेगी।

मध्य पूर्व संकट और पाकिस्तान पर असर

दुनिया भर की कई अर्थव्यवस्थाओं की तरह, पाकिस्तान भी मध्य पूर्व में जारी युद्ध और तनाव के कारण सप्लाई चेन के बाधित होने से ईंधन की बढ़ती कीमतों से जूझ रहा है। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के जवाब में ईरान द्वारा रास्ता रोके जाने के बाद, वैश्विक तेल परिवहन के लिए एक प्रमुख मार्ग- होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला शिपिंग यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। इस भारी व्यवधान के बीच, पाकिस्तान ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 20त्न की भारी वृद्धि की है। हालांकि, वहां के केंद्रीय मंत्रियों का कहना है कि यह वृद्धि अस्थायी है और संघर्ष शांत होने के बाद इसे वापस ले लिया जाएगा।

अमेरिका को फायदा न ईरान को अब जंग खत्म होनी चाहिए: थरूर

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वे लगातार सार्वजनिक रूप से केंद्र सरकार से इस युद्ध को समाप्त करने के लिए पहल करने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वे लगातार सार्वजनिक रूप से केंद्र सरकार से इस युद्ध को समाप्त करने के लिए पहल करने की मांग कर रहे हैं। थरूर ने अपने बयान में कहा कि मुझे लगता है कि अब दोनों पक्ष ऐसे मुकाम पर पहुंच चुके हैं जहां वे किसी का भी भला नहीं कर रहे। अमेरिकी पक्ष का दावा है कि उन्होंने अपने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए हैं, जबकि ईरान ने अपने शासन और अस्तित्व को बचाने में कामयाबी हासिल कर ली है। मेरे विचार से इतना ही काफी होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस संघर्ष से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल और गैस की आपूर्ति में गंभीर बाधाएं आ रही हैं। थरूर ने जोर देकर कहा कि पूरे क्षेत्र को इस विशेष संघर्ष का बंधक नहीं बनाया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि इस युद्ध को तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए, क्योंकि हम सभी इससे पीड़ित हैं। थरूर ने वैश्विक स्तर पर शांति बहाली की अपील करते हुए भारत से भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की वकालत की है। दूसरी ओर संसद की विदेश मामलों की समिति ने कहा है कि 'हाल के घटनाक्रम' से भारत के लिए महत्वपूर्ण और रणनीतिक महत्व वाले चाबहार बंदरगाह के भविष्य पर संकट के बादल छा गए हैं। हालांकि, समिति ने इस बात का स्वागत किया कि केंद्र इन घटनाक्रमों के प्रभावों को दूर करने के लिए सभी संबंधित पक्षों के 'संपर्क में' है।

भारत की सीमा पर ड्रोन वॉरफेयर की साजिश

नई दिल्ली/ए.। भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें छह यूक्रेन के और एक अमेरिका का नागरिक है। इन पर भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों की साजिश रचने का गंभीर आरोप है। गिरफ्तार किए गए इन विदेशी नागरिकों पर मिजोरम के प्रतिबंधित इलाकों में अवैध रूप से प्रवेश करने, बिना वैध परमिट के म्यांमार की सीमा पार करने, म्यांमार के जातीय सशस्त्र समूहों को ट्रेनिंग देने और विद्रोहियों से जुड़े नेटवर्क को अवैध तरीके से ड्रोन की खेप पहुंचाने के आरोप लगे हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने एक अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैनडाइक को छह यूक्रेनी नागरिकों के साथ गिरफ्तार किया है। यह ऑपरेशन बिल्कुल किसी फिल्मी सीन जैसा था। ये गिरफ्तारियां तीन हवाई अड्डों पर की गईं। अमेरिकी नागरिक वैनडाइक को कोलकाता एयरपोर्ट से पकड़ा। वहीं लखनऊ और दिल्ली एयरपोर्ट से तीन-तीन यूक्रेनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए यूक्रेनी नागरिकों की पहचान इस प्रकार हैः पेट्रो हुर्बा, तारास स्लीवियाक, इवान सुकमानोव्स्की, मारियन स्टेफानकिव, मैक्सिम होनचारुक और विक्टर कामिंस्की। सभी सातों आरोपियों को दिल्ली लाकर शनिवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें 3 दिन की रिमांड पर भेजा गया था। सोमवार को उनकी हिरासत अवधि 27 मार्च तक (11 और दिनों के लिए) बढ़ा दी गई है।

बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए गोपाल स्नैक्स की बड़ी पहल

राजकोट। भारत के कई शहरों और गांवों में हर महीने माता-पिता अपने बच्चों के साथ नजदीकी केंद्रों पर एकत्रित होते हैं और पीढ़ियों से चली आ रही एक सरल आयुर्वेदिक परंपरा का हिस्सा बनते हैं। कई परिवारों के लिए यह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपनी संतानों को अधिक पुष्ट और आरोग्यवान बनाने के संकल्प से जुड़ा एक मंगलकारी प्रयास है।

आज यह परंपरा 'मंत्रौषधि सुवर्णप्राशन अभियान' के माध्यम से प्रति माह सात लाख से अधिक बालकों तक पहुँच रही है। यह पहल बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित है और इसका ध्येय बालकों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है। इस कार्यक्रम को गोपाल स्नैक्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

कंपनी मई 2023 से इस पहल से जुड़ी हुई है और कार्यक्रम के विस्तार हेतु प्रति वर्ष लगभग ?1.5 करोड़ का योगदान दे रही है। देशभर के स्वयंसेवकों और सामुदायिक केंद्रों की सहायता से यह कार्यक्रम परिवारों को एकजुट कर बालकों को अधिक सुदृढ़ और स्वस्थ बनाने के ध्येय को पूर्ण कर रहा है।

इस पहल का मुख्य केंद्र 'सुवर्णप्राशन' है, जोआयुर्वेद का एक पुराना और असरदार तरीका है। माना जाता है कि बचपन से ही इसे शुरू करने से बच्चों की रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है और उनका शरीर और दिमाग, दोनों अच्छे से विकसित होते हैं। इस मुहिम से जुड़े कई माता-पिता ने बताया है कि उन्हें बहुत अच्छे नतीजे मिले हैं, खासकर उन बच्चों में जो पहले बहुत जल्दी-जल्दी बीमार पड़ जाते थे।

फाइनल में आरबीआई का कमाल पीएसपीबी को हराकर बनी चैंपियन

नई दिल्ली/ए.। पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) की पुरुष टीम ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए मंगलवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो साल बाद महिलाओं के वर्ग का खिताब अपने नाम किया। पीएसपीबी ने पुरुष वर्ग के फाइनल में पश्चिम बंगाल को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया। पायस जैन ने अंकुर भट्टाचार्य को चार गेम में 12-10, 11-4, 1-11, 11-9 से हराकर पीएसपीबी को सकारात्मक शुरुआत दिलाई। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद अंकित सेन चौधरी को सीधे गेम में 15-13, 11-5, 11-5 से हराया जबकि हरमीत देसाई ने बोधिसत्व चौधरी पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में 11-4, 11-2, 9-11, 6-11, 11-8से हराकर पीएसपीबी की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। महिला के फाइनल में बड़ा मुकाबला देखने को मिला और आरबीआई की टीम ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में पीएसपीबी को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

कोई नहीं है टक्कर में 'धुरंधर-2' ने एडवांस बुकिंग में ही बना डाला रिकॉर्ड

मुंबई। फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। कल गुरुवार को यह इंतजार पूरा होने जा रहा है। इस फिल्म का दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है और एडवांस टिकट बुकिंग के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। एडवांस टिकट बुकिंग के मामले में इसने 'बाहुबली 2' को पीछे छोड़ दिया है। रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म ओपनिंग डे पर कैसा प्रदर्शन करेगी? एडवांस बुकिंग के आंकड़ों से समझते हैं....

बीते वर्ष दिसंबर में आई फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई कीर्तिमान स्थापित किए। यह ब्लॉकबस्टर फिल्म है। ऐसे में सवाल है कि क्या इसका सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' भी ऐसा ही जादुई कलेक्शन जुटाएगी? फिलहाल एडवांस बुकिंग की स्थिति देखकर ऐसा कहा जा सकता है। हालांकि, पूरी स्थिति तो सिनेमाघरों में फिल्म लगने और उस पर दर्शकों की प्रतिक्रिया के बाद ही स्पष्ट होगी।

आज बुधवार 18 मार्च को इस फिल्म के कुछ जगह पेड प्रीव्यू शो होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीव्यू शो से यह 30 करोड़ रुपये तक की कमाई कर सकती है। एडवांस बुकिंग के मामले में बात करें तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसके नौ लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। खबर लिखे जाने तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, अब तक इसके 990500 टिकट बिक चुके हैं। यह करीब 12422 शो के लिए हैं। देशभर में फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 42.71 करोड़ रुपये का कलेक्शन जुटा लिया है।

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

'छत्तीसगढ़' की रक्षा करती 36 देवियां...

चैत्र नवरात्रि का महापर्व आज से शुरू हो रहा है। छत्तीसगढ़ के देवी मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है, जहां 9 दिनों तक मां के नौ रूपों की पूजा-अर्चना होगी। राज्य को '36 गढ़ों का गढ़' कहा जाता है, और यहां 36 प्रसिद्ध देवी मंदिर शक्ति उपासना के प्रमुख केंद्र हैं। ये मंदिर प्राचीन दक्षिण कोसल की शाक्त परंपरा को दर्शाते हैं, जैसे मां बम्लेश्वरी (डोंगरगढ़), महामाया (रतनपुर), दंतेश्वरी (दंतेवाड़ा), चंद्रहासिनी, करेला भवानी, विध्यंवासिनी, पाताल भैरवी आदि...। भक्तजन इन मंदिरों में माता के दर्शन कर अपनी आस्था व्यक्त करते हैं और मां की असीम कृपा प्राप्त करते हैं। नवरात्रि के इन नौ दिनों में छत्तीसगढ़ की भक्ति और श्रद्धा का यह उत्सव और भी अधिक जीवंत हो उठता है। नवप्रदेश परिवार की तरफ से प्रदेशवासियों को नवरात्रि उत्सव और हिन्दू नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.... जय माता दी!



डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर

मां बम्लेश्वरी देवी का मंदिर डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में स्थित है। यह मंदिर प्रसिद्ध शक्ति पीठों में से एक है और यहां की पूजा अर्चना से श्रद्धालु अपनी इच्छाओं को पूरी करने के लिए आते हैं। यह मंदिर अत्यंत ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। मां बम्लेश्वरी के इस मंदिर परिसर के आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में भक्त प्रतिदिन पूजा अर्चना करने आते हैं। विशेष रूप से नवरात्रि के समय मंदिर में विशेष पूजा अर्चना होती है, और यहां एक विशाल मेला लगता है, जिसमें लाखों भक्तों की भीड़ जुटती है।

कोसगाई माता मंदिर

कोसगाईगढ़, छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल है। कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 42 किलोमीटर दूर स्थित है। यह स्थान एक पहाड़ी पर बने दुर्ग किले के कारण प्रसिद्ध है, जिसमें कोसगाई देवी का मंदिर स्थित है। मंदिर की खासियत यह है कि यहां आम तौर पर लाल ध्वज के बजाय सफेद ध्वज चढ़ाया जाता है।

मां करेला भवानी

मां करेला भवानी का मंदिर छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के भंडारपुर गांव में स्थित है, जो खैरागढ़ तहसील के अंतर्गत आता है, मंदिर परिसर में 900 सीढ़ियां चढ़कर पहाड़ी के शीर्ष तक पहुंचा जा सकता है, जहां मां भवानी का मुख्य मंदिर स्थित है। सीढ़ियों के दोनों ओर हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया जा सकता है। नवरात्रि के दौरान यहां विशाल मेला आयोजित किया जाता है। मंदिर के नीचे एक बड़ा तालाब स्थित है, जिसे भवानी तालाब कहा जाता है, जहां श्रद्धालु स्नान कर माता के दर्शन के लिए जाते हैं।

चंडी माता मंदिर

चंडी माता मंदिर, महासमुंद जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम घुंचपाली में स्थित एक प्रसिद्ध और प्राचीन शक्तिपीठ है। यह मंदिर आदिशक्ति मां चंडी को समर्पित है और तंत्रोक्त सिद्धि के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्थित 23 फीट ऊंची प्राकृतिक पत्थर की मूर्ति, जो समय के साथ आकार में बढ़ती जा रही है। यह दक्षिणमुखी स्वयंभू मूर्ति के रूप में प्रसिद्ध है। मंदिर के आस-पास जंगलों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है, जो इसकी सुंदरता को और बढ़ाता है। यहां चमत्कारी घटनाएं भी होती रहती हैं, जैसे कि जंगली भालुओं का मंदिर परिसर में आना, जो मंदिर के भक्तों के बीच विश्वास और आस्था को बढ़ाता है।

मां पाताल भैरवी मंदिर

मां पाताल भैरवी मंदिर एक राजनांदगांव में है। यह मंदिर ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का स्थल है, जो अपने चमत्कारी और अद्वितीय गुणों के कारण श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। मंदिर का गर्भगृह पाताल यानी जमीन के नीचे स्थित है, जहां मां पाताल भैरवी की मूर्ति स्थापित है। मंदिर की दूसरी मंजिल पर त्रिपुर सुंदरी का तीर्थ और नवदुर्गा की पूजा होती है, जबकि तीसरी मंजिल पर भगवान शिव की प्रतिमा और देशभर के 12 ज्योतिर्लिंगों के प्रतिरूप स्थापित हैं। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

खल्लारी माता मंदिर

महासमुंद से 24 किलोमीटर दूर स्थित मां खल्लारी का मंदिर ऊंची पहाड़ियों पर स्थित है और यह एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए दूर-दूर से आते हैं, विशेषकर संतान सुख की इच्छा रखने वाले दंपत्तियों के लिए यह एक प्रमुख स्थल बन चुका है। यह मंदिर शारदीय नवरात्रि और कंवर के नवरात्रि में विशेष रूप से भीड़-भाड़ से भर जाता है। यहां पर भक्त मां खल्लारी की पूजा अर्चना करते हैं और मनोकामना ज्योति भी प्रज्वलित करते हैं, जोकि उनके संतान सुख के लिए एक विश्वास का प्रतीक है।

मां दंतेश्वरी मंदिर

मां दंतेश्वरी मंदिर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में स्थित एक प्रमुख शक्ति पीठ है, जो तांत्रिकों की साधना का केंद्र भी मानी जाती है। यह मंदिर डंकिनी और शकिनी नदियों के संगम पर स्थित है और यहां की मान्यता अनुसार, यह वही स्थान है जहां माता सती का दांत गिरा था, जिसके कारण इसे दंतेश्वरी माता का मंदिर कहा जाता है। यह मंदिर दुनिया के 52 शक्ति पीठों में से एक है और बस्तर अंचल के दंतेवाड़ा जिले में स्थित है। प्राचीन काल से ही इस स्थान पर श्रद्धालुओं और तांत्रिकों की आस्था रही है, जो इसे अपनी साधना और पूजा के लिए एक पवित्र स्थल मानते हैं।

मावली माता मंदिर

मावली माता मंदिर छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के पुरुर गांव में स्थित एक अनोखा और ऐतिहासिक मंदिर है, जो अपनी विशेष परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर देवी मावली को समर्पित है, जिन्हें आदि शक्ति का रूप माना जाता है। इस मंदिर की सबसे अनोखी विशेषता यह है कि यहां महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। मंदिर की मान्यता के अनुसार, मां मावली की कृपा से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यहां हर साल नवरात्रि के दौरान भक्तों की बड़ी भीड़ उमड़ती है और इस दौरान 166 ज्योतियां भी प्रज्वलित की जाती हैं।

हिंगलाज माता

कवर्धा के सुतियापाट पहाड़ पर स्थित हिंगलाज माता का मंदिर 52 सिद्ध पीठों में से एक माना जाता है। यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए एक तीर्थ स्थल बन चुका है, जहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। माता हिंगलाज भवानी के दर्शन के लिए भक्तों को 25 सौ फीट ऊंचे पहाड़ तक पथरीले रास्ते से चढ़ाई करनी पड़ती है। मंदिर का वातावरण धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत है और यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है।

माता अंगारमोती

धमतरी में स्थित अंगारमोती मंदिर एक प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल है। यह मंदिर वन देवी मां अंगार मोती को समर्पित है और उनकी पूजा करने के लिए भक्त यहां आते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस मंदिर का इतिहास गहरे धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व से जुड़ा हुआ है। यह स्थान बड़ी आस्था का प्रतीक है।

बिलाई माता मंदिर

धमतरी की बिलाई माता का मंदिर धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे मां विंध्यवासिनी भी कहा जाता है और यह मंदिर विशेष रूप से चैत्र और क्वांर नवरात्रि के दौरान भक्तों से भरा रहता है। मंदिर का इतिहास और इसका चमत्कारी महत्व आज भी श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है।

जतमाई मंदिर

जतमाई छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थ और पर्यटन स्थलों में से एक है, जो प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक आस्था का संगम है। यह स्थल रायपुर से लगभग 65 किलोमीटर दूर गरियाबंद जिले में स्थित है, और जंगलों के बीच बसा हुआ है। जतमाई अपनी कल-कल करते सदाबहार झरनों के लिए प्रसिद्ध है, जो वर्षा ऋतु में विशेष रूप से आकर्षक होते हैं।

घटारानी मंदिर

घटारानी मंदिर छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में स्थित एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल है। यह मंदिर आदिकाल से घने जंगलों में एक पहाड़ी की खोह में विराजमान है। माना जाता है कि यह स्थान भटकते हुए लोगों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण था। देवी घटारानी उन लोगों को उनके मंजिल तक पहुंचाने में मदद करती थीं।

कुदरगढ़ धाम- कुदरगढ़ी माता

कुदरगढ़ धाम, सूरजपुर जिले के ओडगी विकासखंड में स्थित है, एक प्राचीन और प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां माता बागेश्वरी का मंदिर स्थित है। इसे कुदरगढ़ी माता का मंदिर भी कहा जाता है। यह मंदिर लगभग 1500 फीट ऊंचे पहाड़ पर वट वृक्ष के नीचे स्थापित है और इसे शक्ति पीठ के रूप में भी जाना जाता है।

महामाया मंदिर सूरजपुर

महामाया मंदिर सूरजपुर से लगभग 4 किमी दूर देवीपुर में स्थित है। छत्तीसगढ़ का एक प्रसिद्ध और ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है। इस मंदिर का इतिहास और महत्व स्थानीय लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि यह मंदिर बहुत पुराना है और यहां की मां महामाया की पूजा हजारों वर्षों से की जा रही है।

खुड़िया रानी देवी मंदिर

खुड़िया रानी देवी मंदिर जशपुर मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर बगीचा जनपद में स्थित है। यह मंदिर पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों के लिए कुल देवी के रूप में पूजा जाता है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में 100 मीटर लंबी गुफा में सालभर बहने वाली जलधारा भक्तों को शांति और शीतलता का अनुभव कराती है।

मड़वारानी मंदिर

मड़वारानी मंदिर छत्तीसगढ़ के कोरबा और चांपा जिले के बीच स्थित एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, मड़वारानी देवी की पूजा के साथ जुड़ी एक प्रचलित मान्यता के अनुसार, मां मड़वारानी ने शादी के मंडप को छोड़कर बरपाली के इस पहाड़ पर आकर यहां निवास किया और इसी कारण देवी का नाम मड़वारानी पड़ा।

मां सियादेवी मंदिर

मां सियादेवी मंदिर जिला मुख्यालय बालोद से लगभग 25 किलोमीटर दूर है। मंदिर का वर्णन बहुत ही सुंदर और धार्मिक महत्व से भरा हुआ है। इस मंदिर का इतिहास और इसके साथ जुड़ी पौराणिक कथाएं, पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। यह मंदिर प्राचीनकाल से महत्वपूर्ण रहा है और त्रेतायुग की घटनाओं से जुड़ा हुआ है।

गंगा मइया मंदिर

बालोद जिले में स्थित गंगा मइया मंदिर का इतिहास न केवल धार्मिक बल्कि ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भी बेहद रोचक और दिलचस्प है। इस मंदिर से जुड़ी कहानी अंग्रेजों के शासनकाल से जुड़ी हुई है, जो इसे और भी खास बनाती है। इस मंदिर का इतिहास लगभग 130 साल पुराना है और इसे लेकर कई मान्यताएं प्रचलित हैं।

मां गंगई मंदिर

कवर्धा जिले में मां गंगई का मंदिर है। यह मंदिर न केवल अपनी धार्मिक मान्यता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहां की परंपराएं भी बेहद अनोखी और दिलचस्प हैं। खासकर नवरात्रि के दौरान, यहां एक विशेष परंपरा निभाई जाती है, जिसके तहत तृतीया तिथि से मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है।

अष्टभुजी माता मंदिर

छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में स्थित अड़भार गांव में मां अष्टभुजी का मंदिर एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो न केवल आस्था का केंद्र है बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस मंदिर की मान्यता और इसकी संरचना इसे देशभर में प्रसिद्ध बनाती है। विशेषकर नवरात्रि के दौरान, यह मंदिर भक्तों से भरा रहता है।

भद्रकाली माता बेमेतरा

बेमेतरा में मां भद्रकाली का मंदिर नगरवासियों के लिए कुलदेवी का प्रतीक है। मंदिर की स्थापना की मान्यता के अनुसार, एक भक्त के सपने में देवी भद्रकाली ने दर्शन दिए थे, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने यहां मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर की भव्यता और धार्मिक महत्व के कारण यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

चैतुरगढ़ महिषासुर मर्दनी

छत्तीसगढ़ का चैतुरगढ़ किला एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटकों के लिए एक रोमांचक पिकनिक स्थल भी बन चुका है। चैतुरगढ़ किला बिलासपुर-कोरबा मार्ग पर पाली से 25 किमी उत्तर की दिशा में स्थित है।

माता कौशल्या मंदिर, चंदखुरी

माता कौशल्या मंदिर रायपुर से लगभग 22 से 27 किमी दूर चंदखुरी गांव में स्थित है। यह मंदिर एक खूबसूरत झील के बीचों-बीच स्थित है, जो इस स्थल को और भी आकर्षक बनाता है। कहा जाता है कि माता कौशल्या का जन्म यहीं हुआ था और भगवान राम ने अपने प्रारंभिक वर्षों में यहीं पर समय बिताया था।

सर्वमंगला मंदिर, कोरबा

कोरबा का सर्वमंगला मंदिर, हसदेव नदी के तट पर स्थित एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यह मां दुर्गा को समर्पित है। यह मंदिर अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता के लिए प्रसिद्ध है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। सर्वमंगला मंदिर का निर्माण जमींदार राजेश्वर दयाल के पूर्वजों 1898 में कराया गया था।

सिद्धि माता मंदिर

बेमेतरा जिले में स्थित सिद्धि माता मंदिर एक बहुत बड़ी आस्था का केंद्र है। यह मंदिर मां दुर्गा के रूप में प्रतिष्ठित सिद्धि देवी को समर्पित है। हर साल हजारों भक्त माता के दर्शन को आते हैं। सिद्धि देवी मां के बारे में मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से अपनी मनोकामना उनके समक्ष रखता है, उसकी सारी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं।

सिद्धपीठ मां महामाया मंदिर

कवर्धा के ग्राम डोंगरिया कला में स्थित सिद्धपीठ मां महामाया मंदिर एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यहां स्वयंभू भगवान शिवशक्ति परिवार की दिव्य प्रतिमा विराजमान है, जो जिले में कहीं और देखने को नहीं मिलती। यह मंदिर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के लिए एक आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां नवरात्रि में भीड़ जुटती है।

बंजारी माता मंदिर रायगढ़

रायगढ़ से 20 किमी दूर स्थित बंजारी माता मंदिर, छत्तीसगढ़ के सबसे प्रसिद्ध और पवित्र मंदिरों में से एक है। यह मंदिर देवी बंजारी को समर्पित है, जिन्हें बंजारा जाति के लोग अपनी कुल देवी मानते हैं। पिछले कई सालों से इस मंदिर ने श्रद्धालुओं की आस्था का एक प्रमुख केंद्र बनकर अपनी भव्यता और महत्व को बढ़ाया है।

दुर्ग का चंडी मंदिर

दुर्ग की आस्था का केंद्र चंडी मंदिर में मां चंडिका की पूजा कुंड स्वरूप में की जाती है। मान्यता है कि मां चंडी कुंड में विश्राम कर रहीं हैं। मंदिर पर लोगों की आस्था किसी शक्तिपीठ से कम नहीं है। लोगों की आस्था है कि यहां मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है। चंडी मंदिर को पुरातत्व विभाग ने करीब 2600 साल पुराना होने का अनुमान लगाया है।

मां चंडी देवी मंदिर, बिरकोनी

महासमुंद जिले के बिरकोनी गांव में स्थित मां चंडी देवी का मंदिर एक ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का स्थल है। यह मंदिर सिद्ध शक्ति पीठ के रूप में प्रसिद्ध है और यहां आने वाले श्रद्धालु हर साल नवरात्रि के दौरान भारी संख्या में अपनी मन्नतें मांगने पहुंचते हैं। यह मंदिर खास है क्योंकि इसे किसी ने स्थापित नहीं किया, बल्कि देवी चंडी ने खुद इस स्थान पर अपना वास स्थापित किया था। इस मंदिर में हर साल नवरात्रि के दौरान एक खास रौनक देखने को मिलती है, जब मंदिर के द्वार 24 घंटे श्रद्धालुओं के लिए खुले रहते हैं।

समलाई मंदिर सारंगढ़

सारंगढ़ जिले के गिरी विलास के पास स्थित समलाई मंदिर, एक प्राचीन धार्मिक स्थल है, जो करीब 800 वर्ष पुराना माना जाता है। इस मंदिर की विशेषता है कि यहां समलाई देवी की पूजा अर्चना की जाती है, जो कि सारंगढ़ की कुलदेवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी एक अमूल्य धरोहर के रूप में उभरता है। नवरात्रि के नौ दिनों में इस मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ता है। दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंचते हैं।

माँ चंद्रहासिनी देवी मंदिर

माँ चंद्रहासिनी का मंदिर छत्तीसगढ़ राज्य के जांजगीर चांपा जिले के चंद्रपुर में स्थित है। यह मंदिर महानदी नदी के तट पर एक छोटी सी पहाड़ी पर विराजित है और छत्तीसगढ़ के सबसे प्राचीन और प्रमुख मंदिरों में से एक माना जाता है। चंद्रहासिनी देवी के प्रति श्रद्धा रखने वाले भक्त यहां रोज़ाना पूजा अर्चना करते हैं, लेकिन विशेष रूप से नवरात्रि के दिनों में यह स्थान भक्तों से भर जाता है। मंदिर का वातावरण धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत है और यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है।

नाथल दाई मंदिर

नाथल दाई का मंदिर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित है, जो महानदी के बीच एक टापू पर बना हुआ है। इसे सरगुजहिन देवी का प्राचीन मंदिर भी कहा जाता है। यह मंदिर देवी नाथल दाई को समर्पित है, जो सरगुजा की राज देवी मानी जाती हैं। यह धार्मिक स्थल न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि अपने अद्वितीय स्थान और संरक्षण के कारण भी चर्चा में है। यहां हर साल दूर-दूर से भक्त मां नाथल दाई के दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। हरी-भरी प्राकृतिक वादियों और पवित्र वातावरण में स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए शांति और भक्ति का अनुभव कराता है।

बंजारी माता मंदिर

रायपुर का बंजारी माता मंदिर 500 साल पुराना है और बंजारा समाज की कुलदेवी मानी जाती हैं। यह मंदिर न केवल बंजारा समाज के लोगों का आस्था केंद्र है, बल्कि पूरे देश-विदेश से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। विशेष रूप से चैत्र और शारदीय नवरात्र में मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए जुटते हैं, जहां दीप प्रज्ज्वलन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। इस मंदिर में श्रद्धालु अपनी मन्नतें पूरी होने के बाद नारियल और चुनरी चढ़ाते हैं, और माता से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

रतनपुर महामाया देवी मंदिर

रतनपुर, जो छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित है, एक प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल है, जो देवी महामाया को समर्पित शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध है। यह मंदिर पूरे भारत में फैले 52 शक्तिपीठों में से एक है। यहां देवी महामाया की पूजा की जाती है, जिन्हें कोशलेश्वरी के नाम से भी जाना जाता है। रतनपुर की भौगोलिक स्थिति और यहां के मंदिरों और तालाबों की सुंदरता इसे एक धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करती है। यह नगर देवी महामाया के नाम से विख्यात है और न्यायधानी बिलासपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित है।

मरही माता मंदिर

मरही माता मंदिर, जो कि 101 साल पुराना है, छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। मरही माता मंदिर, जो भनवारटंक रेलवे स्टेशन के पास स्थित है, जंगल के बीच स्थित एक शांत और रमणीय स्थल है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है, जहां दूर-दूर तक सिर्फ घने जंगल ही नजर आते हैं। इस क्षेत्र का वातावरण हिल स्टेशन जैसा लगता है। हर साल नवरात्र के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, जो अपनी मन्नतें पूरी करने के लिए मंदिर आते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com